जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

▸▸ जयपुर, शनिवार, 25 जनवरी, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 267 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



रोजलिन के दावों के बीच हिना ने शेयर की तस्वीरें

पेज: 10

## न्यूज़ ब्रीफ

### महामंडलेश्वर बनीं ममता कुलकर्णी



**प्रयागराज।** 90 के दशक स्टार बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने आम जीवन को त्याग कर वैराग्य की ओर रूख कर लिया है। बताया जा रहा कि वे किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनने बन गई हैं। उन्होंने अपना पिंडदान कर दिया है, अब वे अपना जीवन वैरागी बनकर बिताएंगी।

### आईजीआई पर लाखों का सोना जब्त

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर निविया क्रीम के बॉक्स और टाइगर बाम की बोतलों के अंदर छुपाया गया 23.76 लाख रुपए का सोना जब्त किया गया है। शुक्रवार को कहा गया 21 जनवरी को रियाद से आने के बाद एक शख्स को शक के आधार पर रोका गया और उसकी तलाशी ली गई।

### अमूल दूध एक रुपए सस्ता

**मुंबई।** अमूल ने अपने दूध प्रोडक्ट की कीमतें घटाने का ऐलान कर दिया है। 26 जनवरी से इनकी कीमतों में एक रुपए की कटौती की गई है।

## भंडारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में धमाका

# आठ लोगों की मौत, सात गंभीर रूप से घायल




**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा में मौजूद सेना की हथियार फैक्ट्री में शुक्रवार की सुबह-सुबह धमाका हो गया। जिसमें 8 लोगों की मौत हो चुकी है। सात लोग गंभीर तौर पर घायल भी बताए जा रहे हैं। भंडारा की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में हुए धमाके से कहा जा रहा है कि छत गिर गई। जिसमें 13 से 14 लोगों के अब भी फंसे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है।

धमाका कितना जोरदार था, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जाना चाहिए की धमाके की आवाज करीब पांच किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री और नागपुर से सांसद नितिन गडकरी मामले पर नजर रख रहे हैं। भंडारा का ऑर्डिनेंस फैक्ट्री डबल बेस प्रोपेलेंट भी बनाता है। जिसे बैलिस्टाइट के रूप में भी जाना जाता है।

ये एक आधुनिक विस्फोटक है, जिसमें नाइट्रोग्लि-सरीन और नाइट्रोसेल्यूलोज होता है। ये दोनों चीजें बैलिस्टिक मिसाइल और दूसरे सेना के लिए जरूरी चीजों में इस्तेमाल के लिए आवश्यक होती हैं। भंडारा का ये ऑर्डिनेंस फैक्ट्री डबल-बेस रॉकेट प्रोपेलेंट भी बनाता है, जो रॉकेट के लिए जरूरी होता है। इसमें ईंधन और ऑक्सीडाइजर दोनों होते हैं, जो रॉकेट, मिसाइल के लिए काफी जरूरी होते हैं।

## एमपी के 17 धार्मिक शहरों में शराब बैन



**कैबिनेट बैठक में सीएम का फैसला**

**मोहन यादव ने बताएं शहरों के नाम**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने राज्य के 17 धार्मिक शहरों में शराबबंद का ऐलान कर दिया है। माहेश्वर में चल रही कैबिनेट में शराबबंदी के फैसले पर शुक्रवार को मुहर लगी है। इसके बाद उज्जैन, जबलपुर, मंदसौर समेत 17 शहरों में शराब पर पाबंदी लग जाएगी। इन शहरों में उज्जैन, ओंकारेश्वर, मैहर, खजुराहो, महेश्वर, ओरछा, सांची, नलखेड़ा, सलकनपुर, जबलपुर, मंदसौर आदि जिलों का नाम शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक में हिस्सा लेने से पहले ही इस बात की घोषणा कर दी थी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में सबसे महत्वपूर्ण फैसला शराबबंदी को लेकर किया जाएगा।

## सीएम शर्मा की बड़ी सौगात

# बारां में ईआरसीपी परियोजना के कार्यों को गति देने भूमि आवंटन को दी स्वीकृति

### रामगंजमण्डी में बालिका सैनिक विद्यालय के लिए भूमि आवंटन को मंजूरी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य में ईआरसीपी परियोजना (रामजल सेतु लिंक परियोजना) के कार्यों को गति प्रदान करने और बारां जिले में जनजाति बहुल क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भूमि आवंटन के महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं। सीएम शर्मा ने रीको को राजस्थान पेट्रोजोन की स्थापना के लिए भूमि आंवटन की स्वीकृति भी प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने बजट घोषणा 2024-25 के क्रम में कोटा संभाग में बालिका सैनिक विद्यालय की स्थापना के लिए कोटा जिले की रामगंजमण्डी तहसील में 22 हैक्टेयर भूमि का आंवटन स्कूल शिक्षा विभाग को करने की स्वीकृति प्रदान की ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### खनिज ब्लॉक की ई-नीलामी की अधिसूचना होगी जारी

# सीएम शर्मा ने दी ई-नीलामी की अनुमति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जैसलमेर, कोटा और सवाई माधोपुर जिलों में विभिन्न खनिज ब्लॉक की ई-नीलामी हेतु अधिसूचना जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इन लाईमस्टोन खनिज ब्लॉक्स एवं लेड-जिंक ब्लॉक की ई-नीलामी की अनुमति का अनुमोदन किया है। मुख्यमंत्री के अनुमोदन के उपरान्त अब जैसलमेर जिले में खनिज लाईमस्टोन के ब्लॉक पारेवार 960 हैक्टेयर क्षेत्र, पारेवार 928 हैक्टेयर क्षेत्र, पारेवार 960 हैक्टेयर क्षेत्र एवं पारेवार-ए (400 हैक्टेयर क्षेत्र), कोटा जिले में लाईमस्टोन के पूर्वेक्षित ब्लॉक निनामा-ढुनिया एक्सटेंशन (408.2974 हैक्टेयर क्षेत्र), जैसलमेर जिले में लाईमस्टोन के खाबिया (200.4766 हैक्टेयर क्षेत्र) एवं खाबिया ईस्ट ब्लॉक (205.9798 हैक्टेयर क्षेत्र) और सवाईमाधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा में लेड-जिंक ब्लॉक (984.5951 हैक्टेयर क्षेत्र) के कम्पोजिट लाइसेंस में ई-नीलामी की अधिसूचना जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन में समूचे देश में नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है। इसे देखते हुए ओडिशा के कोणार्क में हाल ही आयोजित नेशनल माइंस मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में वर्ष 2023-24 में देश में सर्वाधिक मेजर मिनरल ब्लॉक के ऑक्शन करने पर राजस्थान को प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।

पिछले एक साल में खनन क्षेत्र में खनिज खोज से लेकर माइनर एवं मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन, एमनेस्टी योजना, ड्रोन सर्वे और एकबारीय समाधान योजना, नई और प्रगतिशील खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति से प्रदेश में खनन उद्यमियों एवं खननकर्ताओं में निवेश का सकारात्मक माहौल पैदा हुआ है। राज्य सरकार के प्रयासों से गत वित्त वर्ष में खनन क्षेत्र में 7 हजार 460 करोड़ 48 लाख रूपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 31 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी की गई, जिनमें से वर्तमान राज्य सरकार के पहले तीन माह में ही 15 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी केन्द्र सरकार के पोर्टल के माध्यम से की गई। वर्तमान में प्रदेश में खनन क्षेत्र में लगभग 35 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है।

राज्य सरकार द्वारा राजस्थान खनिज नीति-2024 एवं एम-सेण्ड नीति-2024 लाकर महत्वपूर्ण नीतिगत सुधार किए गए हैं। इसके माध्यम से राज्य जीडीपी में खनन क्षेत्र की हिस्सेदारी को 3.4 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2029-30 तक 5 प्रतिशत और 2046-47 तक 8 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। साथ ही, इन नवाचारों से खनन क्षेत्र में रोजगार सृजन को भी गति मिलेगी।

# बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव पर ईडी का शिकंजा

**जयपुर-दौसा सहित चार शहरों में 10 ठिकानों पर छापेमारी**

**विधायक कोष के दुरूपयोग और खेल सामग्री की खरीद में अनियमितता का आरोप**

**दौसा में बलजीत यादव के करीबी के घर छापा**





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव पर अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कसा है। जयपुर के साथ ही अलवर, बहरोड़ और दौसा में बलजीत यादव के दस ठिकानों पर ईडी ने शुक्रवार सुबह छापेमारी की है। छापेमारी की कार्रवाई फिलहाल जारी है। जयपुर में अजमेर रोड पर ज्ञान विहार स्थित बलजीत यादव के घर पर ईडी की टीम पहुंची है। उनके घर के बाहर हथियारबंद सुरक्षाकर्मी तैनात हैं और भीतर ईडी के अधिकारी तलाशी ले रहे हैं। ईडी के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इसके साथ ही जयपुर में करीब सात अन्य ठिकानों पर भी ईडी की छापेमारी की जानकारी मिल रही है। जबकि अलवर, दौसा और बहरोड़ में भी उनके ठिकानों पर ईडी की अलग-अलग टीमें जांच में जुटी है। हालांकि, अभी ईडी की ओर से आधिकारिक बयान आना बाकी है। बलजीत यादव बहरोड़ से निर्दलीय विधायक रह चुके हैं। बलजीत यादव पर विधायक रहते विधायक कोष में अनियमितता और घटिया खेल सामग्री की ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

**खेल सामग्री आपूर्ति में गड़बड़ी का आरोप**

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया अनुमोदन

## नई जिला परिषदों का होगा गठन

### आमजन को मिलेगा नए जिलों का वास्तविक लाभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार नए जिलों में प्रशासनिक ढांचा तैयार करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन एवं अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने नई जिला परिषदों के गठन एवं प्रभावित जिला परिषदों के पुर्नगठन से संबंधित कार्यवाही के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। प्रस्ताव के अनुसार, राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम के तहत संबंधित जिलों (8 नए जिले एवं 12 प्रभावित जिले) के जिला कलक्टर पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों के आधार पर जिला परिषद के गठन एवं पुनर्गठन का प्रस्ताव तैयार करेंगे। साथ ही, इससे प्रभावित पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों के नवसृजन एवं पुनर्गठन के प्रस्ताव भी तैयार किए जाएंगे। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर




### महाराष्ट्र में बस-ऑटो-टैक्सी का किराया बढ़ा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में राज्य सरकार ने सड़क परिवहन के किराए में बढ़ोत्तरी करने वाले प्रस्ताव को मंजूदी दे दी है। इस प्रस्ताव को राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में लिया गया है। बसों में किराए की बढ़ोत्तरी को 24 जनवरी से ही लागू किया जाएगा जबकि ऑटो और टैक्सी के किराए की बढ़ोत्तरी को एक फरवरी से लागू किया जाएगा। इससे अनुमान है कि परिवहन को हर दिन जो नुकसान हो रहा है उसकी भरपाई हो सकेगी। महाराष्ट्र में परिवहन प्राधिकरण की लंबे वक्त बाद बैठक हुई है। जिसमें किराए की बढ़ोत्तरी को लेकर फैसला लिया गया है।

## बीकानेर में हादसा: बस और कार की टक्कर

# मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बीकानेर।** जिले के श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर कितासर गांव के पास शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में मां-बेटी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी जितेंद्र स्वामी मौके पर पहुंचे।थानाधिकारी जितेंद्र स्वामी ने बताया कि बीकानेर से जयपुर जा रही निजी ट्रेवल्सकी बस और राजलदेसर से सामने से आ रही कार की आमने-सामने की टक्कर के चलते यह घटना हुई।

घटना में कार चालक आरिफ के साथ ही कार में सवार मां बेटी की भी मौत गई। घटना में कार में सवार बाला कंवर और बुली कंवर मां बेटी थी। आमने-सामने हुई टक्कर के चलते बस को भी नुकसान हुआ। हादसे के बाद बस में सवार सवारियों को बाहर निकाल कर दूसरे साधन से रवाना किया गया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# आज सभी क्षेत्रों में बेटियां लहरा रही है अपना परचम : डॉ. धर्म सिंह मीणा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ द्वारा नगर परिषद सभागार धौलपुर में राष्ट्रीय बालिका का दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां शक्ति स्वरुपा है। आज सभी क्षेत्रों में बेटियां अपना परचम लहरा रही है। जब हम बेटा बेटी में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे तब ही सही अर्थों में बालिका दिवस का आयोजन की सार्थकता सिद्ध होगी । इस दौरान उन्होंने द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित मुखबिर योजना के बारे में बताते हुए कहा की भ्रूण लिंग परीक्षण की सूचना देने वाले व्यक्ति को 3 लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाती हैं। आपको कहीं पर भी भ्रूण लिंग परीक्षण की जानकारी मिलती है तो उसे गोपनीय रूप से हमें सूचित करें बताने वाले का नाम उजागर नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शिवकुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में बेटियों के स्वास्थ्य संबंधी एवं राज्य सरकार द्वारा बेटियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने कहा कि बेटियों को भी बेटों के बराबर अवसर प्रदान करने बेटियां भी बेटों के समान घर परिवार का नाम रोशन करती हैं। जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी पंकज शुक्ला ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम की प्रावधानों के बारे में बताया। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर नृत्य नाटिका का मंचन किया। कार्यक्रम के दौरान वर्ष शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीना द्वारा स कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान कैलेंडर विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं की बालिकाएं और अभिभावक मौजूद रहे।

### उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना में आक्षेप व अन्य कारणों से लंबित आवेदन पत्रों की जल्द करें आक्षेप पूर्ति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में विद्यार्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए ऑनलाईन आवेदन पत्रों का पूर्ण निस्तारण विद्यार्थियों के स्तर पर आक्षेप व अन्य कारणों से लंबित आवेदन पत्रों की आक्षेप पूर्ति कर शिक्षण संस्थान को ऑनलाईन फारवर्ड करने की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गयी है एवं शिक्षण संस्थाओं को विद्यार्थियों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों की जांच कर पात्र आवेदन पत्रों को स्वीकृतकर्ता अधिकारी तक ऑनलाइन फॉरवर्ड करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2025 निर्धारित की गयी है।

## बालिकाओं को किया सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** भारत सरकार के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने व राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन पेंशन कल्याण भवन में किया गया। इस मौके पर जिला प्रमुख वंदना ने कहा कि आज के युग में बेटिया भी किसी से कम नहीं है। हमें बेटियों को आगे बढाने के लिए उन्हे शिक्षित करना होगा। बेटियों को समय समय पर प्रोत्साहित करना होगा जिससे ये आगे जाकर अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर सके। मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने कहा कि एक बेटी पढ लिखकर दो घरों का नाम रोशन करती है। अभिभावकों को अपनी बेटियों को पढने के लिए शाला के मंदिर में भेजना होगा। जिससे बालिका शिक्षित बनें। आज के युग में बेटिया शिक्षा के साथ साथ खेल क्षेत्र में भाग लेकर देश का नाम रोशन कर रही है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नरेन्द्र सिंह शेखावत, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक जय प्रकाश, सुपरवाईजर कृष्णा आदि ने बालिकाओं, महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशासहोगनियों आदि का आभार व्यक्त किया। मंचस्थ अतिथियों ने 40 प्रतिभागियों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रेम कुमारी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की रंगोली बनाई। कार्यक्रम में ज्ञानप्रकाश गोदारा, अंकित सैनी, भूपेन्द्र सिंह, अभिषेक चौधरी, संजु प्रजापत, संदीप भाम्बू, पूनम कँवर, मंजू, सुमन, रोशनी आदि ने भूमिका निभाई। संचालन महिला एवं बाल विकास सुपरवाइजर ज्योति वर्मा ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आरएसी मैदान में होगा आयोजित, जिला कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह रविवार 26 जनवरी को आरएसी मैदान में हर्षोल्लास पूर्वक आयोजित किया जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा प्रातः 9.15 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रीय गान, 9.25 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण तथा मार्च पास्ट, 9.35 बजे राज्यपाल के सन्देश का पठन, 10 बजे पारितोषिक वितरण, 10.20 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम व पीटी प्रदर्शन, 10.40 बजे झांकियों का प्रदर्शन एवं 11:15 बजे राष्ट्रगान ध्वनि के साथ समारोह का समापन होगा। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रातः 8:45 बजे जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।

### बिना प्रीमियम दिए पशुओं का 40 हजार रुपये का बीमा होगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले के पशुपालक मंगला पशु बीमा योजना के तहत अपने पशुओं का 40 हजार रुपये तक की राशि का निशुल्क बीमा 31 जनवरी तक करवा सकते हैं। योजना के तहत गाय, भैंस व ऊँट की प्रति पशु अधिकतम 40 हजार रुपये बीमा राशि निर्धारित की गई है। वहीं भेड़ बकरियों के लिए प्रति यूनिट यानी 10 पशुओं की राशि 40 हजार रुपये तय की गई है। यह बीमा केवल एक साल के लिये वैध रहेगा। योजना के तहत पशुपालकों को कोई भी प्रीमियम राशि नहीं देनी है। पशु की मौत होने पर पशुपालक को अर्थिक संकट झेलना पड़ता है। पशु की मृत्यु पर 40 हजार रूपए तक का मुआवजा देय होगा। पशुपालक जनआधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाइल के साथ ई-मित्र व मोबाइल एप एमएम पीवीवाई पर खुद बीमा कर सकते हैं।

### राजकीय मेडिकल कॉलेज में केडेवरिक ऑथ सेरेमनी का हुआ आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष बैच के केडेवरिक ऑथ सेरेमनी का आयोजन महाविद्यालय के एनाटोमी विभाग में शुक्रवार को प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा केडेवर डोनेशन की महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों को केडेवर की उपयोगिता के बारे में बताया। डॉ. संतोष कुमार विभागाध्यक्ष एनाटोमी विभाग द्वारा विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई तथा कहा कि केडेवर एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए प्रथम शिक्षक एवं ईश्वर की तरह होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी आगे केडेवर पर ही शोध कर अध्ययन करते हैं। प्रधानाचार्य द्वारा सभी उपस्थित विद्यार्थियों से अपील की गई कि केडेवर पर ध्यानपूर्वक डिसेक्शन का कार्य करें तथा अच्छी तरह सीख कर एक योग्य डॉक्टर बन भविष्य में देश की सेवा करें। उन्होंने कहा कि आमजन को बॉडी डोनेशन के लिए प्रेरित करें जिससे विद्यार्थियों को पर्याप्त मात्रा में अध्ययन हेतु केडेवर उपलब्ध हो सकें। इस मौके पर डॉ. माधुरी गुप्ता, डॉ. हेमलता गुप्ता, डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### राधा सैनी बनीं एक दिन की जैन स्कूल की प्रिंसिपल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर चूरू के जैन स्कूल में बालिका प्रोत्साहन के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधालय की व्याख्याता सपना शर्मा ने बालिका सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसी समय संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद जागिङ ने विधालय की छात्रा राधा सैनी को एक दिन की प्रिंसिपल मनोनीत कर दिन भर का कार्य भार सौंपा। मनोनीत संस्था प्रधान राधा ने छात्रों व छात्राओं को एक दूसरे का सम्मान करने व अब परीक्षा में जुट जाने का संदेश दिया तथा कार्यकारिणी सदस्य अजय शर्मा,उपप्रधानाचार्य व विजयकुमार शर्मा के साथ कक्षाओ का निरीक्षण किया, सफाई व्यवस्था देखी,सहयोगी विधार्थियों की समस्या समाधान का सत्र आयोजित किया।

### महनसरिया का जन्म दिवस मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया के जन्म दिवस पर गुरुवार को देर रात्रि तक अनेक स्थानों पर केक काट कर साल साफा माला मोमटो से स्वागत किया गया, वार्ड नंबर 13, में अयुब खा मलवाण, इदरीश खा मलवान, सलीम खा डीलर, लियाकत कुरैशी, युसूफ प्रधान, मनोज सैनी, वार्ड नंबर 56 में राजकुमार सारस्वत, हितेश सारस्वत, पार्षद प्रवीण वैध, पूर्व पार्षद ताराचंद बाढिया, पार्षद विजय कुमार सरस्वत, कालूराम महर्षि राजीव बहड, संदीप पाटिल, अरुण शर्मा मास्टर, राम अवतार लोहिया, रेलवे स्टेशन के सामने इदरीश खा दौलत खानी, इदु फतेह खानी, पूर्व पार्षद मनीष आबिद खा मोइल, मनीष कुमावत, मोहन ट्रेलर, जयचंद मेघवाल, पूर्व उप जिला प्रमुख सोहनलाल मेघवाल, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अबरार खान, सरवन बसेर, पार्षद बाबू खा मंत्री, पूर्व पार्षद सत्यनारायण बाकोलिया, सोइल डी के, महबूब कुरैशी सहित अनेक जनो ने महनसरिया का साल व साफे से स्वागत किया।

## विद्यार्थियों ने की एक्सपोजर विजिट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** भारत सरकार के स्टार प्रोजेक्ट के तहत शिक्षा विभाग राजस्थान की ओर से जागृति आंगन कार्यक्रम के तहत चयनित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जान्दवा में सुजानगढ़, बीदासर और रतनगढ़ ब्लॉक के कुल 60 विद्यार्थियों की एक्सपोजर विजिट आयोजित की गई। कार्यकन का शुभारम्भ सीबीईओ रतनगढ़ उमेश जाखड़ ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सीबीईओ रतनगढ़ उमेश जाखड ने कहा कि जागृति आंगन कार्यक्रम से तीनों ब्लॉक के विद्यार्थियों के मध्य परस्पर संवाद और नवाचारों की जानकारी से उनके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। इस अवसर पर जागृति आंगन विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन सोनी बताया कि विद्यालय में जल संरक्षण के लिए नवाचार किये गये हैं तथा बुद बूंद सिंचाई से पेड़ पौधों में सिंचाई की जाती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता और अकादमिक गतिविधि अनवरत गतिशील रहती है जिसके कारण विद्यालय ब्लॉक में अपना अलग ही स्थान रखता है। इस अवसर पर सीबीईओ कार्यालय से महावीर सिंह सारण, नन्दलाल स्वामी, शुभकरण शर्मा व अंजु चौहान, सुजला, सरिता, राजपाल सिंह आयोजक विद्यालय का समस्त स्टाफव ग्राम जान्दवा के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**चूरू।** बालिका महाविद्यालय में नूपुर 2024-25 के दूसरे दिन का शुभारम्भ संगीत की मधुर स्वर लहरी के साथ एकल गायन प्रतियोगिता से हुआ। जिसमें छात्राओं नेहा तंवर, मानवी शर्मा, वंषिका शर्मा ने सत्यम्, षिवम्, सुन्दरम् मन बड़ा बहरूपिया........ आदि गीतों पर अपनी प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में सचिव भागीरथ शर्मा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई दी। प्राचार्य आषा कोठारी ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विजेता प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की। कार्यक्रम के अगले चरण में विचित्र वेषभूषा प्रतिभागियों में छात्राओं ने अलग-अलग रूप में अपनी अनोखी प्रस्तुतियां दिखाई। प्रतियोगिता में छात्रा ललिता प्रजापत ने प्रथम, लवली सोनी ने द्वितीय तथा नित्या शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लय-ताल के संगम के साथ युगल-नृत्य प्रतियोगिता हुई। वो कृष्णा है...., राधा कैसे ने जले.....,आयो रे आयो रे म्हारा ढोलना आदि गीतों पर छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुती दी। प्रतियोगिता में छात्रा माधवी शर्मा, मानवी शर्मा ने प्रथम, नेहा कुमारी, वंषिका शर्मा ने द्वितीय, पुनीता आसेरी, नन्दनी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विविध रंगों से सजी रंगोली प्रतियोगिता में छात्रा जानवी रक्षक, माही वर्मा, मुस्कान क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। इसी क्रम में छात्राओं ने मेहन्दी प्रतियोगिता में अपना कला-कौषल उभारा। जिसमें छात्रा रीना ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय तथा रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका सहायक आचार्य कविता पंसारी, रवीन्द्र लाटा, डॉ. मन्सूर अली खान, सुषीला नाई, उमा भाटी, मुकेष बालान आदि ने निभाई।

## 25वें रजत जयंती बसंतोत्सव पर मंगल पाठ में झूमे श्रद्धालु



**चूरू।** अखिल भारतीय माँ टीडा गेला बसंतोत्सव परिवार की ओर से टीडा गेला दादी के 25वें अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत शुक्रवार को दादी का भव्य मंगल पाठ किया गया। पाठ का वाचन अकोला की नेतल शर्मा ने किया। इस दौरान कोलकाता के बंगाली कलाकारों ने सिंदूर खेला की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान उपस्थित महिला शक्ति ने अपने मस्तिष्क पर सुहाग के प्रतीक दादी का पवित्र सिंदूर लगाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर कलाकारों द्वारा दी गई मां अंबे की प्रस्तुति सभी के आकर्षण का केन्द्र रही। पाठ के अन्तर्गत राजस्थान के सभी देवी-देवताओं का प्रस्तुतियों के माध्यम से गुणगान किया गया। पाठ के दौरान श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गये। मंगल पाठ के बाद दादी की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## 1900 बच्चों को दिया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा स्कूली छात्रों के बीच प्राथमिक उपचार के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आरएसी मैदान में आयोजित शिविर में पांच दर्जन से अधिक विद्यालयों के लगभग 1900 छात्रों ने भागीदारी निभाई। प्राथमिक उपचार शिविर में विषय विशेषज्ञ डॉक्टर प्रज्ञा दीप वर्मा ने बताया कि सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन है। यह एक इमरजेंसी जीवन रक्षक प्रक्रिया है। इसका इस्तेमाल तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल रुक जाए। सीपीआर से दिल का दौरा पड़ने की स्थिति में किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि पीआर एक प्राथमिक चिकित्सा है, सीपीआर में मरीज के सीने को दबाया जाता है और मुंह से मुंह में सांस दी जाती है। कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में शुरुआती 3 से 10 मिनट बहुत अहम होते हैं। अगर कार्डियक अरेस्ट की स्थिति 5 मिनट से ज्यादा समय तक बनी रहे, तो मस्तिष्क को नुकसान हो सकता है। अगर कार्डियक अरेस्ट की स्थिति 8 मिनट से ज़्यादा समय तक बनी रहे, तो मौत हो सकती है। सीपीआर ट्रेनिंग लेने से किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से छात्रों को जानकारी उपलब्ध कराई और उन्हें प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया। स्कूली छात्रों के बीच प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण का आयोजन रखा गया जिससे छात्रों को इसके बारे में जानकारी मिल सके और वह अपने परिचितों की परवाह करें, और जरूरत पड़ने पर प्राथमिक उपचार के सहायता से उनकी जान बचाई जा सके।

## विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनसाहस संस्था के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मीटिंग हॉल में किया गया। कार्यशाला का आयोजन मुख्य अतिथि स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष सुरेश प्रकाश भट्ट, विशिष्ट अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव की अध्यक्षता में नालसा योजना 2024, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं राष्ट्रीय अभियान (बालिका दिवस) एवं महिला एवं बच्चों पर होने वाले लैंगिक हिंसा की रोकथाम एवं माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के प्रकरण सुप्रिया चक्रवर्ती बनाम भारत संघ सिविल रिट पीटिशन 1011/2022 के संबंध में समलैंगिक जोड़ों के अधिकारों हेतु दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।कार्यशाला में जिला कलक्टर द्वारा उपस्थित लोगों को बालिका दिवस पर बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा के अधिकार तथा महिला एवं बच्चों पर होने वाली लैंगिक हिंसा के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों को बालिका दिवस पर बालिकाओं के बचाव के उपाय तथा नालसा मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवा योजना 2024 के बारे में बताया गया। सुरेश प्रकाश भट्ट द्वारा उपस्थित लोगों को बालिका दिवस पर बालिकाओं लिए शिक्षा की महत्ता एवं आत्मरक्षा तथा पुलिस की कार्यवाही के बारे में बताया। सचिव रेखा यादव द्वारा उपस्थित लोगों को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ताल्लुका विधिक सेवा समिति आदि के कार्य के बारे मे एवं माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के प्रकरण सुप्रिया चक्रवर्ती बनाम भारत संघ सिविल रिट पीटिशन 1011/2022 के संबंध में समलैंगिक जोड़ों के अधिकारों के बारे मे तथा बालिका दिवस पर बालिकाओ के अधिकारो के बारे मे एवं महिला एवं बच्चों पर होने वाले लैंगिक हिंसा की रोकथाम के बारे मे बताया गया। जन साहस संस्था महिला और बच्चों के साथ होने वाले लैगिंक हिसा की रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य पर कार्य करती है एवं किसी महिला या बच्चे के साथ लैगिंक हिंसा हो तो वह हैल्प लाईन नम्बर 180030002852 पर कॉल करके बता सकते है। उनहोंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य क्या होता है, मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण को कैसे पहचाना जाता है, हिंसा से मानसिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पडता है।

## मंदिर में श्रद्धालुओं ने की महाआरती



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** श्रीराम मंदिर में श्रीरूकमानन्द कन्हैयालाल मंडावेवाला चेरिटेबल ट्रस्ट शिलांग की ओर से श्रीराम मन्दिर के वार्षिकोत्सव पर श्रद्धालुओं ने महाआरती कर भगवान श्रीराम को रिझाया। इस अवसर पर पं.फुसाराम व पं.मुकेश ने मंदिर के मुख्य ट्रस्टी शिलोंग निवासी जगदीश प्रसाद मंडावेवाला ने सपत्नीक को मंत्रोच्चारण से विधिवत रूप से भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना करवाई। शिलोंग निवासी जगदीश प्रसाद मण्डावेवाला ने कहा कि भगवान की भक्ति करने से मनुष्य के जीवन में सफलता मिलती है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को भगवान की पूजा करनी चाहिए। जिससे मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। इस दौरान विनोद कुमार व प्रमोद कुमार मंडावेवाला ने बताया कि मंदिर के 41 वें वार्षिकोत्सव पर पाटोत्सव पर श्रद्धालुओं की ओर से मंगल आरती कर प्रसाद ग्रहण किया।

### वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय का 17वां दीक्षांत समारोह आयोजित

# विद्यार्थी विकसित भारत का संकल्प साकार करें : राज्यपाल बागडे





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षित विद्यार्थी अर्जित ज्ञान का नैतिकता और विवेकशीलता के साथ उपयोग कर लोक कल्याण के लिए समर्पित रहें। निरंतर बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के प्रयास करें। हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा जीवन पथ का आलोक है, उससे प्रेरणा लेते हुए अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ें और विकसित भारत के संकल्प को साकार करें।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे शुक्रवार को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत की परंपरा जीवन का एक नया अध्याय है जिसमें विद्यार्थी को ज्ञान के सागर में उतरकर अनेक नवाचार करने होंगे और देश व समाज के उत्तरदायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं, कौशल और बौद्धिक क्षमता का संवर्धन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, ऐसा कर्म करो कि आपकी पहचान बन जाए। हर कदम ऐसा रखो कि निशान बन जाए। भगवान महावीर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए ऐसा जीवन जीयो कि कर्तव्य पथ से कोई आपको डिगा ना सके, कोई आपकी तपस्या भंग ना कर सके। उन्होंने गुरुजनों का भी आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान भंडार को विद्यार्थियों को हस्तांतरित करें, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास हों। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति जो 400 कुलपतियों, 1000 शिक्षाविदों और 1400 विषय विशेषज्ञों के सानिध्य में तैयार की गई है, इसके उत्कृष्ट परिणाम आने वाले समय में परिलक्षित होंगे। यह शिक्षा नीति देश, समाज और हर नागरिक के लिए उपयोगी होगी। यह सिर्फ लिखना, पढ़ना, सिखाने के बजाय जीवन कैसा हो, यह सिखाएगी।

दीक्षांत अतिथि गुरूनानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर के कुलपति प्रो. करमजीत सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का आह्वान किया कि अर्जित ज्ञान और परिश्रम के साथ लक्ष्य प्राप्ति में जुट जाएं और समाज को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए जीवन लगा दें। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी ने कहा कि दीक्षित विद्यार्थी समय का मूल्य समझते हुए, समय के साथ चलने और उद्यमिता के पथ पर बढ़ने में रूचि लें। स्वदेशी चिंतन और सोच के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए उपलब्धियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। कुलसचिव सरिता ने आभार व्यक्त किया।

# देवनानी की पहल पर विधान सभा में राष्ट्रीय पर्यावरण पर दो दिवसीय युवा संसद

### देवनानी ने कहा पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा के साथ क्रियान्विति के लिये ब्लू प्रिंट तैयार करें

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को राष्ट्रीय पर्यावरण पर दो दिवसीय युवा संसद आरंभ हुई। देवनानी ने देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये दो सौ से अधिक युवाओं के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय पर्यावरण विषय पर आयोजित युवा संसद का शुभारम्भ किया। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने युवाओं का आवहान किया कि सभी को मिल-जुल कर एक स्वस्थ, सुरक्षित और हरित भविष्य की दिशा में कदम बढाने होगें। इसके लिये देश का भविष्य और वर्तमान युवा को दृढ़ संकल्प के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रतिबद्व होकर कार्य करने होंगे। उन्होने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के लिये प्रत्येक व्यक्ति को अपना दायित्व समझना होगा और सजग रहकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी निभाना होगा। तकनीकी ज्ञान के साथ पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की हर बूंद के उपयोग का प्रयास करना होगा। देवनानी ने युवाओं से कहा कि पर्यावरण संरक्षण पर राजस्थान विधान सभा के सदन में चर्चा के साथ क्रियान्विति के लिये ब्लू प्रिंट आवश्यक रूप से तैयार करें।





**औघोगिकीकरण एवं वैज्ञानिक नवाचारों के साथ जल, प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों से हमें प्रेम करना होगा:-** विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने शुक्रवार को यहां विधान सभा सदन में राष्ट्र मंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण पर दो दिवसीय युवा संसद को संबोधित करते हुये कहा कि जल, प्रकृति और प्राकृतिक संसाधन हैं तो मानव जीवन है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव और धरती का अस्तित्व बना रहेगा। देवनानी ने कहा कि औघोगिकीकरण एवं वैज्ञानिक नवाचारों के साथ जल, प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों से हमें प्रेम करना होगा। इसी से हमारे स्वयं के साथ समाज व देश का सुव्यवस्थित विकास हो सकेगा। देवनानी ने आकाशो-शांति, पृथ्वी-शांति, अंतरिक्ष-शांति और सभी जीव जगत की शांति के लिये प्रार्थना करते हुये कहा कि पर्यावरण विषय के इस युवा संसद का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति चेतना बढ़ाना है साथ ही प्राकृतिक संसाधनों एवं पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति भी जागरूकता और संवेदनशीलता के साथ हमें अपनी मानवीय जिम्मेदारियों पर समझ बढानी होगी।

**भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण के वैज्ञानिक दृष्टिकोण:-** देवनानी ने कहा कि पर्यावरण के प्रति भारतीय संस्कृति सदैव से ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखती आयी है। भारतीय दर्शन में संतुलन और सद्भाव की अवधारणा के साथ पशुओं के प्रति अहिंसा और करूणा का भाव है। उन्होनें कहा कि प्राचीनकाल से ही भारतीय संस्कृति में जल और पेडों के संरक्षण के अनेक उपाय बताये जाते रहे है। सिंधु घाटी सभ्यता नदी किनारे विकसित हुई जिसने जल निकास व्यवस्था का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। राजस्थान में सार्वजनिक तालाब, खड़ीन, झालरा, कुंए, बावडी आदि अनेक जल संचयन की तकनीकी विधियां आज भी विद्यमान है, जिनसे मरूस्थल को भी जैव समृद्धता मिलती है।

**राष्ट्र में चल रहे है पर्यावरण संरक्षण के अनेक अभियान, युवाओं से किया जुडने का आवहान:-** देवनानी ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सौर, पवन और जल ऊर्जा के विकल्पों को बढ़ावा देने के लिये देश में चलाये जा रहे जल सहेली, स्वच्छ भारत, एक पेड़ मां के नाम, टिकाऊ जल प्रबंधन जैसे अनेक अभियानों का जिक्र करते हुये कहा कि ऐसे प्रयासों से राष्ट्र सतत् विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्व है। उन्होने युवाओं को इन कार्यक्रमों से दृढ़ संकल्प के साथ जुड़ कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा एवं ईमनादारी के साथ निर्वहन करने के लिये कहा।

**नेशनल इन्वायरमेंट यूथ पार्लियामेंट का आयोजन ऐतिहासिक:-** राष्ट्र मंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के सचिव संदीप शर्मा ने कहा कि राजस्थान विधान सभा के सदन में नेशनल इन्वायरमेंट यूथ पार्लियामेंट का आयोजन ऐतिहासिक है। युवा शक्ति को लोकतंत्र से जोडने के लिये विधान सभा के पवित्र सदन में युवाओं को बैठने का गौरवशाली अवसर मिला है। युवा संसद का यह मंच पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझने के साथ हमारे विचारों, प्रयासों और संकल्पों का साझा माध्यम भी बनेगा। राष्ट्र मंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा द्वारा विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के नेतृत्व में ऐसे नवप्रयोग किये जा रहे है। उन्होने कहा पर्यावरण संकट केवल एक देश का मुद्दा नहीं है बल्कि संपूर्ण मानवता का साझा दायित्व है। समाज की रीढ़ युवा शक्ति को इसके लिये तत्परता से बदलाव और प्रतिबद्धता के साथ सतत् भविष्य को सशक्त करने की जरूरत है।

# निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ने 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में दिलवाई मतदाता शपथ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ पी बुनकर ने शुक्रवार को जयपुर में समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलवाई। निदेशक बुनकर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य के सभी राजकीय विभागों में शुक्रवार 24 जनवरी, 2025 को प्रात: 11:00 बजे मतदाता शपथ दिलवाई जाने हेतु मुख्य सचिव राजस्थान सरकार से निर्देश प्राप्त हुए है। जिससे लोकतंत्र में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। निदेशक ने बताया कि निर्वाचन विभाग की ओर से प्रेषित प्रारूप अनुसार समस्त कार्मिकों को मतदाता शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक मेघराज सिंह मीणा, अनुपमा टेलर, वित्तीय सलाहकार पदमचंद, उपनिदेशक बनवारी सिनसिनवार, डॉ. मंजू यादव सहित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# शासन सचिव, कृषि ने कृषि उपज मण्ड़ी मुहाना का किया निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल ने शुक्रवार को कृषि उपज मण्ड़ी समिति फल सब्जी, मुहाना का भ्रमण कर मण्ड़ी कार्यालय, मण्ड़ी व्यवस्थाओं, सार्वजनिक सुविधाओं, आधारभूत संरचनाओं, विकास कार्यो एवं अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया। शासन सचिव ने मण्ड़ी कार्यालय का निरीक्षण कर नियमन एवं ई-नाम व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही मण्ड़ी प्रवेश पत्र, मण्ड़ी समिति द्वारा बही प्रमाणीकरण, कृषक कल्याण शुल्क जमा करवाने आदि प्रक्रियाओं की जानकारी मण्ड़ी प्रशासन से ली। उन्होंने मण्ड़ी प्रांगण में वाहनों के आवागमन, पार्किंग व्यवस्था, फल सब्जी नियमन व्यवस्था, फुटकर व्यवसाय, थड़ी ठेला व्यवसायियों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मण्ड़ी में साफ-सफाई, रोशनी एवं पेयजल आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सुविधाऐं बेहतर रखने हेतु मण्ड़ी अधिकारियों को निर्देशित किया। मण्ड़ी प्रांगण में आने वाले कृषकों, हम्मालों एवं पल्लेदारों हेतु शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्वक भोजन उपलब्ध कराने के लिए मण्ड़ी यार्ड में निर्मित पालना गृह में केन्टिन की सुविधा विकसित करने हेतु मण्ड़ी समिति को कार्य योजना प्रस्तुत करने को कहा।



शासन सचिव ने मण्ड़ी में कचरा संयंत्र स्थापना हेतु सीएसआईआर मॉडल का अध्ययन कर मण्ड़ी हेतु कार्य योजना तैयार करने के लिए उपस्थित अभियंताओं को निर्देशित किया। उन्होंने मण्ड़ी प्रागंण में स्थित अन्नपूर्णा रसोई की व्यवस्थाओं एवं भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण कर मण्ड़ी में आने वाले कृषकों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए कहा। इस दौरान प्रशासक मण्ड़ी (मुहाना) रविन्द्र कुमार शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग महिपाल सिंह, मण्ड़ी सचिव मोहन लाल जाट एवं अतिरिक्त मण्ड़ी सचिव दिलीप सिंह मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 27 जनवरी को होगी साधारण सभा (प्रथम बोर्ड) की सप्तम बैठक

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर की साधारण सभा (प्रथम बोर्ड) की सप्तम बैठक 27 जनवरी 2025 को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित की जायेगी। यह बैठक महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में दोपहर 1 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक के आयोजन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने देश के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 25 जनवरी पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल बागडे ने कहा है कि लोकतंत्र में मतदाता ही राष्ट्र का भाग्य विधाता होता है। उन्होंने मतदाता दिवस को मतदान जागरूकता पर्व बताते हुए कहा कि इस दिन हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि मतदान से कोई पात्र वंचित नहीं रहे। लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए शत प्रतिशत मतदान जरूरी है। मतदान दिवस इसी सोच के लिए हमें जागरूक करता है। उन्होंने प्रदेश में सभी पात्र युवाओं से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने, मतदान जागरूकता के लिए वातावरण निर्माण करने का आह्वान किया है।

### मतदान की भावना विकसित करने का अनुपम प्रयास है मतदाता दिवस : देवनानी

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। देवनानी ने कहा है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोगों में मतदान के प्रति भावना विकसित करने का अनुपम प्रयास है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता को मतदान करने का अधिकार है। प्रदेश के सभी मतदाताओं को लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना उत्कृष्ट योगदान देना चाहिए। देवनानी ने युवा मतदाताओं से आव्हान किया कि वे देश में लोकतंत्र को सुदृढ करने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। सभी मतदाताओं की भागीदारी से ही लोकतंत्र की वास्तविक संकल्पना को साकार किया जा सकता है। लोकतंत्र का उत्सव मतदाताओं की भागीदारी से ही सफल होता है।

# वित्त समिति की मैराथन बजट समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ई.सी. मीटिंग हॉल में शुक्रवार को वित्त समिति की मैराथन बजट समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजस्व वृद्धि, आय प्राप्ति, अब तक विभिन्न शाखाओं द्वारा किये गये कार्यो एवं आगामी बजट में लिये जाने वाले प्रावधानों पर चर्चा की गई। बैठक में चैयरमेन एवं पार्षद लक्ष्मण नूनीवाल, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, भंवर लाल मालाकार, सुमन गुप्ता, अक्षत खूंटेटा, बाबूलाल शर्मा, वित्तीय सलाहकार, उपायुक्त गैराज, उपायुक्त उद्यान, अधीक्षण अभियन्ता सहित अधिकारी मौजूद रहे। शुक्रवार को विद्युत शाखा, गैराज शाखा, उद्यान शाखा, सतर्कता शाखा, राजस्व प्रथम शाखा, आयोजना शाखा, प्रोजेक्ट शाखाओं की बैठक ली गई। जिसमें अभी तक किये गये कार्यो के बारे में विस्तृत चर्चा की गई तथा आगामी बजट के लिये भी सुझाव लिये गये। बैठक में नगरीय विकास कर, विज्ञापन शुल्क वसूलने, पार्को के उचित संधारण, टूटे हुये उपकरणों को ठीक करने, सुलभ शौचालयों की नियमित साफ-सफाई करने, पेचवर्क, सड़कों के गडड्े ठीक करने, अवैध थड़ी ठेले हटवाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये।

### नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम ने कार्यवाही कर 8 केन्टर सामान किया जब्त

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में बी-2 बाईपास द्वारकादास पार्क मध्यम मार्ग से विजय पथ मानसरोवर चौराहा तक, थड़ी मार्केट अग्रवाल फार्म मानसरोवर एवं विवेकानन्द पार्क गोपालपुरा से से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 08 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में बी-2 बाईपास द्वारकादास पार्क मध्यम मार्ग से विजय पथ मानसरोवर चौराहा तक, थड़ी मार्केट अग्रवाल फार्म मानसरोवर एवं विवेकानन्द पार्क गोपालपुरा से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 08 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई शपथ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** 15वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर शुक्रवार को नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने नगर निगम ग्रेटर के अधिकारियों, कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलवाई। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने कार्मिकों को लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनायें रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा, अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलवायी।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# सुओमोटो के तहत सड़क सीमा से हटाए अतिक्रमण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-पीआरएन-नोर्थ में सुओमोटो के तहत आदर्श कॉलोनी मे रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। गोकुलपुरा, आनन्द नगर में रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित आदर्श कॉलोनी मे रोड़ सीमा में करीब 12 स्थानों पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाये गये चबूतरे, बाउण्ड्रीवाल लगाये गये लोहे के एंगल, जालियां/दीवारों से निर्मित एनक्लोज़र इत्यादि किये गये अतिक्रमणों के संबंध में अतिक्रमणकर्ताओं को सुओमोटो के तहत नोटिस जारी कर मुनादी की गई एवं अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया परन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा शुक्रवार 24 जनवरी, 2025 को जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गोकुलपुरा, आनन्द नगर मे रोड़ सीमा पर कब्जा-अतिक्रमण कर मलबा एवं मिट्टी ढेर लगाकर अतिक्रमण कर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगो आमजन को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था जिसकी सूचना प्राप्त होने पर शुक्रवार 24 जनवरी, 2025 को जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल cce.jda@rajasthan. gov.in & enforcement.jda@rajasthan.gov.in पर अवैध निर्माण/ कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की शिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

## जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा/अधि.अभि. एवं त.स.नि.अ.-I/2024-25/डी-101 दिनांक : 24.01.2025

### बिड आमंत्रण सूचना

**बिड संख्या - अ.अ. एवं त.स.नि.अ.-I/34/2024-25**

जविप्रा द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | यूबीएन नं. | कार्य राशि (लाखों में) | कार्य की प्रकृति | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JDA2425WLOB00460 | 666.58 | सडक | 13.02.2025 |
| 2 | JDA2425WSOB00458 | 9.71 | सड़क एवं नाली कवर | 03.02.2025 |
| 3 | JDA2425WSOB00459 | 380.71 | विभिन्न विकास कार्य | 13.02.2025 |
| 4 | JDA2425WSOB00461 | 116.72 | नाला मरम्मत कार्य | 03.02.2025 |
| 5 | JDA2425WSOB00462 | 12.28 | फाउन्टेन कार्य | 03.02.2025 |
| 6 | JDA2425WSOB00463 | 118.33 | सडक | 03.02.2025 |
| 7 | JDA2425WSOB00465 | 67.32 | सौन्दर्यीकरण कार्य | 31.01.2025 |
| 8 | JDA2425WSOB00466 | 73.87 | निर्माण कार्य | 30.01.2025 |
| 9 | JDA2425WSOB00467 | 95.78 | निर्माण कार्य | 31.01.2025 |
| 10 | JDA2425WSOB00468 | 91.29 | सड़क | 31.01.2025 |
| 11 | JDA2425WSOB00469 | 105.18 | निर्माण कार्य | 31.01.2025 |
| 12 | JDA2425WSOB00470 | 189.44 | सड़क | 31.01.2025 |

निविदा का विस्तृत विवरण उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जविप्रा की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

अधि. अभि. एवं
तक.सहा.निदे.अभि.-प्रथम

राज. संवाद/सी/2024-25/10802

# शहीद रामसिंह शेखावत की शहादत पर हमें गर्व है : डॉ. छोटेलाल गुर्जर

## शहीद के शहादत दिवस पर हुआ रक्तदान शिविर एवं शहीद वीरांगना सहित पूर्व सैनिकों का सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**गुढ़ागौड़जी।** कस्बे के शहीद रामसिंह शेखावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंवरा में कारगिल शहीद रामसिंह शेखावत के 25वें शहादत दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर एवं पूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बामलास धाम के महंत लक्ष्मणदास महाराज रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि झुंझुनूं सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर एवं शहीद वीरांगना राज कंवर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह नरुका द्वारा की गई। ब्लड शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि लक्ष्मणदास महाराज ने फीता काटकर किया। महाराज ने उपस्थित युवाओं को साधुवाद दिया। इसके बाद विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा कारगिल शहीद रामसिंह शेखावत को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की परेड टुकड़ियों ने शहीद को सलामी दी। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्वागत भाषण विद्यालय के उप प्रधानाचार्य रामनिवास जाखड़ द्वारा दिया गया। विद्यालय की छात्रा मोनू कंवर ने शहीद के जीवन पर प्रकाश डाला। अतिथियों एवं मेडिकल टीम ने रक्तदान शिविर एवं पूर्व सैनिक सम्मान समारोह के आयोजक समाजसेवी राजेंद्र दोराता का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। राजेंद्र सिंह दोराता पिछले 20 दिनों से स्वयं के खर्चे से इस कार्यक्रम की रूपरेखा में लगे हुए थे। उन्होंने युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शहीद वीरांगना राज कंवर का माल्यार्पण कर शॉल ओढाकर स्वागत किया गया। मंचासीन अतिथियों एवं ग्राम पंचायत चंवरा के सेना एवं अर्धसैनिक बलों से सेवानिवृत पूर्व सैनिकों का स्वागत राजेंद्र दोराता द्वारा राजस्थानी परंपरा की शान पगड़ी एवं फूलमाला द्वारा किया गया। शहीद परिवार ने विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने शहीद और शहीद वीरांगना को नमन करते हुए कहा कारगिल के युद्ध के दौरान मां भारती की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद रामसिंह शेखावत की शहादत पर हमें गर्व है। धन्य है वो माता-पिता जिन्होंने ऐसे लाल को जन्म दिया। झुंझुनूं सैनिकों का जिला है। सबसे ज्यादा शहीद झुंझुनूं जिले से हैं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जन आधार कार्ड से 25 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज किया जाता है। इसलिए ग्रामीण लोग इस योजना का अधिक से अधिक फायदा उठाएं। जो लोग इस योजना में नहीं जुड़े हुए हैं वो 850 रुपए जमा करवा कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने विद्यालय स्टाफ को अवगत करवाते हुए कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत विद्यार्थियों का जटिल से जटिल बीमारी का निशुल्क इलाज किया जाता है। यदि ऐसा कोई विद्यार्थी हो तो आप हमें सूचित करें हमारी टीम विद्यालय में पहुंच जाएगी और छात्र-छात्रा का निशुल्क इलाज किया जाएगा। रक्तदान शिविर में 103 यूनिट ब्लड का संग्रहण किया गया। राजेंद्र डोरता ने ब्लड डोनेट करने वाले युवाओं का आभार जताया। बीडीके अस्पताल की ब्लड संग्रहण टीम में डॉ. जावेद अहमद, अश्विनी कुमार जांगिड़, सरिता कुमारी, नवीन कुमार, अनुपमा, संदीप चाहर, नरेश, विनोद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक भवानी सिंह शेखावत द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर के आयोजक राजेंद्र दोराता द्वारा ब्लड डोनेट करने वाले युवाओं को हेलमेट और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मंचासीन अतिथियों में सरपंच धर्मराज सैनी, हमीरसिंह शेखावत, मातादीन सिंह, किशन सिंह, गोवर्धन सिंह, महावीर सिंह, वरिष्ठ अध्यापक रामनिवास जाखड़, राजेंद्र दोराता, रविंद्र बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार शर्मा, महेश कड़वासरा आदि रहे। कार्यक्रम के दौरान सज्जन पारीक, प्रताप सिंह शेखावत, रामकरण रावत, हवलदार रुड़ाराम महारानियां, अमर शर्मा, प्रहलाद दोराता, महावीर दोराता, बालूराम रावत, महावीर रावत, रामपाल रावत, पाबूदान सिंह, हेमराज दोराता, श्रीराम दोराता, घासीराम रावत, नंदलाल चोपड़ा, बजरंग पहलवान, जयसिंह मांठ, मनदीप बराला, डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा सहित काफी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं व महिला तथा पुरुष उपस्थित रहे।

**पूर्व सैनिकों ने चंवरा पीएचसी में डॉक्टर लगाने की मांग सीएमएचओ से की :** सैनिक सम्मान समारोह के दौरान पूर्व सैनिकों ने बीडीके अस्पताल झुंझुनूं के सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर को चंवरा के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से डॉक्टर के रिक्त पद को भरने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा कि चंवरा पीएचसी के नीचे ककराना, दीपपुरा, गढला, मैनपुरा, नेवरी आदि ग्राम पंचायत आते हैं। यह अस्पताल मात्र कंपाउंडरों के भरोसे चल रहा है। यहां डॉक्टर नहीं होने की वजह से मरीज को इलाज के गुढा जाना पड़ता है। जिससे भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन पर गौर करते हुए सीएमएचओ गुर्जर ने कहा कि 15 दिन में चंवरा पीएचसी पर डॉक्टर लगा दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### साइबर शील्ड अभियान के तहत गुमशुदा मोबाइल पाकर चेहरे खिले



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** पुलिस द्वारा आमजन के हित में चलाए जा रहे अभियान साइबर शील्ड के तहत आज कुचामन पुलिस ने एक दिन में 18 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को वापस लौटाए। अजमेर रेंज महानिरीक्षक के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान में यह सफलता मिली। शुक्रवार को एएसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एएसपी नेमीचंद खारिया, डिप्टी एसपी अरविंद बिश्नोई और सीआई सतपाल की मौजूदगी में मोबाइल फोन मालिकों को सौंपे गए। एएसपी ने बताया कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर घबराएं नहीं। तुरंत नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाएं और सीईआईआर पोर्टल पर फोन का आईएमईआई नंबर दर्ज कर मोबाइल ब्लॉक करवाएं। इससे पुलिस को फोन ट्रैक करने में मदद मिलेगी।

### बाबूलाल कुमावत बने भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**कुचामन सिटी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नवनिर्वाचित शहर मंडल व ग्रामीण मंडल की सूची जारी की गई जिसमें कुचामन शहर से बाबूलाल कुमावत को कुचामन शहर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बनाया गया ज्ञात हो बाबूलाल कुमावत भारतीय जनता पार्टी के लिए निरंतर कार्य करके अपनी सेवाएं दे रहे हैं शहर मंडल निरंतर पार्टी के लिए जनहित के कार्य कर रहे हैं भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपाइयों के अलावा शहर के सामाजिक संगठनों ने बाबूलाल कुमावत को बधाइयां दी वह माला वह साफा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया।

### स्वामी कुशल गिरी महाराजा का शाकंभरी गौशाल में स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय नागौर के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी कुशाल गिरी महाराज का कुचामन में भव्य स्वागत किया गया। महाकुंभ मेले में प्रस्थान से पूर्व श्री शाकंभरी गोशाला के तत्वाधान में मेगा हाइवे पर गो भक्तों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान गो भक्तों ने स्वामी को माला पहनाई और भगवा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। स्वामी ने गो सेवक रवि भार्गव को विशेष सम्मान देते हुए चांदी की तस्वीर भेंट की और गोसेवा के लिए निरंतर कार्यरत रहने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को गोसेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम में मोनी बाबा, नरेंद्र सिंह, राहुल जैन जिलिया, महेंद्र ग्वाला, रूप सिंह राजपुरोहित, अशोक, प्रवीण दाधीच, सत्यवान भार्गव, गजेंद्र सिंह आनंदपुरा समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। चैनसुख गुर्जर, रामनिवास गुर्जर, महेंद्र सिंह, मनोज रांकावत, शक्ति सिंह, मांगीलाल कुमावत और चंद्र प्रकाश कुमावत सहित बड़ी संख्या में गौभक्तों ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### श्री श्याम मंदिर से 60वीं विशाल निशान पदयात्रा एक मार्च को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** हर साल की तरह इस बार भी श्री श्याम मंदिर से फाल्गुन मेला 2025 पर 60वीं विशाल निशान पदयात्रा एवं अखंड ज्योत 28 फरवरी को रात्रि जागरण करके एक मार्च को सुबह 10 बजे शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए अखंड ज्योत साथ लेकर खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेगी। 28 फरवरी की रात्रि को श्री श्याम मंदिर में बाबा का भव्य शृंगार, छप्पन भोग की झांकी, पुष्प वर्षा, इत्र छिड़काव एवं भजन संध्या स्थानीय भजन कलाकार सज्जन दाधीच एवं मनीष भाटी के सानिध्य में होगी। पदयात्रा एक मार्च बड़ागांव, दो मार्च गुढ़ागौड़जी, तीन मार्च उदयपुरवाटी, चार मार्च खंडेला एवं पांच मार्च मंढा में रात्रि विश्राम करते हुए छह मार्च को नाचते-गाते बाबा के चरणों में खाटूश्यामजी निशान अर्पित करेंगे। ट्रस्टी विनोद कुमार सिंघानिया ने बताया कि श्री श्याम फाल्गुन मेला 2025 में हर वर्ष की भांति श्री श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 23 वर्ष से संचालित दक्षिण भारतीय व्यंजन इडली, वडा, डोसा व नारियल पानी आदि का विशाल भंडारा आठ, नौ एवं 10 मार्च को खाटू स्थित झुंझुनूं धाम धर्मशाला में लगाया जाएगा। ट्रस्टी विनोद कुमार सिंघानिया ने बताया कि पदयात्रा मे जाने वाले पदयात्री निशान के लिए नवीन मोदी से संपर्क करे। वहीं 10 मार्च को झुंझुनूं धाम धर्मशाला मे भजनों का कार्यक्रम किया जाएगा।

### जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 में अध्यनरत विद्यार्थियों की जिला स्तरीय स्किल एग्जिबिशन कम कंपटीशन का आयोजन परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ। इसमें जिले के व्यवसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों से सेक्टरवार विद्यार्थियों ने मॉडल प्रदर्शित किए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले कुल 29 विद्यार्थियों को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनुसुईया के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि सहायक परियोजना समन्वय समग्र शिक्षा कमलेश तेतरवाल, विशिष्ट अतिथि एपीसी राजबाला खीचड़, कार्यक्रम अधिकारी रामचंद्र यादव रहे। अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय की उप प्रधानाचार्य कमला ने की। निर्णायक प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मील, महेश कुमार, रामनिवास महलावत, सुधेश कुमार, जमना झाझड़िया थे। जावेद खान टूरिज्म एंड हॉस्पिटलिटी, परी कुमारी ब्यूटी वैलनेस, जियांशी होम फर्निशिंग, भारती एग्रीकल्चर, दीक्षा चाहर आईटी, मोनिका इलेक्ट्रॉनिक्स, स्नेहा खान हेल्थ एंड केयर, कोमल बैंकिंग, अजय कंस्ट्रक्शन, विवेक टेलीकॉम में प्रथम स्थान पर रहे।

# एनएमटी कॉलेज में वार्षिकोत्सव आयोजित, पुरस्कार वितरित किए



**झुंझुनूं।** सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजस्थान शिक्षक संघ के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शिक्षक नेता राजकुमार मूंड थे तथा मुख्य अतिथि भामाशाह सेठ विश्वनाथ टीबड़ेवाला थे। कार्यक्रम के दौरान अकादमिक, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रहने वाली लगभग 150 छात्राओं को प्रमाण पत्र तथा प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय की वर्षपर्यंत गतिविधियों एवं उपलब्धियों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि राजकुमार मूंड ने छात्राओं को अनुशासन, कड़ी मेहनत तथा हौंसले से आगे बढ़ने की सलाह दी। वहीं मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ खड़े होने का आह्वान किया। भामाशाह सेठ विश्वनाथ टीबड़ेवाला ने प्राचार्य के गरीब छात्राओं की मदद करने के आग्रह को स्वीकार करते हुए नगद 20 हजार रुपए की राशि इस निमित प्रदान की एवं जरूरतमंद छात्राओं के लिए ऊनी कंबल देने की भी घोषणा की। इस दौरान संकाय सदस्य किशोर कुमार को महाविद्यालय में वाटर प्यूरीफायर लगवाने तथा डॉ. अनिता जैफ को वाटर कूलर लगवाने के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. सिद्धि जोशी ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा किशोर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अभिलाषा आबूसरिया व डॉ. प्रीतम सिंह ने किया।

# 25 लाख की लागत से बनने वाले अन्न भंडारण गोदाम का शिलान्यास

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**नवलगढ़।** डूंडलोद में विधायक विक्रम सिंह जाखल के मुख्य आतिथ्य में भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्राम सहकारी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट भैरूसिंह शेखावत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुकुंदगढ़ चेयरमैन मनीष चौधरी, डूंडलोद चेयरमैन हरफूलसिंह पूनियां, ठाकुर रघुवेंद्रसिंह डूंडलोद, झुंझुनूं केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंधक संदीप शर्मा, पूर्व सरपंच राधेश्याम सैनी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। सहकारिता परिवार ने पुष्प माला व साफा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। विधायक विक्रम सिंह जाखल के मुख्य आतिथ्य में अन्न भंडारण योजनान्तर्गत निर्मित गोदाम का भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। इस दौरान विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि नवलगढ़ विधानसभा का विकास ही मेरी प्राथमिकता है। नवलगढ के विकास में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इस अन्न भंडारण गोदाम का निर्माण लगभग 25 लाख रुपए की लागत से होगा। जिसका शिलान्यास हो चुका और ये जल्दी ही निर्मित होगा और किसानों के काम आएगा। इस दौरान पूर्व सरपंच राधेश्याम सैनी, पूर्व ग्राम सहकारी समिति अध्यक्ष बीरबल सिंह ढाका, सुरेश नूआंवाला, मदन स्वामी, सीताराम सैनी, जगदीशप्रसाद, महेश भादूपोता सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# सरस्वती स्कूल में स्पोर्ट्स मीट 'दंगल-2025' का शुभारंभ

**नवलगढ़।** बलवंतपुरा स्थित सरस्वती स्कूल में शुक्रवार को एनुअल स्पोर्ट्स मीट दंगल-2025 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा, प्रधानाचार्य हेमंत दाधीच, अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य ब्रवीम राय, प्रशासनिक अधिकारी नवीन राज गोदारा, कीर्तिमान गोदारा तथा संदीप लुणायच द्वारा गुब्बारे उड़ाकर सद्भावना व खेल भावना के संदेश के साथ किया। यह खेलकूद कार्यक्रम चार दिन तक चलेगा। जिसमें 100 मीटर व 200 मीटर दौड़, रिले रैस, लॉन्ग जम्प, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकस्सी, सतौलिया, मारदड़ी व अन्य खेल विद्यार्थियों के मध्य खेले जाएंगे। उद्घाटन के अवसर पर कक्षा 11 विज्ञान बी छात्राओं व कक्षा 11 गणित बी की छात्राओं के मध्य मुकाबला हुआ। जिसमें कक्षा 11 विज्ञान बी की छात्राएं विजेता रही। गौरतलब है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 73 विद्यार्थी नेशनल लेवल तक खेल चुके। इस प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 11 तक का प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम दो प्रकार के खेलों में आवश्यक रूप से भाग लेगा। इस प्रतियोगिता में लगभग 2700 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस अवसर पर बीरबल सिंह गोदारा ने बताया कि इस खेलकूद कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हर विद्यार्थी एक इनडोर व एक आउटडोर खेल से जुड़ें। विद्यालय प्रधानाचार्य हेमंत दाधीच ने बताया कि खेल विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देता है व मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य ब्रविम रॉय न बताया कि खेल विद्यार्थी के व्यक्तित्व को मजबूत बनाने व सर्वांगिण विकास के लिए आवश्यक है।

# स्वेटर, जूते, जुराब, पाठ्य सामग्री पाकर खुश हुए विद्यार्थी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**झुंझुनूं।** श्रीमती गिन्नी देवी राधाबल्लभ खेतान परिवार झुंझुनूं के सौजन्य से श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में पांच सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण का शुभारंभ गत दिवस गुरुवार को किया गया था। इसी क्रम में द्वितीय दिवस सेवा कार्यों की शृंखला में शुक्रवार को वार्ड नंबर 16 मंड्रेला रोड स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर के समीप राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को उपरोक्त सामग्री वितरण की। कक्षा एक से पांच तक के नन्हें मुन्ने बच्चों को जब स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया तो बच्चे बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सुमन कुमारी, अध्यापक सुरेंद्र कुमार, बसेसर सिंह, मोनिका एवं किरण का श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई, डॉ. डीएन तुलस्यान एवं सुनील तुलस्यान ने दुपट्टा ओढ़ाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया। ट्रस्ट, खेतान परिवार एवं उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की संक्षिप्त जानकारी ट्रस्ट के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई ने दी। स्कूल की ओर से सुरेंद्र कुमार ने स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में खेतान परिवार एवं आयोजक संस्था का आभार व्यक्त किया कि वे इस प्रकार का पुनीत कार्य कर रहे हैं। विदित है कि श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में विभिन्न दानदाताओ के सहयोग से सामाजिक सरोकारों में विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं।

# श्री गोपाल गौशाला में खंडेलिया परिवार विभिन्न कार्यों के लिए दी स्वीकृति



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी मंजू सुरेश खंडेलिया, भीलवाड़ा प्रवासी ज्योति दिनेश बागड़ोदिया एवं रूपा योगेंद्र बसावतिया ने शुक्रवार श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं सपरिवार आकर अपने हाथों से गौ माता को गुड़, गेंहूं के आटे से बनी रोटियां एवं हरा चारा इत्यादि सामग्री खिलाकर गौ सेवा की। इस अवसर पर श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, कोषाध्यक्ष राजकुमार तुलस्यान, मातादीन टीबड़ा एवं पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान उपस्थित थे। जिन्होंने प्रवासी गौ भक्त परिवारों का दुपट्टा ओढाकर गौ माता का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन भी किया। प्रवासी गौ भक्त परिवारों ने गौशाला परिसर का अवलोकन कर हॉस्पिटल सहित अन्य स्थानों एवं व्यवस्थाओं को देखकर प्रबंध समिति की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि श्री गोपाल गौशाला में वास्तव में गौ माता की सेवा हो रही है। उन्होंने कहा कि वह हर जगह प्राय कर गौशालाओं में जाते हैं। परंतु झुंझुनूं की गौशाला देखकर अभिभत हो गए हैं। उन्होंने गौशाला में बायोगैस प्लांट लगाने की अपनी ओर से स्वीकृति प्रदान की। जिस पर गौशाला पदाधिकारीयों ने उनका आभार प्रकट किया। सुरेश खंडेलिया ने सहपत्नी मंजू खंडेलिया के साथ पृथक पृथक रूप से पंडित महावीर प्रसाद शर्मा के आचार्यत्व में विधि-विधान के साथ पूजा करवा कर के दो गिर गायों का गोदान किया। गौशाला की व्यवस्थाओं से खुश होकर उन्होंने प्रबंधन समिति से गौशाला में गौ सेवा में अपनी ओर से कुछ सहयोग करने की इच्छा प्रकट की। जिस पर उन्हें बताया गया कि गौशाला में बायोगैस प्लांट एवं गौवंश के लिए पानी की वर्तमान व्यवस्था से कुछ अतिरिक्त सुविधा हो जाए तो अच्छा रहेगा। इस पर गौ भक्त दानदाता सुरेश खंडेलिया ने सहर्ष एवं सहज भाव से बायोगैस प्लांट लगाने एवं खंडेलिया कुआं पर बोरिंग करवा कर पाइपलाइन से गौशाला को पानी उपलब्ध करवाने की स्वीकृति दी। जिसके लिए गौशाला प्रबंध कमेटी ने उनका आभार जताया।

# रोजगार अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**झुंझुनूं।** शुक्रवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा नगर कमेटी झुंझुनूं ने जिला संयुक्त सचिव योगेश कटारिया के नेतृत्व मे क्षेत्रीय उप रोजगार अधिकारी झुंझुनूं को ज्ञापन दिया। नगर महासचिव सोहेल बहलिवान ने बताया कि राजस्थान सरकार बेरोजगार युवाओं को शर्तो के आधार पर बेरोजगारी भत्ता जारी कर रहा है। जिसको स्वीकार नहीं किया जाएगा। बेरोजगारी भत्ते के अंदर युवाओं से चार घंटे की अनिवार्य इंटर्नशिप को समाप्त कर बिना शर्त बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। नगर अध्यक्ष सिकंदर पहाड़ियान ने बताया कि बताया कि बेरोजगारी भत्ते में दो लाख रूपए की सालाना को बढ़ाया जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवाओं को इसका लाभ मिल सके। सरकार द्वारा युवाओं की वाजिब मांगों को नहीं माना जाता है तो भारत की जनवादी नौजवान सभा आगामी दिनों में झुंझुनूं जिले के युवाओं को लामबंद कर बड़ा आंदोलन करेगी। इस दौरान भारत की जनवादी नौजवान सभा तहसील अध्यक्ष अजहरुद्दीन गहलोत, अनीश धायल, महिपाल पूनियां, उस्मान मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रघुनाथपुरा में विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर कल

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**गुढ़ागौड़जी।** रघुनाथपुरा के स्व. मुकेश रेपस्वाल की याद में रविवार को विशाल निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में निशुल्क दवा एवं निशुल्क जांच होंगी। सुमेर सिंह रेपस्वाल ने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे शिव गौशाला में शिविर का आयोजन होगा। जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जोगेंद्र गढ़वाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शर्मिला, नशा मुक्ति एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन कुलहरि, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक झाझड़िया, जनरल फिजीशियन डॉ. विकास चौधरी, मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप चौधरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक सेवाएं देंगे। रेपस्वाल ने बताया कि शिविर में मरीजों के लिए एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। साथ ही आंखों की फेको मशीन द्वारा एवं पेशाब, खून, बीपी, शुगर और ईसीजी की जांचे निशुल्क होंगी।

### बास बुडाना में वार्षिकोत्सव आज

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** चौधरी राधेश्याम जोधाराम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बास बुडाना में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित होगा। संस्था प्रधान सविता महला ने बताया कि सुबह सवा दस बजे से शुरू होने वाले समारोह में भामाशाहों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का सम्मान किया जाएगा।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को सूचना केंद्र सभागार में सुबह 11:30 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 22 बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) को सम्मानित किया जाएगा वहीं युवा व बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा।

### चुड़ैला में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** ग्राम चुड़ैला में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 25 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जाएगा। चुड़ैला सरपंच बिमला तिलोटिया ने बताया कि कथावाचक पूज्य कमल सूटवाल सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4¬15 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जनवरी को सुबह 11 बजे से बालाजी मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं 31 जनवरी को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। चुड़ैला के जनसेवक डॉ. राजीव तिलोटिया ने बताया कि आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं एवं आमजन में काफी उत्साह है।

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वर्ण जयंती स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय समारोह

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह स्वर्ण जयंती स्टेडियम पर आयोजित होगा। जहां पर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ध्वजारोहण करेंगे। 26 जनवरी को प्रातः 9.15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रीय धुन एवं गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। मुख्य अतिथि इसके बाद परेड का निरीक्षण करेंगे और मार्च-पास्ट एवं सलामी लेंगे। एडीएम अजय कुमार आर्य की ओर से राज्यपाल के संदेश का वाचन किया जाएगा। इस दौरान शहीद सैनिकों के आश्रितों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन, विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा।

### शोभासर में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बीकानेर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शोभासर में वार्षिक उत्सव धूमधाम से बनाया गया। मुख्य अतिथि सीडीई ओ महेंद्र शर्मा थे। विशेष अतिथि सुनील कुमार बोड़ा ने बीकानेर जिले में विज्ञान शास्त्र में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों ने मन मोहक बहुतसुंदर प्रस्तुति दी तथा राजस्थानी लोक संस्कृति का प्रदर्शन किया। गांव के सरपंच प्रतिनिधि मिरचंद व उपसरपंच अमर सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। समस्त स्टाफ ने पूरे मनो योग से कार्यक्रम को खूबसूरत अंदाज में बच्चों से प्रस्तुत करवाया। नवनीत गुलाटी ने स्कूल के उपलब्धियां की जानकारी दी। ग्राम वासियों व अभिभावकों की उपस्थिति सराहनीय थी। भामाशाह ने सहयोग किया। प्रिंसिपल दिनेश आचार्य ने वार्षिक उत्सव के महत्व को समझाया। विष्णु जोशी ने भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य आशा खत्री ने सबका धन्यवाद प्रेषित किया।

### अभावग्रस्त महिलाओं को कंबल वितरण

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** वरिष्ठ समाजसेवी मोहता ग्रुप चेयरमैन श्रीवर्धन मोहता ने एक बार पुन3 मोहता हवेली में तीसरी बार 100 कंबल बँटवाये अब तक मोहता के द्वारा लगभग 500 कंबल और अन्य शीतकालीन गर्म कपड़े बाटे जा चुके हैं। मौके पर मोहता कॉलेज प्रोफेसर डॉक्टर संजू शर्मा, चैरिटी वर्क सेक्रेटरी पूनम शर्मा, इंदर सिंह राजपूत परमेश्वर चौहान, श्रीमती नीलम पूनिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल बजरंगी बसोतिया, शिवनारायण और मोहता हवेली लेखाकार मनीष कुमार शर्मा मौजूद थे सौरव एन एस एम यूथ जागृति संस्था एनजीओ से जुड़ी हुई महिलाओ को अभी तक 110 कम्बल मिल चुके है मोहता कॉलेज प्राचार्य प्रताप सिंह राठौड़, मोहता स्कूल प्राचार्य मनीष शर्मा, आईटीआई प्राचार्य विजय पाल जी और भगवानी देवी मोहता हॉस्पिटल डॉक्टर अजीत ने मोहता परिवार को धन्यवाद दिया।

### विभिन्न जगहों पर धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**झुंझुनूं।** रविवार को 26 जनवरी के मौके पर विभिन्न जगहों पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से ध्वजारोहण, पुरस्कार वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसी क्रम में श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया व सचिव नेमी अग्रवाल ने बताया कि गौशाला परिसर में सुबह 10:30 बजे वस्त्र व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी पवन गाडिया तथा सीए पवन केडिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद सभी को मिठाई बांटी जाएगी। इसी तरह गल्ला व्यापार संघ की ओर से सुबह 11 बजे छावनी बाजार स्थित व्यापार संघ कार्यालय में ध्वजारोहण होगा। इस मौके पर वरिष्ठ व्यवसायी सुभाषचंद्र ढेढिया तथा गिरधारीलाल शर्मा द्वारा ध्वजारोण होगा। वहीं जिन व्यापारियों के बेटे—बेटियों ने उच्च प्रतियोगी परीक्षा उत्तीण की है। या फिर उच्च प्रतियोगी परीक्षा में प्रवेश किया है। उनका सम्मान किया जाएगा। पहहं झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल में सुबह नौ बजे नेहा तुलस्यान, भावना केजड़ीवाल, खुशबू खंडेलिया तथा प्रीति अग्रवाल के आतिथ्य में ध्वजारोण होगा। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

# बालिकाएं अपने लक्ष्य का निर्धारण कर, आत्मविश्वास के साथ कड़ी मेहनत करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करें : जिला कलेक्टर




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने जिले में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं से बातचीत करते हुए कहा कि आत्मविश्वास के साथ कड़ी मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। लक्ष्य प्राप्ति के दौरान बीच में मिलने वाली असफलताओं से सीख लेकर लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए। जिला कलक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग द्वारा 'एंपावरिंग अलवर गर्ल्स¬ डायलॉग विद डिस्ट्रिक कलक्टर' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में जिले की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की टॉपर बालिकाओं से संवाद करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि आप सभी यहां अपनी स्वयं की प्रतिभा के बल पर उपस्थित हुई है। आगामी 15 वर्ष में अनुकूल या प्रतिकूल परिस्थितियों में भी आप सभी अपनी काबिलियत के बल पर सर्वोच्च मुकाम हासिल कर सकती हैं। जिला कलक्टर ने बालिका स्वाति, प्रियंका, अंकिता, भूमिका, शिक्षक स्वाति शर्मा एवं बच्चियों के परिवारजनों द्वारा कैरियर गाइडेंस एवं आईएएस कैसे बना जाए इत्यादि प्रकार के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पहले अपने लक्ष्य का निर्धारण करें, तत्पश्चात अपने परिवारजनों, शिक्षकों व आइडियल से प्रेरणा लेकर कठोर मेहनत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति करें। उन्होंने बालिकाओं के परिवारजनों से भी अपील की कि बच्चियों को अपनी शैक्षणिक प्रतिभा को निखारने का पूर्ण मौका दें, पढ़ाई के अलावा अन्य कार्य में ना लगाएं। जिला कलक्टर ने अपने जीवन के अनुभवों एवं आईएएस बनने की यात्रा के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत करवाते हुए सभी बालिकाओं की जिज्ञासाओं को सुनकर अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी पूर्ण संतुष्टि प्राप्त नहीं होती है, हमेशा ओर अच्छा करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। सभी बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अपने सर्वांगीण विकास पर बल दें, उसी से आपके व्यक्तित्व में निखार होता है। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक ऋषिराज सिंगल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को अपने विचार व्यक्त करने का मंच प्रदान करना, जिला प्रशासन को बालिकाओं की समस्याओं और आकांक्षाओं से अवगत कराना तथा बालिकाओं को प्रेरित करना और उनके अधिकारों व सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सभी को बेटी बचाओ, बेटी पढाओ की शपथ भी दिलाई गई।

**इन्हें किया गया सम्मानित :** महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ने बताया कि इस अवसर पर जिला स्तर पर 10वीं परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली 10 बालिकाओं जिनमें जीजीएसएसएस राजगढ की बालिका स्वाति शर्मा, जीएसएसएस पुराना राजगढ की बालिका रिया सैनी, जीएसएसएस खेरली रेल की बालिका गौरी सिंह, जीएसएसएस साहडोली की बालिका तनिशा राठौड, जीएसएसएस खेडा महमूद की बालिका सलोनी मजोका, जीएसएसएस गढबसई की बालिका पिंकी सैनी, जीएसएसएस बामनवास की बालिका खेलंता मीणा, जीएसएसएस बडेर की बालिका साक्षी नरूका, जीएसएसएस खानपुर जाट की बालिका भारती वर्मा, एमजीजीएस बरखेडा की बालिका मोनिका सैनी तथा जिला स्तर पर 12वीं परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली 10 बालिकाओं जिनमें जीएसएसएस खानपुर जाट की बालिका अंकिता व पायल, जीजीएसएसएस माचाडी की बालिका भूमिका शर्मा, जीएसएसएस घडी धानेटा की बालिका पूजा रानी, जीजीएसएसएस एसएमडी की बालिका कोमल सैनी व तमन्ना कश्यप, जीजीएसएसएस की बालिका निशा, जीजीएसएसएस थानागाजी की बालिका काजल मीणा व प्रियंका मीणा एवं जीएसएसएस देसूला की बालिका संजना को प्रशस्ति पत्रा, बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ लोगो युक्त मग एवं 5 हजार रुपए की सम्मान राशि प्रदान की गई।

## 'बालिकाओं को आत्मरक्षा के स्कूलों में गुर सिखाने चाहिए'

**सूरजगढ़।** कस्बे की पीएमश्री श्रीकृष्ण परिषद् राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने कहा कि बालिकाओं को स्कूल स्तर पर आत्मरक्षा के गुर सीखने चाहिए ताकि हर बालिका खुद की सुरक्षा करने में सक्षम बने। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन पुष्पा सेवाराम गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार चंद्रशेखर, अधिशासी अधिकारी सुरेश चौहान, एसीबीईओ सज्जन सिंह कुल्हार, महेश पचार, वाइस चेयरमैन रामस्वरूप जांगिड़, पालीराम मुंशी, ओमप्रकाश कौशिक, प्रिंसिपल कैलाश वर्मा, रमाकांत शर्मा, अशोक कुमार, वार्ड पार्षद सोनू शर्मा, राजेंद्र सौंकरिया, राकेश नांदवाला, बाबूलाल डीडवानिया, केशरदेव शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, मनोहरलाल जांगिड़, संतोष कुमावत, सुदर्शन शर्मा, मातादीन सैनी, दिलीप खेदड़, राहुल जैदिया, राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य नीतेश देवी, प्रधानाध्यापिका राजेश बाई, सरस्वती स्कूल के निदेशक संदीप शर्मा सहित छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्था प्रधान सुमन वर्मा ने बोर्ड परीक्षाओं सहित स्थानीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का सम्मान भी किया। कार्यक्रम के दौरान श्रेष्ठ रिजल्ट देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर विद्यालय की शिक्षिका लक्ष्मी ने कक्षा 1 से 8 तक की छात्राओं को स्वेटर वितरित किए। वाइस प्रिंसिपल सुभिता भालोठिया ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन मंजू ठोलिया मृदुला व डॉ. अनिल शर्मा अनमोल ने किया।

### दो दिवसीय स्पोर्टस मीट का आयोजन

**झुंझुनूं।** स्थानीय न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय स्पोर्टस मीट में आज प्रथम दिवस में किक्रेट मैच का आरम्भ टॉस से संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जीतना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है, इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है, वहीं उनके शारीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। स्पोर्ट्स मीट के दौरान खेल मैदान पर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

## वार्षिकोत्सव में भामाशाह और प्रतिभाओं का सम्मान

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** कस्बे के श्री जमनादास अडूकिया राजकीय उमावि (अंग्रेजी माध्यम) में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव, प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान, पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने की। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि शशिकांत रामगोपाल मिश्र, कंचन कांतिप्रसाद हलवाई, अनिल गुप्ता, पूर्व प्रधानाध्यापक कर्ण सिंह पायल, कयूम अली, मूलचंद राजोरिया, दिनेश झुंझुनूंवाला, मनोहरलाल जांगिड़, मदन डारा पार्षद, पूर्व पार्षद विद्याधर सैनी, पार्षद निरंजनलाल सैनी, देवेंद्र सैनी, गंगाधर सैनी, नंदलाल जांगिड़, सुनिता मील, विनोद सैनी, विमला पार्षद, राजेश वेद, महेंद्र वर्मा, राजेंद्र पाल सिंह कोच, नरेंद्र गिरधर, मोहित तामड़ायत थे। कार्यक्रम का प्रारंभ में मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ। कार्यक्रम में अतिथिगण का साफा, माला, दुपट्टा और स्वामी विवेकानंद का प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण एवं वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ते हुए बताया कि गत सत्र 2023-24 में विद्यालय ने शैक्षिक एवं सहशैक्षिक क्षेत्र में राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त किया है तथा भौतिक विकास में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने मुख्य अतिथि से विद्यालय में कला संकाय की स्वीकृति दिलवाने की मांग रखी। कार्यक्रम में अतिथिगण द्वारा बालिका शौचालय प्रेरक कर्णसिंह पायल, वाहन शेड सहयोगी व्याख्याता नरेंद्र प्रताप सिंह वालिया, चारदीवारी मरम्मत और रंगरोगन करने वाले वरिष्ठ अध्यापक सुरजभान, इन्वेटर बैटरी भेंटकर्ता मोतीलाल शर्मा पूर्व शिक्षक, आलमारी भेंटकर्ता प्रयाग दिनेश स्वामी, पंखे टाई बेल्ट भेटकर्ता ऋषि अशोक अडूकिया का भामाशाह के रूप में सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथिगण के कर कमलों से राजस्थान के राजकीय विद्यालयों में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले सुमित शर्मा, राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट में द्वितीय स्थान पर रही रीत गुप्ता सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 70 छात्र-छात्राओं को प्रमाण—पत्र व मोमेंटो भेंट कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश दहिया ने कहा कि यह पहला विद्यालय है। जहां मैं देख रहा हूं कि विद्यालय स्टाफ विद्यालय की विकास में सराहनीय योगदान दे रहा है। उन्होंने राज्य स्तर पर शैक्षिक और सह शैक्षिक क्षेत्र में चिड़ावा का नाम रोशन करने पर सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में शशिकांत मिश्र ने उत्तरी दीवार और गेट बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन बिजेश बुलानिया व कुसुमलता ने किया। कार्यक्रम में व्याख्याता नरेंद्र प्रताप सिंह वालिया, ज्योति शर्मा, उर्मिला, दीपक पचार, नरेंद्र झाझड़िया, शांता सैनी, सूरजभान, सुनिता, मनोरमा जाट, मेघा, अभिलाषा व बड़ी मात्रा में अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मॉडल सोलर गांव के रूप में 6 गांवों का चयन

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में गुरूवार को आदर्श सौलर ग्राम के चयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आमजन को सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सहित अन्य केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर लाभांवित करावें। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में चयन समिति द्वारा निर्धारित पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घटक मॉडल सोलर गांव के कार्यान्वयन के लिए परिचालन दिशा-निर्देशों के आधार पर 6 ग्रामों अलावडा, बालेटा, दुहार चौगान, माचाडी, मौजपुर एवं हरसाना का चयन किया गया। इनमें से आदर्श सौलर ग्राम के तहत चयनित ग्रामों में विशेष रूप से प्रधानमंत्राी सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और प्रधानमंत्राी कुसुम योजना जैसी अन्य सरकारी योजनाओं के तहत सौर प्रतिष्ठानों को सोलर यंत्रा स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे ने बताया कि प्रतिस्पर्धा अवधि 6 माह समाप्त होने के बाद गांवों का मूल्यांकन गांव की राजस्व सीमा के भीतर स्थापित कुल वितरित आरई क्षमता के आधार पर किया जायेगा। गांव की सीमा में सबसे अधिक क्षमता (संचयी) वाले सौर गांव को जिले के लिए आदर्श सौर गांव के रूप में चुना जाएगा। आदर्श सौर गांव केंद्रीय वित्तीय सहायता के रूप में 1 करोड रूपये के अनुदान के लिए पात्रा होंगे। उन्होंने बताया कि लामबंदी अभ्यास के दौरान संबंधित पंचायतें, सहकारिता, एसएचजी समूह और अन्य सामूहिक संगठन लामबंदी गतिविधियों में भाग ले सकते हैं और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना या अन्य योजना को अपनाने के प्रचार के माध्यम से गांव में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापना को अधिकतम करने का प्रयास कर सकते हैं।

## पाक्षिक अवकाश के बाद पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक तोहफा

### हर सप्ताह फिल्में देखकर पुलिसकर्मी करेंगे तनाव को दूर

**झुंझुनूं।** जिले के पुलिसकर्मी और पुलिस अधिकारियों को तनाव से दूर रखने और परिवार के साथ समय बिताने के लिए लगातार डीआइजी शरद चौधरी का मिशन तनाव दूर अभियान जारी है। पहले कांस्टेबल से लेकर एएसआई स्तर के पुलिसकर्मियों को पाक्षिक अवकाश देने वाले डीआईजी शरद चौधरी ने अब फैसला किया है कि जिले के पुलिसकर्मी हर सप्ताह अपने परिवार के साथ फिल्में देखेंगे। जिससे ना केवल उनका तनाव दूर होगा। बल्कि वे परिवार के एक साथ एक अच्छा और मनोरंजक समय बिता सकेंगे। पुलिस लाइन में पूर्व में बनाए गए ओपन थिएटर में बीती रात को फिर से फिल्मों का प्रदर्शन शुरू हुआ। डीआईजी शरद चौधरी के प्रयासों से बीती रात को ओपन थिएटर में पुलिस लाइन के पुलिसकर्मियों ने अपने परिवार, खासकर बच्चों के साथ फिल्म देखी। इस मौके पर सभी को द साबरमति रिपोर्ट जैसी सच्ची घटना पर आधारित और प्रेरणास्पद फिल्म दिखाई गई। जिसे सभी ने गुलाबी ठंड के बीच देखा। डीआईजी चौधरी ने बताया कि अब हर सप्ताह एक फिल्म दिखाई जाएगी। चौधरी ने बताया कि पुलिसकर्मियों के व्यस्त और तनावपूर्ण कार्य जीवन में कुछ क्षण राहत प्रदान करने के उद्देश्य से अब ओपन थियेटर में हर सप्ताह फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उत्कृष्ट बालिकाओं को किया सम्मानित

जागरुक टाइम्स संवाददाता




**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर न्यू राजस्थान बालिका महाविद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर रामावतार मीणा रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने कहा कि बालिकाओं के हितों व अधिकारों पर समाज को विशेष फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला महिला शिक्षा में हमेशा अग्रणी रहा है। इसी कारण 8 मार्च 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झुंझुनूं जिले से ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने की बात कही। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल बालिकाओं का उत्साहवर्धन होता है। बल्कि उन्हें समाज में सशक्त भूमिका निभाने की प्रेरणा भी मिलती है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बालिकाओं का सम्मान किया गया। वहीं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा की तरफ से सिलाई मशीन वितरित की गई। कार्यक्रम में न्यू राजस्थान बालिका महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बालिकाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए डॉ. अर्षा चौधरी के नेतृत्व में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला अधिकारी का विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया गया। इस दौरान शिक्षाविद व भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, बड़ौदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर सज्जन सिहाग, बड़ौदा बैंक के महाप्रबंधक दिनेश आर्य, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझड़िया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्षा चौधरी, प्रधानाचार्य अनीश खान, एडीईओ प्रमोद आबूसरिया, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक बिजेंद्र सिंह राठौड़, कलेक्टर की गोद ली बेटी रईसा बानो सहित सैंकड़ों की संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

### पृष्ठ 1 का शेष....बारां में ईआरसीपी....

मुख्यमंत्री ने ईआरसीपी परियोजना के अन्तर्गत बांरा जिले में रामगढ एवं महलपुर बैराज के निर्माण से डूब क्षेत्र में होने वाले विस्थापितों एवं प्रभावित परिवारों को अन्यत्र बसाने हेतु आबादी के लिए ग्राम कोयला में 35 हैक्टेयर भूमि आंवटन की स्वीकृति प्रदान की। इसी प्रकार, वन भूमि प्रत्यावर्तन के तहत तहसील शाहाबाद की 381 हैक्टेयर भूमि एवं तहसील किशनगंज की 551 हैक्टेयर भूमि वन विभाग को आंवटित करने की मंजूरी दी गई है, इससे ईआरसीपी परियोजना के अन्तर्गत किये जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध हो सकेगी। एक अन्य निर्णय के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों की महत्वाकांक्षी पीएम जनमन योजना के तहत बारां जिले की स्वीकृत 14 सड़कों के निर्माण के लिए वन भूमि प्रत्यावर्तन के अंतर्गत 21 हैक्टेयर भूमि के आवंटन की स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने पचपदरा रिफाइनरी के पास राजस्थान पेट्रोजोन की स्थापना के लिए रीको को पचपदरा तहसील (बालोतरा) के ग्राम बोरावास में 97 हैक्टेयर भूमि और ग्राम बागुण्डी में 26 हैक्टेयर भूमि के आंवटन की स्वीकृति दी है। इससे राज्य में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

### बहरोड़ के पूर्व विधायक...

आपूर्ति का आरोप है। इस संबंध में पिछले दिनों भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने भी पूर्व विधायक बलजीत यादव सहित आठ लोगों पर केस दर्ज किया था। अब इसी मामले में ईडी ने पीएमएलए कानून के तहत केस दर्ज कर यह छापेमारी की है। इसके तहत जयपुर में आठ ठिकानों के साथ ही बहरोड़, अलवर और दौसा में बलजीत यादव के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई जारी है।

**एसीबी ने दर्ज किया था मुकदमा**-बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव और सात अधिकारियों के खिलाफ एसीबी ने जयपुर में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था। बलजीत यादव के खिलाफ बच्चों की खेल सामग्री में भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस नेता संजय यादव ने 2023 में शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत में आरोप था कि बलजीत यादव के विधायक रहते विधायक कोटे से सरकारी स्कूलों में खेल सामग्री की आपूर्ति की गई थी। स्कूलों में घटिया खेल सामग्री की आपूर्ति का आरोप इस शिकायत में लगाया गया था। जिस पर एसीबी ने पिछले दिनों मामला दर्ज किया था।

**दौसा में बलजीत यादव के करीबी के घर छापा**-दौसा जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को ईडी की कार्रवाई से हड़कंप मच गया। दरअसल, मामला बलजीत यादव ने विधायक रहने के दौरान निधिकोष के दुरुपयोग से जुड़ा बताया जा रहा है। फिलहाल, ईडी की टीम जिले के छोकरवाड़ा की बैरडया की ढाणी में स्थित विजय सिंह गुर्जर के घर सर्च अभियान चला रही है। जहां टीम द्वारा बारीकी से जांच की जा रही है। ईडी की कार्रवाई के चलते विजय सिंह गुर्जर के आसपास रहने वाले परिवारजन भी भयभीत नजर आ रहे हैं।

### नई जिला परिषदों का होगा...

जिला कलक्टरों द्वारा इन प्रस्तावों को सार्वजनिक अवलोकन के लिए प्रसारित कर 1 माह में आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी, जिनके निस्तारण के बाद प्रस्तावों को राज्य सरकार को प्रेषित कर दिया जाएगा। इन प्रस्तावों के परीक्षण एवं अनुमोदन पश्चात नवगठित/पुनर्गठित जिला परिषदों, पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों के गठन की अधिसूचना जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी वर्ष में प्रदेश में 17 नवीन जिले एवं 3 नवीन संभाग बनाने का निर्णय लिया, लेकिन नवसृजित जिलों में नई जिला परिषदों का गठन नहीं किया। हाल ही में राज्य सरकार ने मंत्रिमण्डलीय बैठक में जिलों का पुनर्निर्धारण किया। पुनर्निधारण के बाद यथावत रखे गए 8 नए जिलों में राज्य सरकार ने नई जिला परिषदों के गठन का निर्णय लिया है, ताकि आमजन को इन जिलों के गठन का वास्तविक लाभ मिल सके।

### मुकुंदगढ़ पुलिस थाने में सीएलजी की बैठक, सदस्यों ने उठाई मांगे

**मुकुंदगढ़।** पुलिस थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की बैठक गुरुवार शाम एएसआई रतनलाल मीणा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान सदस्यों ने विभिन्न मांगे उठाते हुए समाधान कराने की मांग की। एएसआई मीणा ने अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए आमजन से पुलिस का सहयोग करने की बात कही। बैठक मे इमरान डूंडलोद ने डूंडलोद गांव मे हुई चोरी की वारदातों का खुलासा करने की मांग उठाई। मीणा समाज जिलाध्यक्ष दिलीप मीणा ने कस्बे में निर्धारित बस स्टैंड पर नहीं आकर बाईपास से होकर गुजरने वाली बसों का मुद्दा उठाते हुए सवारियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए बस चालकों को निर्धारित स्टैंड पर आने के लिए पाबंद करने की मांग की।

## सुविचार

लोग अक्सर ये भूल जाते है की आज जो आपके साथ है वो ही सच्चा सोना है ।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## प्राइवेट सेक्टर फुस्स

भारतीय अर्थव्यवस्था का आकलन समय समय पर होता रहता है। इससे देश में विकास की रफ्तार के बारे में पता चलता रहा है। इस बार भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए विकास दर के बाद अब प्राइवेट सेक्टर से भी एक बुरी खबर आ रही है। एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि जनवरी में 14 महीनों के निचले स्तर 57.9 पर आ गई, जो पिछले महीने के चार महीनों के उच्च स्तर 59.2 से कम है। इसका आंकड़ा 13 महीनों में पहली बार 58 के निशान से नीचे गिर गई। एचएसबीसी ने बताया कि भारतीय निजी क्षेत्र की कंपनियों ने 2025 की शुरुआत धीमी वृद्धि के साथ की। नए व्यापार में वृद्धि कम होने के कारण कुल उत्पादन नवंबर 2023 के बाद से सबसे धीमी गति से बढ़ा। महीने के दौरान कुल गतिविधि में गिरावट आई, लेकिन विनिर्माण प्रदर्शन बेहतर रहा क्योंकि फैक्ट्री उत्पादन पिछले महीने के 56.4 से बढ़कर छह महीने के उच्चतम स्तर 58 पर पहुंच गया। इससे पहले विनिर्माण क्षेत्र पिछड़ गया था, जिससे विकास दर सात तिमाही के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई थी। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने साल की शुरुआत मजबूत की थी। उत्पादन और नए ऑर्डर तीसरी वित्तीय तिमाही की तुलना में बेहतर हुए थे। नए निर्यात ऑर्डरों में वृद्धि खास तौर पर ध्यान देने योग्य थी और इनपुट लागत मुद्रास्फीति में कमी भी निर्माताओं के लिए अच्छी खबर है। वहीं दूसरी ओर सेवाओं के क्षेत्र में वृद्धि निराशाजनक रही क्योंकि सेवाओं में नए व्यवसाय की वृद्धि धीमी हो गई। सेवाओं के क्षेत्र में नए घरेलू व्यवसाय की वृद्धि में ठहराव, अर्थव्यवस्था में एक संभावित कमजोर बिंदु को उजागर करता है। दूसरी ओर सेवा प्रदाताओं के लिए नए निर्यात व्यवसाय में वृद्धि की गति बनी रहने की संभावना है। इस महीने की शुरुआत में सरकार द्वारा जारी किए गए वार्षिक आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025 की अनुमानित वृद्धि 6.4 प्रतिशत पर आंकी गई है, जो 6.5-7 प्रतिशत के अनुमान और आरबीआई के संशोधित 6.6 प्रतिशत के अनुमान से कम है। विनिर्माण गतिविधि में वृद्धि ने भी व्यापार विश्वास को बढ़ावा दिया, जिससे भावना मई 2024 के बाद से सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई। दूसरी ओर सेवाओं की भावना तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई। इसका मतलब हुआ कि फैक्ट्रियों में निर्माण और उत्पादन तो तेजी से हो रहा है, लेकिन सर्विस सेक्टर में गिरावट और सुस्ती दिख रही है। संभवतः सरकार इस ओर ध्यान देगी या कहें कि सरकार ध्यान दे रही होगी।

## 2047 तक विकसित भारत

# लक्ष्य हासिल करने निर्यात बढ़ाना जरूरी



मनोहर मनोज

**अब** जब हमने आगामी 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का ऐलान कर दिया है, तो ऐसे में सकल घरेलू उत्पाद में कम से कम एक चौथाई की हिस्सेदारी निर्यात क्षेत्र से होनी जरूरी है। उपलब्ध आंकडों के मुताबिक अप्रेल-नवंबर 2024 के दौरान भारत का कुल निर्यात 536 अरब डालर था, जो पिछले वर्ष के इसी अवधि के 498 अरब डालर के मुकाबले 7.5 फीसदी ज्यादा है। जबकि अगले 23 सालों में विकसित देश बनना है तो इस दौरान हमारा निर्यात कम से 950 अरब डॉलर होना चाहिए था। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश का कुल निर्यात करीब 800 अरब डालर होगा, जो पिछले वित्त वर्ष में 770 अरब डालर के करीब 30 बिलियन डॉलर ज्यादा होगा जबकि इसे 180 बिलियन डॉलर ज्यादा होना चाहिए था।

इमेज

अभी भी हमारी अर्थव्यवस्था निर्यात बढ़ाने के कई उपायों के बावजूद एक्सपोर्ट मॉडल केंद्रित न होकर आयातित मशीनरी व तकनीकी आधारित है। इस वजह से हमारा व्यापार घाटा सकल घरलू उत्पाद के एक फीसदी से कम नहीं हो पा रहा। विगत में यह दो से ढ़ाई फीसदी तक गया है। अभी गुजरे दिसंबर 2024 माह के आंकड़ों पर गौर करें तो हमारा निर्यात 38 अरब डॉलर तथा आयात 60 अरब डॉलर रहा है। पिछली सदी के 1990 के दशक की बात करें तो उस समय कुल विश्व व्यापार में हमारी हिस्सेदारी महज आधा फीसदी थी, जो अब करीब डेढ से दो फीसदी तक पहुंची है। जबकि अगर हम अपने मुख्य प्रतिद्वंदी चीन की बात करें, तो विश्व व्यापार में 90 के दशक में उसकी हिस्सेदारी जहां महज दो फीसदी थी, अब बढ़कर करीब 17.6 फीसदी हो चुकी है। पिछले वर्ष चीन का कुल निर्यात 3,413 बिलियन पौंड था, उसके बाद दूसरे नंबर पर 2572 बिलियन पौंड यानी 13.2 फीसदी निर्यात यूरापीय यूनियन का था। अमेरिका तीसरे नंबर पर 1960 बिलियन पौंड के साथ था, जिसकी विश्व निर्यात में भागीदारी 10.1 फीसदी बन रही थी। जापान चौथे और दक्षिण कोरिया 649 बिलियन पौंड के साथ पांचवें नंबर पर था। इस तरह देखें तो अभी चीन का कुल निर्यात आकार उतना ही है, जितना बड़ा आकार फिलहाल भारत की समूची अर्थव्यवस्था का है। यह ठीक है कि दुनिया के कई मुल्कों की अर्थव्यवस्था आयात आधारित होते हुए भी यथोचित प्रगति के सोपान हासिल करने में सफल रही हैं। परंतु हर देश को अपनी वस्तुओं व सेवा व्यापार के एडवांटेज और डिस्वाटेंज पहलू की बड़ी बुद्धिमतापूर्वक प्लानिंग व रणनीति बनाने की आवश्यकता पड़ती है। यही नहीं देशों को समय समय पर अलग अलग तकनीक व समयानुगत मांगों की आपूर्ति को लेकर भी अपनी रणनीति बदलती रहनी पड़ती है। मिसाल के तौरपर भारत अपने तीन चौथाई पेट्रोलियम उत्पादों, जिसमें 85 फीसदी कच्चे तेल व 44 फीसदी प्राकृतिक गैस तथा उर्वरकों व मेटल्स की जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर करता है, पर भारत ने आयातित कच्चे तेल का प्रसंस्करण कर तैयार पैट्रोलियम उत्पादों का एक बड़ा निर्यातक देश बना तो उससे व्यापार संतुतल लाने में बड़ी सहूलियत हुई। लेकिन दिसंबर 2024 माह में तैयार पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में 28 फीसदी की गिरावट आयी है। इसी तरह भारत हर साल करीब 40 अरब डॉलर का सोना खरीदता है, पर इसके बरक्श पॉलिश किए जेम्स व ज्वैलरी का भारत एक बड़ा निर्यातक बना तो इससे भी व्यापार संतुलन लाने में सहूलियत मिली। मगर हाल के आंकड़ों के मुताबिक जेम्स व ज्वैलरी के निर्यात में 26 फीसदी की गिरावट आ गई।

यही नहीं भारत ने इधर जबसे पीएलआई यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेन्टिव योजना शुरू की गई तो सरकार का प्रोत्साहन व्यय जरूर बढ़ा पर इससे मोबाडल फोन सेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के आयातक से निर्यातक देश में बदलने की कहानी भी शुरू हुई। भारत में आयात प्रतिस्थापन व निर्यात प्रोत्साहन की नीति विगत के योजनाकरण के दौर में सरकार की एक आधारभूत नीति हुआ करती थी, पर अलग अलग आइटम व सिगमेंट तथा नये नये व्यापार चलन व प्रचलन के हिसाब से भारत एक वैसी आक्रामक निर्यात रणनीति नहीं बना पाया जैसे कि हमारे पड़ोसी देश चीन ने किया। यह ठीक है कि चीन ने अपनी बाह्य अर्थव्यवस्था के उदारीकरण की शुरूआत हमसे एक दशक पहले कर दी थी, जिससे एक तरफ उसके यहां बड़ी मात्रा में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की तरफ से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया और फिर वह समूची दुनिया का फैक्ट्ररी हाउस बनने में कामयाब होता गया। चीन ने समूची दुनिया के अलग अलग देशों की मांग और उनकी क्रय क्षमता के हिसाब से उनके अनुरूप वस्तु व सेवाओं का उत्पादन, प्राइसिंग व उनकी सप्लाई की। इस क्रम में उसने समूचे अमेरिका व यूरोप की कई जरूरतों की मांग हथिया ली। क्योंकि इन देशों को ये लगता था कि इन चीजों के घरेलू उत्पादन की लागत ज्यादा है और इनकी सप्लाई चीन से कराने में उन्हे ज्यादा फायदा है। इसी तरह से भारत को जिसे टेक्सटाइल व हैंडीक्राफ्ट जैसे क्षेत्रों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बढ़त प्राप्त थी, उसे वह पिछले तीन दशक में आगे नहीं बढ़ा पाया और चीन व बांग्लादेश जैसे देश हमें इस मामले में कड़ी टक्कर देते चले गए। भारत की अर्थव्यवस्था फार्मेसी व कंप्यूटर हार्डवेयर तथा इलेक्ट्रॉनिक्स की आधारभूत चीजों के लिए चीन पर निर्भर रही है। इनका त्वरित रूप से आयात प्रतिस्थापन करने में हम सक्षम नहीं हो पाए। ये ठीक है कि हमने इधर स्मार्ट मोबाइल व कंप्यूटर सेमी-कंडक्टर व चिप्स के कई सारे प्लांटों की नींव देश में डाल दी, जिसके अच्छे नतीजे जरूर मिलेंगे। दरअसल भारतीय अर्थव्यवस्था के सेवा प्रधान होने की वजह से व्यापार मामले में भी सेवा क्षेत्र की प्रधानता ज्यादा देखी गई है। मर्चेन्डाइज सेक्टर में हमारा आयात निर्यात से काफी ज्यादा है, जबकि सेवाओं के मामले में हमारा निर्यात आयात से काफी ज्यादा है। मिसाल के तौरपर वर्ष 2024 के अप्रेल-नवंबर अवधि के दौरान मार्चेन्डाइज व्यापार मामले में भारत करीब 200 अरब डालर के घाटे में था, जबकि सेवा सेक्टर में भारत को करीब 120 अरब डालर का व्यापार सरप्लस हासिल था। यही वजह है कि भारत दुनिया में विदेशों से कमाई हासिल करने वाला सबसे बड़ा देश बना हुआ है। मर्चेन्डाइज व सेवा व्यापार में संतुलन लाना भारत व इसकी अर्थव्यवस्था के लिए प्राथमिकता होना चाहिए। यह लक्ष्य तभी हासिल होगा जब हमारी अर्थव्यवस्था में उद्योग विशेषकर मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान ज्यादा होगा। देखा जाए तो इन मामलों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों व उनकी शर्तों की भी बड़ी भूमिका है। मिसाल के तौरपर दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के व्यापारिक संगठन आरसेप में भारत ने अंत समय में भाग लेने से इसलिए मना कर दिया; क्योंकि इससे भारत के पारंपरिक घरेलू सेक्टर में चीन के सस्ते उत्पादों के आवक की आशंका ज्यादा थी। भारत ने नयी आर्थिक नीति के बाद तथा विश्व व्यापार संगठन की नयी रिजीम में शामिल होने के बाद प्रतियोगिता व संरक्षण नीति में एक संतुलन लाने का प्रयास किया पर वह भारत को व्यापार सरप्लस देश बनाने में कामयाब नहीं कर पाया।

## पंचांग

25 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | माघ |
| पक्ष | - | कृष्ण |
| तिथि | - | एकादशी 20.32 तक |
| वार | - | शनिवार |
| नक्षत्र | - | ज्येष्ठा अहोरात्र |
| योग | - | ध्रुव 28.38 तक |
| करण | - | बव 08.05 तक |
| सूर्योदय | - | 07.15 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.26 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.26 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.20 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | वृश्चिक |
| अभिजित् मुहूर्त | - | 12.28 से 13.13 |
| राहु काल | - | 10.02 से 11.26 |
| व्रत, त्यौहार | - | बिच्छुड़ा, षटतिला एकादशी (कोपरा) |
| दिशा शूल | - | पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## राम-सीता की वन में सेवा करने को चौदह वर्षों तक नहीं सोए लक्ष्मण

अगर छोटे भाई के प्रेम और त्याग को कोई उदाहरण दिया जाता है तो हमेशा लक्ष्मण का नाम लिया जाता है। कहा भी जाता है कि अगर बड़ा भाई भगवान राम जैसा हो तो छोटा भाई लक्ष्मण जैसा हो। लक्ष्मण के भाई के प्रति प्रेम का कोई दूसरा उदाहरण तीनों लोक में नहीं मिलता है। लक्ष्मण का अपने बड़े भाई श्रीराम के प्रति प्रेम को बताने के लिए तमाम कहानियां हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार माना जाता है कि राम जब 14 वर्षों के लिए वनवास काट रहे थे तो उस दौरान बड़े भाई और भाभी की रक्षा के लिए लक्ष्मण कभी नहीं सोए। इसीलिए उन्हें 'गुडा केश' भी कहा जाता था। गुडा केश का मतलब जो निद्रा का स्वामी हो। अपनी इसी विशेषता की वजह से लक्ष्मण लंका युद्ध में रावण के बड़े पुत्र और बेहद पराक्रमी योद्धा और अति बलशाली मेघनाद का वध करने में सफल रहे थे। लक्ष्मण ने बाण से मेघनाद का सिर धड़ से अलग कर दिया था।

**ब्रह्मा जी ने मेघनाद को दिया वरदान**

पौराणिक कथाओं के अनुसार रावण ने स्वर्ग पर अपना कब्जा जमाने के लिए देवताओं पर आक्रमण कर दिया था। इस युद्ध में मेघनाद ने भी भाग लिया था। मेघनाद ने इंद्र सहित सभी देवताओं को परास्त कर दिया। जिसके बाद उन्हें इंद्रजीत के नाम से पुकारा जाने लगा। युद्ध जीतने के बाद मेघनाद जब लंका जाने लगे तो उन्होंने इंद्र को अपने साथ ले लिया। ब्रह्मा जी ने मेघनाद से कहा कि अगर वो इंद्र को मुक्त कर देंगे तो वह उन्हें एक वरदान देंगे। ब्रह्मा जी ने मेघनाद का अमर होने के वरदान की मांग को ठुकरा दिया, लेकिन उन्हें आशीर्वाद दिया कि पृथ्वी पर एक केवल वही व्यक्ति उनका वध कर सकता है जो 14 सालों से सोया न हो।

**वनवास में राम के साथ गए लक्ष्मण**

जब राजा दशरथ ने श्रीराम को 14 वर्ष के वनवास की आज्ञा दी तो लक्ष्मण ने भी अपने बड़े भाई के साथ वन में जाने का निर्णय ले लिया। लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला ने कहा कि वह भी उनके साथ चलेंगी। तो उन्होंने अपनी पत्नी को समझाते हुए कहा कि वह वन में राम और सीता की सेवा करना चाहते हैं। अगर उर्मिला भी उनके साथ जाएंगी तो उनके काम में विघ्न पड़ेगा, क्योंकि उन्हें उनका भी ध्यान रखना होगा। उर्मिला ने दिल पर पत्थर रखकर लक्ष्मणजी की यह बात मान ली और वह उनके साथ नहीं गईं।

## तारीख विशेष

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रतिवर्ष 25 जनवरी को भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह भारत सरकार द्वारा अधिक युवा मतदाताओं को राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित किया गया था, और पहली बार 25 जनवरी 2011 को मनाया गया था। तत्कालीन सूचना एवं प्रसारण मंत्री अंबिका सोनी ने कहा कि 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके नए मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने में कम रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में उनके नामांकन का स्तर 20 से 25 प्रतिशत तक कम है। उन्होंने कहा, "इस समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चुनाव आयोग ने देश भर में 8.5 लाख मतदान केंद्रों में से प्रत्येक में हर साल 1 जनवरी तक 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले सभी पात्र मतदाताओं की पहचान करने के लिए एक जोरदार अभ्यास करने का फैसला किया है।" सोनी ने कहा कि ऐसे पात्र मतदाताओं का समय पर नामांकन किया जाएगा और हर साल 25 जनवरी को उन्हें मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) सौंप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से युवाओं में सशक्तीकरण और गर्व की भावना पैदा होगी और वे अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित होंगे। नए मतदाताओं को "मतदाता होने पर गर्व है - मतदान के लिए तैयार" लोगो के साथ एक बैज प्रदान किया जाएगा। समावेशिता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 'कोई मतदाता पीछे न छूटे' का नारा गढ़ा गया है। चुनाव प्रक्रियाओं और प्रक्रियाओं में उत्कृष्टता, दक्षता और नवाचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं। ये पुरस्कार चुनाव मशीनरी, सरकारी विभाग/एजेंसी/पीएसयू, सीएसओ और मीडिया द्वारा योगदान को मान्यता देते हैं। भारत के युवा मतदाताओं में सबसे ज्यादा खुशी देखी जाती है। चौथे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर, विकलांगता कार्यकर्ता सतेंद्र सिंह की आरटीआई ने भारत के चुनाव आयोग को तब चौंका दिया जब उन्हें विकलांग मतदाताओं को मताधिकार देने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए पाया गया।

## प्रयाग महाकुंभ

# श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र किन्नर अखाड़ा

एन. के. अरोड़ा

**प्रयागराज में चल रहे मौजूदा महाकुंभ में देश-विदेश के भक्तों और श्रद्धालुओं का ध्यान सबसे ज्यादा नागा और किन्नर साधु खींच रहे हैं। नागा साधु जहां विभिन्न शैव अखाड़ों का हिस्सा होते हैं, वहीं किन्नर संत पहली बार एक मान्यता प्राप्त अखाड़े के रूप में प्रयागराज महाकुंभ में शामिल हुए हैं। हालांकि वह इसके पहले 2021 में हरिद्वार में और उसके पहले नासिक कुंभ में भी भागीदारी कर चुके हैं।**

- इमेज

**प**हली बार अपने एक स्वतंत्र अखाड़े के संतों के रूप में किन्नर साधुओं ने प्रयागराज में शाही स्नान किया है और इस घटना से रूबरू होने के लिए किन्नर साधुओं के रास्ते में दोनों तरफ लाखों लोगों की भीड़ खड़ी थी, जो उनका जय जयकार कर रही थी और उन पर फूल बरसा रही थी। इस बार के पहले शाही स्नान के दौरान महाकुंभ में किन्नर साधुओं को देखकर आम श्रद्धालु इस कदर रोमांचित थे कि हजारों की तादाद में पुलिस फोर्स के लगे होने के बावजूद वे अपनी जान जोखिम में डालकर किन्नर साधुओं के रथों के पीछे दौड़ रहे थे और उनके पैर छूने को बेताब थे। किन्नर साधु जैसे ही संगम तट पर शाही स्नान के लिए पहुंचे, लोग रोमांच से जय जयकार करने लगे। जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े के संत शाही रथों और बग्घियों पर सवार होकर अमृत स्नान के लिए पहुंचे थे। किन्नर अखाड़े ने श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के साथ अमृत स्नान में हिस्सा लिया। राजशाही तरीके से सुज्जित रथों में स्नान करके लौटते हुए किन्नर संतों ने भाव विह्वल हुए श्रद्धालुओं को निराश भी नहीं किया, उन्होंने भक्तों के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। जबकि दूसरे साधु आमतौर पर भक्तों के प्रति इतने दयालु नहीं होते। लेकिन शायद इन्हीं और संतों के प्रति आम भक्त इतने आसक्त भी नहीं होते, जिस तरह किन्नर संतों के प्रति लोगों की भाव विह्वलता देखने को मिली।

शायद भारतीय समाज में यह बहुत गहरे तक विश्वास बना हुआ है कि किन्नर बहुत पवित्र आत्मा होते हैं। यही वजह है कि आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में जब किन्नर अखाड़े के साधु, संत संगम नोज पहुंचकर अमृत स्नान किया, तो समूचे महाकुंभ क्षेत्र में जय जयकार होने लगी और एक खास तरह की ऊर्जा से पूरा कुंभ क्षेत्र चार्ज हो गया। हर हर महादेव का जयघोष करते जब किन्नर अखाड़े के संत पारंपरिक शस्त्रों का लयपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, तो उनकी गरिमा और शौर्य का उल्लास देखते बनता था। किन्नर अखाड़े के साधुओं ने अमृत स्नान के अवसर पर हर भारतवासी के लिए सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। उनके मुताबिक महाकुंभ का यह आयोजन न सिर्फ एक धार्मिक आयोजन है बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने का आयोजन भी है। हर हर महादेव के नारों के बीच किन्नर अखाड़े ने भारतीय संस्कृति का एक ऐसा समरस रूप प्रस्तुत किया है, जो किसी और देश में किन्नरों को इतनी ऊंची सामाजिक प्रतिष्ठा के रूप में शायद ही स्वीकार हो।

गौरतलब है कि किन्नर अखाड़े की स्थापना साल 2015 में आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने की थी, यह अखाड़ा उत्तराखंड के हरिद्वार में है। यह भारत में संतों के 13 अखाड़ों से अलग है, जो अखाड़े सदियों से मौजूद हैं। किन्नर अखाड़ा दरअसल ट्रांसजेंडर समुदाय का आध्यात्मिक मंच है। इसमें ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सनातन धर्म और सनातन परंपरा के अनुसार आध्यात्मिक और धार्मिक नेतृत्व की भूमिका में शामिल किया जाता है। ट्रांसजेंडर अखाड़े में दूसरे अखाड़ों की तरह ही किन्नर महामंडलेश्वर, साध्वी और गुरुओं की परंपरा स्थापित की गई है। ये तकनीकी रूप से पहली बार 2019 के कुंभ मेला में शामिल हुए थे, क्योंकि इसके पहले तक किन्नर समुदाय विधि-विधान से उच्च धार्मिक परंपराओं में शामिल नहीं होते थे। साल 2021 के हरिद्वार कुंभ में किन्नर अखाड़े ने अपनी परंपरा और आध्यात्म के प्रचार प्रसार में मजबूती दिखाई और जब 2025 में लोगों ने प्रयागराज में इनकी पूर्ण मौजूदगी देखी तो अभिभूत हो गए।

क्योंकि भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा में किन्नरों का विशेष स्थान है। रामायण और महाभारत जैसे महान हिंदू धार्मिक ग्रंथों में किन्नरों का महत्वपूर्ण उल्लेख मिलता है। बाद में आधुनिक समाज ने इनकी पहचान को हाशिये पर धकेल दिया था, खासकर जब भारत में मुस्लिमों का शासन था, तो उन्होंने किन्नरों को हर तरह की सांस्कृतिक गतिविधियों से दूर कर दिया था। मगर आजाद भारत में एक बार फिर से किन्नर सनातन धर्म परंपरा की समरस संस्कृति का मजबूत हिस्सा हैं। किन्नर मूलतः अपने आध्यात्मिक रहस्यवाद के लिए जाने जाते हैं। किन्नर अखाड़ा केवल धर्म प्रचार नहीं करता बल्कि यह ट्रांसजेंडर अधिकारों, शिक्षा और सामाजिक समावेश के लिए भी काम करता है। भारतीय संस्कृति में किन्नरों को बहुत पूज्य और पवित्र माना जाता है। उनकी धार्मिक और आध्यात्मिक शक्ति को हमेशा नमन किया जाता है, इसलिए जब किन्नर किसी अखाड़े या मेले के आयोजन में शामिल होते हैं, तो लोग उनकी आध्यात्मिक ऊर्जा और रहस्यमय आभा से प्रभावित होते हैं। अब सनातन परंपरा के महान संत अखाड़ों में शामिल हुआ, किन्नर अखाड़ा भारतीय समाज में, किन्नरों के सम्मान और स्वीकृति का प्रतीक है। इसलिए कुंभ में नागा साधुओं की तरह इन्हें भी विशेष आदर, सम्मान व उत्सुकता से देखा जाता है।



## गीता सार

**अर्जुन उवाच**

**अपरं भवतो जन्म परं जन्म विवस्वतः।**
**कथमेतद्विजानीयां त्वमादौ प्रोक्तवानिति ॥4॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

अर्जुन बोले – आपका जन्म तो अभी हाल का है और सूर्य का जन्म बहुत पुराना है तब मैं इस बात को कैसे समझूं कि आप ने ही (कल्प के) पूर्व में सूर्य से यह योग कहा था?

## बोले तो...



2024 चुनौतियों और जटिलताओं के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से एक निर्णायक साल था। इसमें दक्षता, पारदर्शिता और मतदाता विश्वास बढ़ाने में प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गलत सूचनाएं ऐसे वक्त ही प्रसारित की जाती हैं।

-राजीव कुमार



सैफ अली खान जल्द ठीक होकर फिल्म इंडस्ट्री में वापस आएंगे। जो भी इस घटना के पीछे है, हम उन्हें नहीं छोड़ेंगे। महाराष्ट्र को सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। हम अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

- एकनाथ शिंदे



विपक्ष के लोगों खासकर ओवैसी की सोच है कि हमने जम्मू-कश्मीर का पूरा प्रतिनिधित्व नहीं सुना और मीरवाइज उमर फारूक को बुलाया। उन्हें सुनने के लिए ही जेपीसी अध्यक्ष ने बैठक स्थगित कर दी और खंडवार चर्चा की। आज विपक्ष की सोच और नजरिया उजागर हो गया है।

- निशिकांत दुबे

## कुछ अलग | अजब गजब

# गुड़गांव के नीचे बहती थी एक नदी, अधिकांश लोग इस दुर्लभ जानकारी से वंचित

हर शहर का अपना अलग इतिहास होता है। कई बार इस इतिहास से लोग रूबरू नहीं होते हैं। इस वजह से उन्हें ये जानकारियां हैरान करने वाली लगती हैं। हाल ही में ऐसी ही एक जानकारी लोगों को अनोखी लग रही है। ये जानकारी हरियाणा के गुड़गांव शहर की है जो जो दिल्ली-एनसीआर का अहम शहर बन चुका है जहां सैकड़ों कंपनियों के ऑफिस बने हैं। क्या आप जानते हैं कि इस शहर के नीचे एक नदी बहा करती थी? ये जानकारी इतनी दुर्लभ है कि यूपी-बिहार तो छोड़िए, जो लोग हरियाणा में रह रहे हैं, उन्हें भी शायद इस नदी के बारे में नहीं पता होगा, क्योंकि कई सालों पहले ही ये सूख गई थी।

जिस नदी की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम था साहिबी, जिसे सीबी भी कहते थे। यह नदी जयपुर के जीतगढ़ नामक स्थान से निकलकर अलवर (राजस्थान), रेवाड़ी, गुड़गांव (हरियाणा) से होते हुए दिल्ली के नजफगढ़ नाले में गिरती थी और वहां से ये यमुना में जाकर मिल जाती थी। यह बारिश पर निर्भर नदी थी. रिपोर्ट्स की मानें तो 1980 के दशक तक इस नदी में पानी था। अब सवाल ये उठता है कि आखिर ये नदी कहां गई?

**1980 के दशक में नदी में था पानी**

बारिश कम होने की वजह से ये नदी सूखती गई। इसके अलावा नदी को जबरदस्ती भी सुखाने का काम किया गया। सूखी हुई जमीन पर प्लाट काट-काटकर लोगों को बेचे गए और वहीं पर गुड़गांव का निर्माण हुआ। गुड़गांव गवर्नमेंट कॉलेज के प्रिंसिपल रहे डा. अशोक दिवाकर ने कहा था कि उन्होंने इस नदी में 1977 में आई बाढ़ देखी थी। रेवाड़ी के एक गांव में वो बाढ़ से जुड़े राहत कार्य करने गए थे। तब पानी गुड़गांव के सेक्टर-14 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज तक घुस आया था। जानकारों का कहना है कि सिर्फ 4 दशक पहले तक जिस नदी में बाढ़ आती थी, उसका नामोनिशान अब मिट चुका है। नदी को सुखाकर उसके रास्ते में मकान और इमारतें बनाना खतरनाक है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में भूगोल से पीएचडी करने वाले डा. दिवाकर कहते हैं कि नदी के मार्ग में घर बनाने के बाद अगर बाढ़ आती है तो जान-माल के नुकसान में नदियां जिम्मेदार नहीं हैं। साहिबी नदी में कभी पानी भर जाए तो वो बाढ़ रूप में विनाश करेगी।



## पाठक पाती

### लोगों में यात्रा के दौरान सतर्कता और विवेक जरूरी

रेल यात्रा परिवहन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है इससे देश का बड़ा वर्ग जुड़ा हुआ है। अपेक्षाकृत रेल यात्रा सस्ती और सुरक्षित मानी जाती है। समय और किराये की बचत इसका बड़ा फायदा है, लेकिन देखने में आ रहा है कि पटरियों पर दुर्घटनाएं आज आम बात हो गई है जो एक गंभीर समस्या हैं। मानवीय गलतियां, लापरवाही और तकनीकी खामियों की वजह से ये दुर्घटनाएं होती हैं। रेल दुर्घटनाओं में पटरियों, सिग्नल में गड़बड़ी तथा सुरक्षा उपायों की कमी बड़ी चुनौती है। हाल ही में महाराष्ट्र में रेल में आग की अफवाह से भगदड़ में 12 लोगों की मौत ने इस समस्या के एक और गंभीर पहलू को उजागर किया है। अफवाहें लोगों में जागरुकता की कमी से होती है और अचानक भगदड़ ऐसी त्रासदियों को जन्म देती हैं। इस घटना के बाद लगता है कि तकनीकी सुधारों के साथ ही यात्रियों में सामाजिक जागरुकता और आपातकालीन स्थितियों से निपटने का विवेक पैदा करने की भी जरूरत है। जरा सी हलचल को एकदम सही मानने की बजाय उसकी सच्चाई को परख कर फिर सुरक्षित कदम उठाए जाने चाहिए जिससे हादसे ने हों। दुर्घटना के समय यात्रियों को रेल में सतर्कता और स्वविवेक होना जरूरी है।

-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस, आत्मरक्षार्थ दिया प्रशिक्षण

## कई बालिकाओं को किया सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** महिला अधिकारिता एवं जिला प्रशासन पाली के तत्वावधान में शु' वार को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन भंसाली राजकीय कन्या महाविद्यालय पाली में किया गया। बालिका दिवस के साथ ही कार्य' म में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने एवं राजस्थान मरू उड़ान योजना के अंतर्गत स्पेशल ट्रेनर द्वारा महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 200 से अधिक बालिकाओं ने भाग लिया। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भागीरथ चौधरी ने बताया कि पुलिस विभाग की कालिका पेट्रोलिंग टीम की उप निरीक्षक डिंपलकंवर द्वारा महिलाओं से संबंधित कानूनों एवं राजकोप सिटीजन ऐप के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मांगीलाल तंवर ने विधिक सेवा की जानकारी के साथ महिला सुरक्षा से संबंधित टोल फ्री नंबर 15100 साझा किया। राजस्थान मरू उड़ान एवं बीबीबीपी योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभाग द्वारा समय समय पर बालिकाओं का जन्म दिवस मनाने के साथ इसे उत्सव के रूप में प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं जिला स्तर पर कार्य' म आयोजित किए जाते है। भंसाली कॉलेज प्राचार्य डॉ विनीता कोका ने बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्य' म में एकल नृत्य में डिंपल, सोनू व पूनम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में मोनिका, कीर्ति व सोनू ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। भंसाली कॉलेज की छात्राओं द्वारा महिला सशक्ति करण पर एक नाटक का मंचन किया गया। समूह नृत्य हर्षिता एंड टीम द्वारा किया गया।



### इन्होंने भी किया संबोधित

मॉन्टेसरी स्कूल संस्कार केंद्र सचिव विमला मंत्री ने बालिका शिक्षा, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की प्रियंका व्यास ने केंद्र पर दी जा रही सेवाओं, सखी वन स्टॉप सेंटर प्रबंधक देवी बामनिया ने परामर्श सुविधाओं की जानकारी दी। उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग भागीरथराम ने बालिका दिवस और बीबीबीपी अंतर्गत राजस्थान मरू उड़ान योजना के महत्व पर प्रकाश डाला व सभी का आभार ज्ञापित किया। कार्य' म में महिला अधिकारिता के अशोक चौधरी, अमृत जांगिड़, वि' म चौधरी, अजीज खान भी मौजूद थे।



### छात्राओं को किया सम्मानित

कार्य' म में भाग लेने वाली सभी छात्राओं का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से संबंधित दुपट्टा, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। केक काटकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का संदेश दिया गया। लोकसभा एवं विधानसभा आम चुनाव में वोट बाइसा कार्य' म में प्रथम स्थान प्राप्त कर महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली तनुश्री कंवर को सम्मानित किया गया।

**सुमेरपुर।** वाइब्रेंट वैली हाइस्कूल में शुक्रवार को विश्व बालिका दिवस पर विभिन्न कार्य' मों का आयोजन किया गया। बालिकाओं के अधिकारों पर चर्चा कर निबंध प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्य' म आयोजित किए गए। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्य' मों की प्रस्तुतियां दी गई। इसके बाद शिक्षकों ने बालिकाओं के अधिकारों पर चर्चा की और उनके विकास के लिए काम करने के महत्व पर बल दिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम,



द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए। वाइब्रेंट वैली हाइस्कूल सुमेरपुर के निदेशक डॉ. नारायण विश्नोई ने कहा कि विश्व बालिका दिवस का आयोजन हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। हमें उम्मीद है कि इस आयोजन से हमारे विद्यार्थी बालिकाओं के अधिकारों के महत्व को समझेंगे और उनके विकास के लिए काम करने के लिए प्रेरित होंगे। संस्थान अध्यक्ष महावीरसिंह सिसोदिया ने बालिका दिवस पर सभी छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उधर आदर्श कॉलोनी स्थित मयूर पब्लिक स्कूल में शु' वार को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। संस्था प्रधान निर्मला धवंर ने बताया कि बालिका ट्विंकल परमार को एक दिन की प्रधानाचार्या बनाया गया। उन्होंने बताया कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रो में बालिका शिक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। सभी विद्यार्थियों को बालिका दिवस का महत्व बताते हुए बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कन्या भ्रुण हत्या सहित फैली कुरीतियां मिटाने का आह्वान किया। इस मौके पर किशन शर्मा, चंद्रलता वैष्णव, शीना गोस्वामी, रूचिका गहलोत, मितुल राजपूत, विनल सेन, अंजली, नीतू सुथार, रेणु आदि मौजूद रहे।



**देसूरी।** कस्बे के शाह दलीचंद मंगनीराम गोदानी बालिका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालिका दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका राजश्री शर्मा की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पाली के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति देसूरी की पीएलवी संतोष कुमारी, भारतसिंह राव की ओर से बालिका दिवस का उत्सव, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय अभियान की महत्वपूर्ण विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए जागरूक किया गया। कन्या भ्रूण हत्या के खतरे और इस बुराई को रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। पीएलवी संतोष कुमारी ने पोक्सो एक्ट 2013 में महिलाओं के कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिंग उत्पीड़न के निवारण परितोष की जानकारी दी। साथ ही माडल फोर सीनियर सिटीजन में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और सरकार द्वारा चलाई जा रही लोककल्याणकारी योजनाओं के साथ जन उपयोगी सेवाओं (बैंकिंग, बीमा चिकित्सा, पेट्रोलियम, लिक्विड गैस, डाक इत्यादि) की भी जानकारी प्रदान




की। राउमावि में प्रधानाध्यक्ष जगदीश चौधरी, उप प्रधानाचार्य अशोक मीणा के अध्यक्षता में पीएलवी भारतसिंह राव ने राष्ट्रीय बाल दिवस पर विद्यार्थियों को कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए बने कानून की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इनमें कानूनी, सामाजिक और शिक्षा से जुड़े उपाय गर्भधारण से पहले और बाद में लिंग चयन को रोकने के लिए साल 1994 में गर्भधारण से पूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीक (पीएनडीटी) अधिनियम लागू किया गया। इस कानून के तहत, अल्ट्रासाउंड मशीनों का इस्तेमाल और अल्ट्रासाउंड सेंटरों का संचालन नियमित किया गया। गैर-पंजीकृत मशीनों और क्लीनिकों पर दंड का प्रावधान किया गया। पीएनडीटी एक्ट के तहत, कोई भी डॉक्टर लिंग जांच नहीं कर सकता है। साथ ही सामाजिक उपाय मीडिया और स्वयंसेवी संगठनों ने कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए काम किया गया है। स्कूलों में लिंग संवेदीकरण के लिए व्याख्यान आयोजित किए गए। शिक्षा से जुड़े उपाय बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे प्रचारित किए। इस दौरान गणपतसिंह, ठाकरराम देवासी, ममता व्यास, श्रीमती किरण, कुलदीप भीमावत, दुर्गा चौधरी, सुश्री काजल, मंजू शर्मा, अनिल गुप्ता, दिनेश पटेल, मदनकुमार भी मौजूद थे।

# वार्षिकोत्सव पर दी रंगारंग प्रस्तुतियां

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी। समारोह के अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धन्नाराम सोलंकी, प्रकाश सुथार एवं पीइइओ कपूरचंद व सरपंच दाकुदेवी ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पअर्पण कर कार्य' म का शुभारंभ किया। बालिकाओं ने नृत्य के साथ सरस्वती वंदना की शानदार प्रस्तुति दी। अन्य विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। संस्था प्रधान कपूरचंद सहित स्टाफ ने अतिथियों व भामाशाहों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति, पढ़ाई व खेलकूद प्रतियोगिताओं में अव्वल व विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों एवं कार्मिकों को पुरस्कृत कर सम्मान किया गया। संस्था प्रधान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मंच संचालन विक्रमसिंह चंपावत ने किया। शारीरिक शिक्षक सुरेंद्रसिंह राठौड़ ने कार्य' म की व्यवस्था संभाली। अतिथियों व भामाशाहों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर लक्ष्य के प्रति समर्पित भाव रखकर उसे हासिल करने की सीख दी। इस दौरान उप प्रधानाचार्य रुपाराम पारंगी, हरीराम माली, दिनेशसिंह, कपूराराम, चमन यादव, निलम, महेंद्रकुमार, प्रकाश खटीक, मनोहरलाल, मन्नाराम, महावीर मेवाड़ा, ओटाराम लोहार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।




**देसूरी।** समीपवर्ती शोभावास गांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में उत्साह व उमंग के साथ वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्य' म का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल बलाई, कांग्रेस नेता रतन जणवा, एसीबीइओ मंगलाराम नायक व पीइओ तुलसाराम बागरेचा का आतिथ्य रहा। प्रधानाध्यापक लालचंद मीणा और स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, राजस्थानी लोक संगीत और देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी। विद्यालय को शिक्षण सामग्री और आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों का विशेष सम्मान किया गया। सीबीइओ बलाई ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का अहम हिस्सा है, जो बच्चों को ज्ञान और कौशल प्रदान कर बेहतर नागरिक बनने में मदद करती है। उन्होंने छात्रों से शिक्षकों का सम्मान करने और शिक्षा को गंभीरता से लेने का आह्वान किया। इस दौरान सोनाणा प्रधानाचार्य मूलचंद मालवीय, आना बालिका स्कूल के प्रधानाचार्य चंपालाल सुथार, मोहनलाल चौहान, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक लालचंद मीणा, दीपाराम कुमावत, मालमसिंह, विकासकुमार, टीना गोजा, रिंकू कुमारी, व्याख्याता अर्जुनसिंह, विजेंद्रसिंह, एसएमसी अध्यक्ष हरीराम सोलंकी, शिक्षक संघ अध्यक्ष वि' म मीणा, आरपी रघुवीरसिंह समेत ग्रामीण व छात्र मौजूद थे।




# आईमाता धर्म वेल रथ का किया भव्य स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** सीरवी समाज द्वारा रडावा बढेर से रवाना होकर बाली रंजन सराया पहुंचने पर आस्था से ओतप्रोत धर्म वैल रथ का जोरदार स्वागत किया गया। सीरवी समाज के कोटवाल नथाराम सोलंकी, जमादारी कानाराम काग व टिकायत परिवार द्वारा बंधावणा (स्वागत) कार्य' म आयोजित किया गया। प्रमुख बाबा मंडली के पूना बाबा, खेतबाबा, शंकरबाबा, जेठाराम सोलंकी, रतनलाल, राजेन्द्रसिंह पंवार सहित बाबा मंडली का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समाजसेवी एवं मीडिया प्रभारी खेताराम महाराज ने बताया कि धर्म वैल



रंजन सराया से रवाना होकर आईजी चौक होते हुए आईमाता मन्दिर प्रांगण पहुंचा। जहां ठहराव कर महाआरती की गई। सभी ने धोक लगाकर मंगल कामना की। इस मौके पर समाज कोटवाल, जमादारी एवं पंचगणों धन्नाराम परमार, जसाराम गहलोत, चेलाराम चौधरी, तेजाराम गहलोत, हिम्मतमल हाम्बड, मूलाराम चौधरी, पालिकाध्यक्ष भरत चौधरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष जगाराम चौधरी, लखमाराम, चुन्नीलाल चौधरी, गमनाराम मुलेवा, नेनाराम सीरवी, भगाराम गहलोत, पुखराज चौधरी, भोलाराम, कृषि अधिकारी राजाराम चौधरी, पार्षद गोमाराम रचेटा, भरत परमार एडवोकेट, घीसूलाल चौधरी, नेनाराम चौधरी, मांगीलाल सीरवी, सुरेशकुमार, अमृत सीरवी, पुजारी मागु महाराज सहित समाजजनों ने महाआरती कर मंगलकामना की।

## पनोता में भजन संध्या 30 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती पनोता स्थित अलखजी मंदिर प्रांगण में 30 जनवरी को एक शाम अलखधणी के नाम भजन कार्यक्रम एवं दूसरे दिन 31 जनवरी को महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी पुष्पेन्द्रसिंह सोलंकी के अनुसार दाखूदेवी धनाराम कालीराणा परिवार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी, पूर्व विधायक खुशवीरसिंह जोजावर, देसूरी प्रधान संगीता राजपुरोहित एवं पनोता सरपंच श्रीमती मूमल का आतिथ्य रहेगा। भजन संध्या में छोटूसिंह रावणा एंड पार्टी सहित एक दर्जन भजन कलाकार भजनों की प्रस्तुति देगें। दूसरे दिन शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर डूंगाराम, भंवरलाल, कुपाराम, सोहनलाल, शांतिलाल सहित ग्रामीण तैयारियों में जुटे है।

## न्यायाधीश मनोजकुमार गर्ग आज पाली दौरे पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** किशोर न्याय समिति राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर अध्यक्ष एवं न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग शनिवार को पाली के दौरे पर रहेंगे। यात्रा कार्य' म के अनुसार न्यायाधीश प्रातः 10.15 बजे राजकीय बाल एवं संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण, 11 बजे एमआर होम पाली, 11.45 पूर्वाह्न एमआर स्पेशल स्कूल पाली का निरीक्षण करेंगे। अपराह्न 4 बजे कलेक्टर सभागार में एसजेपीयू के अधिकारियों एवं अन्य हितधारकों की बैठक लेंगे।

## मतदाता दिवस आज, सम्मानित होंगे 41 कार्मिक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शनिवार को जिला स्तरीय कार्य' म में 41 कार्मिकों कोजिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर एलएन मंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्य' म जिला परिषद में प्रातः 10.30 आरंभ होगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** गणतंत्र दिवस समारोह रविवार को जिला मुख्यालय स्थित बांगड स्टेडियम में मनाया जाएगा। जिला कलक्टर एलएन मंत्री के अनुसार प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली जाएगी। 9.20 पर राज्यपाल के संदेश का पठन होगा। 9.35 पर छात्र-छात्राओं द्वारा पीटी एवं व्यायाम का प्रदर्शन किया जाएगा। 9.50 बजे मुख्य अतिथि का उदबोधन होगा। 10.05 बजे स्वतंत्रता सेनानियों, युद्ध वीरांगनाओं का सम्मान, पुरस्कार व प्रशिस्त पत्र का वितरण, प्रातः 10.25 बजे राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्य' म एवं 10.45 पर विभिन्न विभागों की झांकियों की प्रस्तुति होगी।प्रातः 11 बजे राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन होगा। इससे पहले शनिवार को राजकीय बांगड विद्यालय में सायं 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। आयोजनों को लेकर शुक्रवार को फाइनल रिहर्सल किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राहुलकुमार, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक प्रवीणकुमार जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर

**सांडेराव।** क्षेत्र में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर है। कस्बे के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में शु' वार को विद्यार्थियों की ओर से व्यायाम व परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। प्रधानाचार्य कपूरचंद के अनुसार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक पूर्ण गरिमा के साथ मनाया जाएगा। शारीरिक शिक्षक सुरेंद्रसिंह राठौड़ के निर्देशन में विद्यार्थी उत्साह से अभ्यास में जुटे हुए है। इस दौरान कस्बे के समस्त विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ प्रतिभागी विद्यार्थी मौजूद थे।



# मंत्री कुमावत ने किया नहरों का निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए किसानों की समस्याओं के समाधान के निर्देश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** विधायक एवं केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शु' वार को सिंचाई के लिए आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, किसान प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जवाई कमाण्ड क्षेत्र की नहरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों द्वारा सिंचाई के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत करवाया गया। जिसके समाधान के लिए मंत्री ने स्थानीय प्रशासन और अधिशाषी अधिकारी सहित विभागीय अधिकारियों के साथ मौका निरीक्षण किया। मंत्री कुमावत ने विभागीय अधिकारियों के साथ बसंत, हिंगोला आम रोड स्थित खालिया 17000 पावा माइनर का निरीक्षण किया। जहां मौके पर पुल टूटा हुआ था और इससे मार्ग अवरूद्ध हुआ पड़ा था। जिस पर अवरोध हटाकर मार्ग खुलवाने के निर्देश दिए। इसके बाद बिठिया माइनर आरडी 15000 का निरीक्षण किया। जहां पर किसानों के खेत में पानी का गेज कम आने के कारण सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिलने की समस्या सामने आई। जिस पर विभागीय अधिकारियों को गेज बढ़ाने के साथ ही कोई भी खेत पानी से वंचित न रह जाए इसके निर्देश दिए। इसके उपरान्त मंत्री कुमावत ने पावटा माइनर में किसानों के खेतों में जाकर किसानों से बातचीत की तथा समस्याएं सुनी और सिंचाई की जानकारी ली।

### किसान प्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वार्ता

निरीक्षण पश्चात तखतगढ़ स्थित डाक बंगले पर मंत्री कुमावत व आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने किसान प्रतिनिधियों और प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें सिंचाई के दौरान किसानों को आने वाली समस्याओं को सुना गया तथा इसके लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों और उपखण्ड अधिकारी कालुराम कुम्हार को निर्देश दिए। निर्देशों में यह स्पष्ट किया गया कि किसी भी किसान का खेत सिंचाई से वंचित न रह जाए। नहरों से अवरोधक हटाने, गेज बढ़ाने और अन्य समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला दुग्ध डेयरी अध्यक्ष प्रतापसिंह बिठिया, नहरी संगम अध्यक्ष चैनाराम कुमावत, उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार, सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता राज भंवरायत, जिला मंत्री पूनमसिंह परमार, तखतगढ़ मंडल महामंत्री दिनेश कुमावत, मंडल उपाध्यक्ष रामसिंह काम्बावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष गणपत सोमपुरा, सांडेराव महामंत्री अमरसिंह हिंगोला, कनिष्ठ अभियंता अशोक पूनिया, गणपत देवासी सहित अन्य किसान और अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आशापुरा मंदिर पाटोत्सव व महाराव लाखणसी जयंती समारोह 31 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** आद्यशक्ति राजराजेश्वरी आशापुरा माता ट्रस्ट पाट स्थान नाडोल का पाटोत्सव एवं महाराव लाखणसी चौहान का 1081वां जयंती समारोह 31 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह में गंगानाथ महाराज गादीपति भैरूनाथ अखाडा सरे मन्दिर जालोर, नृत्यगोपाल महाराज गादीपति गढ़ सिवाणा, तपोनिधी कृष्ण उपासक महेन्द्रसिंह राणावत गुडा मांगलियान के संत सान्निध्य में राजेन्द्रसिंह राठौड पूर्व मंत्री, पुष्पेन्द्रसिंह राणावत पूर्व मंत्री व विधायक बाली, पंकजकुमार सिंह रेल मंडल प्रबंधक जोधपुर एवं महाराज देवतसिंह सिरोही का आतिथ्य रहेगा। इससे पहले 30 जनवरी को विशाल भजन संध्या आयोजित की जाएगी। जिसमें श्रवणगिरी नागौरी एवं पार्टी की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। ट्रस्टी एवं मेला आयोजन कमेटी प्रभारी एडवोकेट शैलेन्द्रसिंह चौहान श्रीसेला ने बताया कि ट्रस्ट अध्यक्ष करणसिंह उचियारड़ा के सानिध्य में सभी ट्रस्टी, स्टाफ युद्धस्तर पर तैयारी में तत्परता से जुटे हुए हैं। जिसमें चेनसिंह कोट किशनपुरा, कोषाध्यक्ष भगवतसिंह गुडला, ग्यावत पीथाराम नाडेल, संराज नाडेल, लालसिंह शक्तावत, योगेन्द्रसिंह बासनी, प्रह्लादसिंह, परबतसिंह सहित शामिल हैं।

## विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल आज रोहट दौरे पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य और विधि परामर्शी एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल शनिवार को रोहट दौरे पर रहेंगे। पटेल शनिवार को प्रातः 10.15 जोधपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे ग्राम अरटिया रोहट पहुंचेंगे। जहां राउमावि अरटिया कला के नवीन भवन के लोकार्पण कार्य' म में भाग लेंगे तथा दोपहर एक बजे ग्राम अरटिया से जोधपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में बाड़मेर की आशाएं लेंगी भाग : डा. विश्नोई

**दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित आशाएं**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशाएं नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेंगी। मुख्य चकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. विष्णुराम विश्नोई ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में श्रेष्ठ कार्य करने वाली आशा को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस को विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगी, आशा विभाग की अहम कड़ी है, जो विभाग के समस्त गतिविधियों को धरातल स्तर पर पहुंचाने का कार्य करती है। जिला कार्यक्रम समन्वयक राकेश भाटी ने बताया कि राज्य स्तर से जारी निर्देशानुसार बाड़मेर से दो श्रेष्ठ कार्य करने वाली आशाओं का चयन किया गया है। अपने जीवन साथी के साथ गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेगीं। भाटी ने बताया कि दिल्ली में दो दिवसीय कार्यक्रम कार्यक्रम रखा गया है जिसमें बाड़मेर जिले से भगवती, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी केंद्र मिठड़ी, सीएचसी बाखासर, खण्ड फागलिया एवं मुगी देवी, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी केंद्र, सज्जन का तला, पीएचसी भंवार, खण्ड सेड़वा तथा बालोतरा जिले से रजिया आंगनवाड़ी केंद्र सादुलानियो की ढाणी, पाटोदी व भगवती आशा सहयोगिनी, आंगनवाड़ी केंद्र अमरपूरा, जसोल अपने जीवन साथी के साथ दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगी। बाड़मेर की आशाओं को गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहली बार आमंत्रित किया गया है, जो सभी आशाओं के लिए एक सम्मान की बात है।

कार्यक्रम में भाग लेनी वाली आशाओं एवं उनके जीवनसाथियों का यात्रा के दोरान होने वाला व्यय चिकित्सा विभाग वहन करेगा। जिला कार्यक्रम समन्वयक राकेश भाटी ने आशाओं एवं उनके जीवनसाथी को गुलदस्ता के साथ शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रवाना किया।

# रात का पारा चार डिग्री गिरकर 10.6 डिग्री पहुंचा

**हवा से बढ़ी ठिठुरन, तीन दिनों में सर्दी बढ़ने की संभावना**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर में एक बार फिर से तापमान गिर रहा है। बीते तीन दिनों में रात का तापमान 14.0 डिग्री से 3.4 डिग्री गिरकर 10.6 डिग्री पहुंच गया। वहीं दिन का तापमान भी तीन डिग्री गिरा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री दर्ज किया गया था। हवा चलने से सर्दी बढ़ने के साथ तापमान भी गिरा है। मौसम विभाग आगामी दिनों में सर्दी बढ़ने की संभावना जता रहा है। दरअसल, जिले में मौसम में हो रहे बदलाव से रबी की फसलों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया। जीरा, सरसों, अरंडी सहित कई फसलों में इन दिनों बदलते मौसम की वजह से रोग बढ़ गए हैं। गुरुवार को बाड़मेर का अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री दर्ज किया गया था। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट आई। हल्की



हवा चलने से सर्दी बढ़ी है। शुक्रवार को सुबह 10 बजे तेज धूप खिलने के बाद सर्दी से कुछ राहत मिली है। जनवरी में माह एक समान सर्दी नहीं। हर तीसरे-चौथे दिन मौसम में बदलाव हुआ। कभी ठंडक, शीतलहर, कभी बूंदाबांदी, कभी छाए सामने में बादल। लगातार बदलते मौसम से लोगों को खूब परेशान किया। तापमान में उतार-चढ़ाव को देखते को मिला। रबी की फसलों पर इन दिनों फूल लग रहे हैं। ऐसे में बार-बार बदल रही हवा और तापमान बढ़ने से फसलों पर संकट मंडराने लगा है। हालांकि इस बार मौसम की मार की वजह से फसलों की पैदावार पर भी असर पड़ रहा हे। जनवरी माह बीत रहा है कि लेकिन फसलों की ग्रोथ अभी तक नहीं हुई है।

# पीत पाषाण पर कलात्मक डिवाइडर गोल्डन सिटी की बढ़ा रहे शोभा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** विश्व में धातुओं में सोना सर्वोत्तम माना जाता है, उसी भांति सोने के रंग के पत्थर से बनी स्वर्णनगरी की हवेलियों भी विश्व विख्यात मानी जाती है। स्वर्णनगरी में नगरपरिषद द्वारा ऐतिहासिक निर्णय ले कर शहर में पीत पाषान पर कलात्मक डिवाइडर बनवाए है। तीन करोड़ की लागत से यलो स्टोन के डिवाइडर अंबेडकर पार्क से मलका प्रोल तक बनकर तैयार हो गए है, इनमें मिट्टी एवं खाद भरने का कार्य बाकी है। इसी भांति डेढ़ करोड़ की लागत से विजय स्तम्भ से एयर फॉर्स तक यलो स्टोन के डिवाइडर का टेंडर हो गया है, जिसका कार्य शीघ्र शुरू होगा। अपनी तरह के पहली बार हुए इस निर्माण की हर कोई तारीफ कर रहा है। नगरपरिषद आयुक्त लजपालसिंह सोढा ने बताया कि जैसलमेर शहर को सुंदर दिखाने के लिए नगर परिषद काफी प्रयास कर रही है। शहर के एक हिस्से के डिवाइडर को पीले कलात्मक पत्थरों के साथ बनाया जा चुका है। बकाया हिस्से



के डिवाइडर कार्य का टेंडर हो गया है, जल्द ही कार्य शुरू होगा। शहर को सुंदर बनाने और सैलानियों को लुभाने के लिए नगरपरिषद अनूठे प्रयास कर रही है। इसको लेकर हम करीब साढ़े चार करोड़ रुपए खर्च कर जैसलमेर के पीले पत्थरों से कलात्मक डिवाइडर बनाने का काम कर रहे हैं ताकि स्वर्णनगरी की सुंदरता में ये यलो स्टोन से बने डिवाइडर चार चांद लगा दे। उन्होंने आम जनता को संदेश दिया है कि डिवाइडर की सुंदरता कायम रखने का ख्याल रखें डिवाइडर पर पान की पीक, गुटखा ना थूके। उन्होंने बताया कि नगरपरिषद द्वारा निगरानी टीम बनाई जाएगी जो शहर की स्वच्छता का ध्यान रखेगी।

# नशीली गोलियों के साथ युवक को पकड़ा

**ट्रोमाडोल एसआर टैबलेट के साथ बायतु का रसूल खान गिरफ्तार**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर की सांगड़ थाना पुलिस ने ऑपरेशन मद मर्दन के तहत नशीली टैबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया युवक रसूल खान (24) गांव नौसर, बायतु का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 1200 नशीली प्रतिबंधित ट्रोमाडोल एसआर टैबलेट जब्त की। सांगड़ थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि युवक को प्रतिबंधित नशे कि गोलियों के साथ पकड़ा और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला



दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सांगड़ थाना एसएचओ राजेश कुमार ने बताया- मुखबिर से सूचना मिली कि फतेहगढ़ कस्बे में एक युवक नशे की गोलियां बेचने की फिराक में घूम रहा है।

### ऑपरेशन मद मर्दन अभियान में कार्रवाई

- मुखबिर की सूचना पर सांगड़ थाना पुलिस की टीम ने मौके पर जाकर रसूल खान पुत्र निसार खान, निवासी नौसर, पुलिस थाना बायतु, जिला बालोतरा को पकड़ा। रसूल खान के पास से करीब 1200 टैबलेट मिली। जांचने पर वो ट्रोमाडोल एसआर टैबलेट थी। एसएचओ राजेश कुमार ने बताया कि ट्रोमाडोल एसआर टैबलेट एक प्रतिबंधित दवाई है और एनडीपीएस एक्ट में इसे ड्रग्स घोषित किया गया है। हमने रसूल खान को गिरफ्तार किया और थाने लाए। जहां उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। राजेश कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस, राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार व विकास कुमार महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज जोधपुर के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए ऑपरेशन मद मर्दन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। रसूल खान को पकड़ने में हैड कॉन्स्टेबल सुमेरदान, कॉन्स्टेबल कानसिंह, पहाड़ सिंह, राणाराम व मांगीलाल कि विशेष भूमिका रही।

# शादी के सात साल बाद एक साथ हुए तीन बच्चे

**▶▶ डाक्टर ने बताया रेयरेस्ट केस**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। महिला जमाला (28) पत्नी गुलशन खान, केहर फकीर की ढाणी, देवीकोट की रहने वाली है। जवाहिर हॉस्पिटल में पहली बार एक महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया है। ऑपरेशन से हुए नवजातों में दो लड़के और एक लड़की है। डाक्टर अरुण कुमार वर्मा ने बताया- ऐसा केस लाखों में कोई एक ही होता है। हालांकि बच्चों का वजन कम है, लेकिन जच्चा-बच्चा स्वस्थ हैं। तीनों बच्चे एनआईसीयू वार्ड में



भर्ती हैं, वहीं मां भी हॉस्पिटल में एडमिट है। जमाला के परिजन सात साल बाद जमाला के मां बनने और एक साथ तीन बच्चों के जन्म देने पर बहुत खुश हैं। सभी परिजन जमाला को घेरे हैं और बेहद खुश हैं। उनका मानना है कि ईश्वर ने लंबे समय बाद बच्चे दिए भी तो एक साथ तीन। बोले अब जमाला का परिवार पूरा हो गया।

### सात साल पहले हुई थी शादी, बच्चे नहीं हुए

डाक्टर अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि महिला जमाला की शादी सात साल पहले गुलशन खान से हुई थी। लेकिन शादी के बाद बच्चे नहीं हो रहे थे। करीब 15 महीने पहले महिला ने सरकारी जवाहिर हॉस्पिटल में प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. अरुण कुमार वर्मा को दिखाया। जिसके बाद महिला का इलाज चला और आठ महीने बाद वह गर्भवती हुई। बुधवार शाम करीब सात बजे महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है।

# सुपर कार से उदयपुर घूमने निकलीं माधुरी दीक्षित

**▶▶ बोलीं-महल ही नहीं, गलियां भी खूबसूरत**

**लक्ष्यराज मेवाड़ के बेटे को पसंद आई कार**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित नेने शुक्रवार को पति डाक्टर श्रीराम नेने के साथ छह करोड़ की सुपर कार मैक्लारेन 750S लेकर उदयपुर पहुंची। माधुरी और श्रीराम ने ब्लू कलर की इस सुपर कार से उदयपुर की सैर की। दरअसल, उदयपुर में शुक्रवार को मैक्लारेन ऑटोमोटिव की ओर से भारत में कंपनी की 50 कार होने का जश्न मनाया गया। इस दौरान देशभर से 11 मैक्लारेन कार उदयपुर के सिटी पैलेस में स्थित माणक चौक पर आई थीं। इनमें मैक्लारेन 720S, जीटी, आर्टुरा, मैक्लारेन 750S स्पाइडर शामिल हैं। मैक्लारेन 750S स्पाइडर वर्ल्ड में सिर्फ 60 ही हैं। इन कारों की कीमत पांच करोड़ से लेकर 12 करोड़ रुपए तक है। उदयपुर में सेलिब्रेशन के बाद शहर में आया सुपर कार का यह काफिला माउंट आबू के लिए रवाना हो गया। माधुरी की कार मैक्लारेन 750S मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के बेटे हरितराज सिंह को खूब पसंद आई।




### माधुरी बोलीं-उदयपुर बेहद पसंद

माधुरी दीक्षित ने सिटी पैलेस के माणक चौक में शुक्रवार को हुए कार्यक्रम से पहले सुबह पिछोला झील को निहारा। उन्होंने पिछोला किनारे उदयपुर के हेरिटेज प्लेस को देखा और उनकी तारीफ की। मीडिया से बातचीत में माधुरी ने कहा- मुझे उदयपुर शहर बेहद पसंद है। उदयपुर की खूबसूरत सुबह और यहां का मौसम अच्छा है। सर्दी के एहसास के बीच उदयपुर के नजारे देखकर बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि लेकसिटी के रास्ते, गलियां और महल सब कुछ अच्छे लगते हैं। श्रीराम नेने ने कहा कि उदयपुर बहुत प्यारा शहर है और हमको यहां आकर बहुत अच्छा लगा।

### लक्ष्यराज के बेटे को पसंद आई कार

सेलिब्रेशन कार्यक्रम में मैक्लारेन मुंबई के डीलर ललित चौधरी ने मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह का स्वागत किया। लक्ष्यराज और उनके बेटे हरितराज ने यहां एक-एक कार को नजदीक से देखा। इस दौरान उनके बेटे हरितराज को पूछा गया कि उनको कौनसी कार पसंद है तो उन्होंने काफिले में से माधुरी दीक्षित की कार की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह ब्लू कलर की कार मुझे बहुत पसंद है। लक्ष्यराज सिंह ने कहा कि सुपर कार लवर्स के लिए उदयपुर में इन गाड़ियों को देखना बेहद उत्साहित करने वाला पल है। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे हरितराज को भी सुपर कार बेहद पसंद हैं। पिता होने के नाते मेरा धर्म बनता है कि ऐसी चीजों को हम बच्चों को दिखा सकें ताकि इनकी भी दिलचस्पी बनी रहे।

# डेजर्ट फेस्टिवल 9 से 12 फरवरी, पोस्टर का विमोचन

**▶▶ सूफी सिंगर ज्योति नूरान, काका, कबीर कैफे और कूटले खान होंगे मुख्य आकर्षण**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में अंतरराष्ट्रीय डेजर्ट फेस्टिवल का आयोजन नौ से 12 फरवरी को होगा। शुक्रवार को डेजर्ट फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। इस दौरान एमएलए छोटू सिंह भाटी, कलेक्टर प्रताप सिंह समेत कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पर्यटन बिजनेस से जुड़े लोग व लोक कलाकार मौजूद रहे। गौरतलब है कि जिले में अंतरराष्ट्रीय डेजर्ट फेस्टिवल का आयोजन नौ से 12 फरवरी को होगा। इस दौरान लोक कलाकारों के साथ साथ सूफी संगीत, पंजाबी गीत संगीत, कबीर कैफे बैंड व लोक कलाकार अपनी परफॉर्मेंस देंगे। चार दिवसीय डेजर्ट फेस्टिवल को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है।

### पहला दिन पोकरण में आयोजन

पोस्टर विमोचन के बाद कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि डेजर्ट फेस्टिवल के पहले दिन पोकरण में आयोजन होंगे। राजस्थानी लोक संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों के साथ हरियाणवी सिंगर मनीषा शर्मा और डी नवीन कि प्रस्तुति होगी। इसके बाद दूसरे दिन 10 फरवरी को सोनार फोर्ट में स्थित भगवान लक्ष्मीनाथ जी के मंदिर में सुबह आरती होगी। सुबह नौ बजे गड़ीसर लेक से शोभायात्रा निकाली जाएगी। पूनम सिंह स्टेडियम में मिस्टर डेजर्ट व मिस मूमल समेत कई राजस्थानी लोक संस्कृति से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। उसी दिन शाम को पूनम स्टेडियम में राजस्थानी लोक संगीत की महफिल जमेगी जिसमें हसन खान व कूटले खान की प्रस्तुति होगी। इसके बाद मशहूर सूफी सिंगर ज्योति नूरान अपनी सूफी संगीत की शाम सजाएगी।

## व्यापार जगत

# देशभर में अमूल दूध एक रुपए सस्ता

- गोल्ड 65 रुपए और फ्रेश 53 रुपए प्रति लीटर मिलेगा
- नई कीमतें 24 से लागू

Amul
The Taste of India

**नई दिल्ली।** देशभर में अमूल दूध एक रुपए सस्ता हो गया है। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जयन मेहता ने कहा है कि अमूल गोल्ड, अमूल शक्ति और अमूल फ्रेश की कीमतें घटाई गई हैं। नई कीमतें 24 जनवरी से ही लागू कर दी गई हैं। आम चुनाव के नतीजों से पहले बढ़ाए थे दाम पिछले साल लोकसभा चुनाव नतीजे चार जून को आए थे। इससे तीन दिन पहले ही अमूल दूध की कीमत में बढ़ोतरी की गई थी, जिसमें अमूल गोल्ड दूध में दो रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। वहीं अमूल शक्ति और टी स्पेशल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की गई थी। जीसीएमएमएफ ने कहा था- प्रोडक्शन कॉस्ट बढ़ी पिछले साल दाम बढ़ाए जाने पर जीसीएमएमएफ ने कहा था कि कंपनी के ऑपरेशन और प्रोडक्शन की कॉस्ट बढ़ने की वजह से कीमतें भी बढ़ाई गई हैं। हालांकि, यह बढ़ोतरी ओवरऑल एमआरपी की 3-4% ही है, जो की खाद्य महंगाई की दरों से काफी कम है। यहां यह भी ध्यान रखना चाहिए कि फरवरी 2023 से अब तक कीमतों में कोई इजाफा नहीं किया गया था।

### अमूल का मॉडल तीन लेवल पर काम करता है

दूध का उत्पादन करने वाले गांव के सभी किसान डेयरी को-ऑपरेटिव सोसाइटी के मेंबर होते हैं। ये मेंबर रिप्रजेंटेटिव्स को चुनते हैं जो मिलकर डिस्ट्रिक्ट मिल्क यूनियन को मैनेज करते हैं। डिस्ट्रिक्ट यूनियन मिल्क और मिल्क प्रोडक्ट की प्रोसेसिंग करती है। प्रोसेसिंग के बाद इन प्रोडक्ट्स को गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड डिस्ट्रीब्यूटर की तरह काम कर मार्केट तक पहुंचाता है। सप्लाई चेन को मैनेज करने के लिए प्रोफेशनल्स को हायर किया जाता है। दूध के कलेक्शन, प्रोसेसिंग और डिस्ट्रीब्यूशन में डायरेक्ट-इनडायरेक्ट रूप से करीब 15 लाख लोगों को रोजगार मिलता है। अमूल का मॉडल बिजनेस स्कूल्स में केस स्टडी बन गया है। इस मॉडल में डेयरी किसानों के कंट्रोल में रहती है। यह मॉडल दिखाता है कि कैसे प्रॉफिट पिरामिड के सबसे निचले हिस्से तक पहुंचता है।


### लाखों लीटर दूध कैसे इकट्ठा होता है?

- गुजरात के 33 जिलों में 18,600 मिल्क को-ऑपरेटिव सोसाइटीज और 18 डिस्ट्रिक्ट यूनियन हैं। इन सोसाइटीज से 36 लाख से ज्यादा किसान जुड़े हैं, जो दूध का उत्पादन करते हैं। दूध को इकट्ठा करने के लिए सुबह पांच बजे से ही चहल-पहल शुरू हो जाती है। किसान मवेशियों का दूध निकालते हैं और केन्स में भरते हैं। इसके बाद दूध को कलेक्शन सेंटर पर लाया जाता है। सुबह करीब सात बजे तक कलेक्शन सेंटर पर किसानों की लंबी लाइन लग जाती है। सोसाइटी वर्कर दूध की मात्रा को नापते हैं और फैट कंटेंट भी नापा जाता है। ये सिस्टम पूरी तरह से ऑटोमेटेड होता है। हर किसान के दूध के आउटपुट को कंप्यूटर में सेव किया जाता है। किसानों की आमदनी दूध की मात्रा और फैट कंटेंट पर निर्भर करती है। किसानों को हर महीने एक निश्चित तारीख पर पेमेंट किया जाता है। किसानों के लिए एक ऐप भी बनाया गया है, जिसमें उन्हें दूध की मात्रा और फैट से लेकर पेमेंट की जानकारी मिलती है। पेमेंट सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किया जाता है। मवेशियों का दूध कैन्स में भरने के बाद कलेक्शन सेंटर पहुंचाया जाता है।
- **अमूल से जुड़े अन्य तथ्य :** अमूल के पिरामिड मॉडल में सबसे नीचे मिल्क प्रड्यूसर्स आते हैं। खर्च होने वाले हर एक रुपए में से करीब 86 पैसे उसके मेंबर को जाते हैं और को-ऑपरेटिव बिजनेस चलाने के लिए 14 पैसे रखे जाते हैं। क्वांटिटी ज्यादा होने से ये रकम बहुत बड़ी हो जाती है। डिस्ट्रिक्ट मिल्क यूनियन का प्रमुख चेयरमैन होता है, जो हर महीने मीटिंग करता है। यहां ये लोग को-ऑपरेटिव बिजनेस का जायजा लेते हैं।
- इसमें एक्सपेंशन प्लान, नई मशीनरी खरीदने और सदस्यों को बोनस देने जैसे मुद्दों पर चर्चा होती है। प्रोडक्टिविटी में सुधार लाने के लिए मवेशियों की सेहत का ध्यान रखा जाना भी जरूरी है। इसलिए, को-ऑपरेटिव मेंबर को मुफ्त ट्रेनिंग दी जाती है। इसमें मवेशियों की देख-रेख कैसे करें और अन्य चीजें बताई जाती हैं। ट्रेनिंग प्रोग्राम से किसानों की बड़ी मदद होती है।

# सोना ऑल टाइम हाई पर, 10 ग्राम की कीमत 80430

**▶▶ सोना 24 दिन में 4268 महंगा**
**▶▶ चांदी 91265 रुपए प्रति किलो**

**नई दिल्ली।** सोना 24 जनवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 391 रुपए बढ़कर 80,430 रुपए हो गया है। इससे पहले गुरुवार को इसका दाम 80,039 रुपए प्रति दस ग्राम था। सोने ने दो दिन पहले 22 जनवरी को 80,194 रुपए प्रति दस ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज तेजी है। ये 632 रुपए बढ़कर 91,265 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 90,633 रुपए पर थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।



### पिछले 24 दिनों में 4,268 महंगा सोना

31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 76,162 रुपए था, जो इस महीने के 24 दिन में 4,268 रुपए बढ़कर 80,430 रुपए पर पहुंच गया है।

# सेंसेक्स 329 अंक गिरकर 76190 पर बंद

**निफ्टी भी 113 अंक गिरा**

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 24 जनवरी को सेंसेक्स 329 अंक की गिरावट के साथ 76,190 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 113 अंक की गिरावट रही, ये 23,092 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 1142 अंक की गिरावट के साथ 50,107 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में गिरावट और 19 में तेजी रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.60% की गिरावट रही।

### एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार

रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बाजार को नीचे गिराया। जबकि, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इंफोसिस ने बाजार को ऊपर खीचने की कोशिश की। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.067% की गिरावट और कोरिया के कोस्पी में 0.85% की तेजी रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.70% की तेजी के साथ बंद हुआ। 23 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.92% की तेजी के साथ 44,565 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.53% चढ़कर 6,118 पर बंद हुआ। नैस्डैक इंडेक्स में 0.22% की तेजी रही। डा. अग्रवाल्स हेल्थ केयर लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ 29 जनवरी को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 31 जनवरी तक बिडिंग कर सकेंगे। पांच फरवरी को कंपनी के शेयर




बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। कल बाजार में रही थी तेजी इससे पहले 23 जनवरी को सेंसेक्स 115 अंक की तेजी के साथ 76,520 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 50 अंक की बढ़त रही, ये 23,205 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली थी। आईटी और ऑटो शेयर्स में बढ़त थी। वहीं एफएमसीजी और बैंकिंग शेयर्स में गिरावट थी।

# श्रीलंका सरकार का अडाणी से पावर परचेज एग्रीमेंट कैंसिल

**▶▶ अमेरिका में गौतम अडाणी पर करप्शन के आरोपों के चलते फैसला**

**कोलंबो।** श्रीलंका ने अडाणी ग्रुप से पावर परचेज एग्रीमेंट खत्म कर लिया है। सरकार ने मई 2024 में अडाणी विंड पावर कॉम्प्लेक्स से बिजली खरीदने के लिए एग्रीमेंट किया था। कंपनी 484 मेगावाट के इस विंड पावर कॉम्प्लेक्स को श्रीलंका के मन्नार और पूनरी कोस्टल एरिया में बनाने जा रही है। श्रीलंकन सरकार ने इसी पावर कॉम्प्लेक्स से 0.0826 डॉलर (मौजूदा वैल्यू- करीब 7.12 रुपए) प्रति किलोवाट के रेट से बिजली खरीदने का एग्रीमेंट किया था। एएफपी ने सोर्सेस के हवाले से इस एग्रीमेंट के केंसिल होने की जानकारी दी।



### दिसानायके एडमिनिस्ट्रेशन ने प्रोजेक्ट की जांच शुरू की

राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके एडमिनिस्ट्रेशन ने ग्रुप की कंपनी के लोकल प्रोजेक्ट को रिव्यू करने के लिए एक कमेटी भी बनाई है। कई श्रीलंकन एक्टिविस्ट्स ने इस प्रोजेक्ट को चुनौति दी थी, उनका तर्क था कि कई छोटी रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स अडाणी की तुलना में दो-तिहाई कीमत पर बिजली बेच रही हैं। इसके अलावा, कंपनी पर एनवायरनमेंटल कंसर्न के चलते सुप्रीम कोर्ट में एक अलग मामला चल रहा है।

### अडाणी पर अमेरिका में रिश्वतखोरी-धोखाधड़ी के आरोप

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी को अरबों रुपए की रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी करने के आरोप के मामले में समन भेजना अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड कमीशन (एसईसी) के अधिकार में नहीं है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि समन उचित राजनयिक माध्यम से भेजना होगा। वहीं गौतम अडाणी समेत आठ लोगों से जुड़ा यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके इस मामले की जांच की मांग की है।

# आपका राशिफल 25 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-5-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगें। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6

## प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** चेकला में ठाकुरजी एवं कृष्ण भगवान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। महेंद्रपालसिंह देवल ने बताया यह पौराणिक मंदिर है जो जर्जर होने के बाद नया बनाया है। अब चंदनगिरी महाराज की निश्रा में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। 27 को चढ़ावे के बोलिया बोली जाएगी।

## 56 बालिकाओं को वितरित की साइकिल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रानीवाड़ा में भाजपा नेता पूर्व सरपंच रिड़मलसिंह डाबी, भाजपा नेता पूर्व सरपंच नागजीराम परमार, एसएमसी सदस्य नारायणलाल माहेश्वरी, प्रधानाचार्य मोहनलाल गोयल, उप प्रधानाचार्य भागीरथ विश्नोई की उपस्थिति में 56 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की। प्रधानाचार्य मोहनलाल गोयल, प्रभारी भोलाराम देवासी, वगताराम प्रजापत, निम्बाराम, निवेदिता पूनिया, विमला विश्नोई, महेंद्रसिंह दायमा, नरपतसिंह, चुन्नीलाल चौहान, टीकमचंद, रणछोड़राम पुरोहित, जया कंवर, कृष्ण कुमार, उत्तमचंद, मुकेश कुमार, रामनिवास, उम्मेदसिंह, हितेश कुमावत मौजूद थे।

### 27वें दिन जारी धरना

# जिला बहाल करने की मांग, ग्रामीणों ने दिया समर्थन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में सांचौर बचाओ संघर्ष समिति का धरना शुक्रवार को 27वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान भड़वल के ग्रामीणों ने धरने को समर्थन देकर सरकार के आदेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उपखंड मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। कांग्रेस नेता पुखराज पाराशर व सवाराम पटेल भी पहुंचे। पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने कहा की सांचौर जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होने लगे व आर्थिक बोझ भी ज्यादा नहीं रहा। पुखराज पराशर ने कहा की सांचोर जिला बनाने में कांग्रेस पार्टी ने रामलुभाया कमेटी के रिपोर्ट अनुसार बनाया था। जिसमें सभी मापदण्ड पूर्ण थे उन मापदंडो के आधार पर सभी नए जिले और संभाग बनाए थे। जिसको वर्तमान सरकार ने किस आधार पर निरस्त किया कोई जानकारी नहीं है। सांचोर जिला बनाने का सभी मापदण्ड पूर्ण है सांचोर जिले को पुनः जिला बनाकर रहेंगे। वर्तमान सरकार केवल पूर्व सरकार द्वारा किए गए कार्यो को निरस्त करने में लगी हुई है। सवाराम पटेल ने संबोधित करते हुए कहा की सांचोर सांचौर जिले को निरस्त करना भेदभाव पूर्ण कार्य है। भीमाराम चौधरी, हिन्दुसिंह चौहान, नरेश सेठ अध्यक्ष नगरपरिषद सांचोर ने संबोधित किया। इस दौरान केशाराम मेहरा धमाना, रामावतार मांजू, भगराज देवासी, आइदान सरपंच, नेनाराम जाट, अमृत पुरोहित, लच्छाराम जाट, कानाराम, हरचंद राम पुरुषोतम, पीराराम पुरोहित, संवालाराम पुरोहित, रमेश कुमार, जोधाराम, प्रवीण कुमार, गलाराम माजिराना, सुलेमान खान, भूराराम सारण, नेताराम लुहार, रुडाराम सुथार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजुद रहें।



# पूर्व मुख्यमंत्री राजे का कार्यकर्ताओं और आमजन ने किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जीवाणा।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के सांचौर दौरे को लेकर जालोर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता और नागरिकों में उत्साह देखने को मिला। वसुंधरा राजे के सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी की माता के देहावसान पर उनके पैतृक गांव जाने के दौरान जोधपुर से भारतमाला एक्सप्रेस वे पर सांगाणा के टोल प्लाजा पहुंचने पर भारी तादाद में मौजूद भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के नेतृत्व में भाजपा मंडल जीवाणा, सायला, पोषाणा के कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने पुष्प गुच्छ व अनार फल की टोकरी देकर उनका स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ पूर्व सांसद देवजी पटेल, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव भी मौजूद थे। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलसाराम चौधरी, रविन्द्रसिंह बालावत, जीवाणा सरपंच उत्तमसिंह धवेचा, मंगलसिंह सिराणा, खेतलावास सरपंच हाजाराम, तखतसिंह तालियाना, छगनलाल सुथार, राजेन्द्रसिंह तालियाना, खेतसिंह धवेचा, सांवलाराम चौधरी, नारिंगाराम दुदवा, गणपतसिंह सांगाणा, पीराराम डाबली सहित कई गणमान्य लोग, पदाधिकारी, कार्यकर्ता व किसान मौजूद थे।

# वार्षिकोत्सव व भारत माता पूजन के आयोजन को लेकर तैयारियां जारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** आदर्श विद्या मंदिर परिवार की ओर से स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक, माहेश्वरी कॉलोनी में आगामी 26 जनवरी को अपराह्न 5 बजे वार्षिकोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें शहर की छह विद्या मंदिरों के 22 सौ छात्र-छात्राओं की ओर से पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। कार्यक्रम में अलग अलग रंगारंग मंचीय कार्यक्रम, सामूहिक नृत्य, लोक नृत्य, संगीत, शारीरिक प्रदर्शन, घोष प्रदर्शन व पिरामिड आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में वर्ष भर श्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान भारत माता पूजन और ध्वज अवतरण का आयोजन भी किया जाएगा।

# धूल के गुब्बार से आहत दुकानदारों को मिलेगी राहत






जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** मुख्य बस स्टैंड से लेकर कलापुरा तिराहे तक पिछले कई वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी सड़क दुकानदार व आमजन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थीं। जिसको लेकर दुकानदारों ने कई बार अपने स्तर पर जनप्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दिए थे, लेकिन सड़क निर्माण को लेकर कोई पहल नहीं हुई। राज्य में नई सरकार के गठन के बाद दुकानदारों ने अपनी पीड़ा पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल के समक्ष रखी तो उन्होंने शीघ्र ही सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था। सरकार के गठन के बाद पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने अपने स्तर पर प्रयास कर सार्वजनिक निर्माण विभाग से सड़क निर्माण का कार्य स्वीकृत करवाकर वित्तीय स्वीकृति जारी करवाई। गुरुवार को सीसी सड़क मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया। जिससे दुकानदारों में हर्ष है। वहीं सड़क निर्माण होने के बाद पंचायत समिति कार्यालय में सरकारी कार्य से आने वाले लोगों को भी सहूलियत होगी।

### जागरूक टाइम्स ने उठाया था मुद्दा

इस सड़क मार्ग को लेकर दैनिक समाचार पत्र जागरूक टाइम्स ने अपने अंक में कई बार खबर प्रकाशित कर इस पीड़ा को उठाया था तथा जनप्रतिनियों व प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट करवाया था।



# राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले जालोर जिले का दल होगा सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राज्य स्तरीय कला उत्सव 2024-25 में प्रथम रहे एवं राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली जिले की लोक नृत्य की 5 सदस्यीय टीम की प्रतिभागी एश्वर्या भटनागर, आस्था तिवारी, भाग्यश्री सोनी, कीर्ति सुथार व पिया एवं प्रशिक्षक श्रीमती शैलजा माथुर को शिक्षा संकुल जयपुर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के शासन सचिव द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी के आदेशानुसार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाजी नगर जालोर की इन छात्राओं की टीम ने भारत सरकार द्वारा 1 से 7 जनवरी तक भोपाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, एनसीईआरटी में आयोजित आठ दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव 2024-25 में अपने हुनर का प्रदर्शन कर राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राजस्थानी लोक संस्कृति को राष्ट्रीय पटल पर जीवंत करने का प्रयास किया। इस उपलब्धि पर जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने हर्ष व्यक्त करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। गौरतलब है कि पूर्व में प्रशिक्षक श्रीमती शैलजा माथुर के निर्देशन में जालोर जिले के दल ने 2 बार लेटा, 1 बार बागरा एवं 2 बार जालोर के विद्यार्थियों के दल सहित कुल 5 बार राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन कर जालोर जिले का नाम गौरवान्वित किया।



# 'भावी पीढ़ी के राष्ट्र निर्माता तैयार करना शिक्षकों का कर्त्तव्य'



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा 15 से 23 जनवरी तक कर्तव्य बोध पखवाड़े के तहत शुक्रवार को मुख्य वक्ता डॉ अरुण दवे एवं गजेंद्रकुमार देवासी सीबीईओ रानीवाड़ा के विशिष्ट अतिथि में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ दवे ने छत्रपति शिवाजी व स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए इनके गुरुओं के योगदान के बारे में जानकारी दी। देवासी ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय एक मात्र संगठन है, जो अपने शिक्षक सदस्यों को कर्तव्य बोध के लिए कार्य म करता है। गोपालसिंह राव ने आभार व्यक्त किया। राजेशकुमार सेन, गुलाब भाटी, उर्मिला खंडेलवाल प्राचार्य आदर्श विद्या मंदिर(बालिका), मीरा देवासी जिला संपर्क सेवा समिति, किशोरसिंह सिसोदिया, गणपतदान चारण मंत्री, मनोहर खिलेरी कोषाध्यक्ष, रणजीत प्रजापत, विपिन शुक्ला, रामचंद्र, विनोद दवे, घनश्याम दवे, नरोत्तम त्रिवेदी, लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित, अंकित दुआ अनुराधा रावत, हेमलता चुंडावत, सरोज काला, कमला विश्नोई, मोहिनी विश्नोई, मीनाक्षी शेखावत, विक्रमसिंह शेखावत, रतन दवे, रुडाराम, जनकसिंह, गजेंद्र सुखाड़िया, छोटूलाल कुमावत, महिपालसिंह राव, बंशीलाल विश्नोई, पुरणसिंह खींची, लक्ष्मण निठारवाल, संजयपुरी, सतीश वैष्णव, मीठालाल व राजेश सोनगरा सहित बड़ी संख्या मे शिक्षक मोजूद थे। संचालन विजयसिंह राठौड़ ने किया।

## जिनवाणी की मिठाश हमेशा अदभूत होती है : मणिप्रभसूरी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** मरडीया परिवार द्वारा चितलवाना से जीरावला छःरी पालित संघ आज चौथे दिन सत्यपुर सांचौर पहुंचा। यहां कुंतुनाथ मंदिर में सांचौर संघ की महिलाओं द्वारा भव्य सोमैया से स्वागत किया गया। भोजनशाला से वरघोड़े के रूप में चतुविद संघ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पड़ाव में पहुंचा। आचार्य मणिप्रभ सुरीश्वर ने कहा कि जिनवाणी की मिठास अदभुत होती है। साधु साध्वी हमेशा परमात्मा के आगम अनुसार धर्म की बात बोलते है और इसी से संघ की अच्छी व्यवस्था में अंतर्मन के भावो को जागृत करती है। प्रवचन के दौरान जैन श्वेताम्बर खरतरगछ संघ सांचौर एवं जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ सांचौर ने संघपति परिवार का बहुमान किया। पालिकाध्यक्ष नरेश सेठ एवं पाठशाला के शिक्षक दिनेश का बहुमान किया गया।

# विद्यालय विकास के लिए सदस्यों को दिया साधुवाद

### एसएमसी सदस्यों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** पीइइओ राज्यकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आजोदर में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उदघाटन प्रधानाचार्य राजेंद्र माली ने किया। प्रशिक्षण में केआरपी के रूप में सेवाड़िया विद्यालय के शारीरिक शिक्षक आसूराम सैन एवं बड़गांव के अध्यापक विनोद कुमार यादव ने महत्ती आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे व अंतिम दिन एसएमसी व एसडीएमसी के गठन, कर्तव्य व दायित्वों के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ ही विद्यालय के प्रबंधन और विकास में समिति के सदस्यों के सहयोग की भूमिका के बारे में भी चर्चा की गई। वाइस प्रिंसिपल नासिर मोहम्मद ने विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से विद्यालय में सामाजिक सहभागिता से होने वाले विकास की प्रशंसा की। लखमाराम चौधरी प्रधानाचार्य राउमावि सेवाड़िया ने दो दिवसीय प्रशिक्षण में आये सभी सदस्यों से आह्वान किया कि उनकी सक्रियता से ही विद्यालय का विकास सम्भव हैं इसलिए सभी सदस्य अपनी भूमिका को महत्व देंगे। मनोनीत समिति के सदस्य उम्मेदसिंह झाला ने बताया कि विद्यालय के विकास भामाशाहों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। समय समय पर भामाशाहों द्वारा सहयोग किया गया है और आगे भी तैयार रहेंगे। शिविर के समापन में पारसाराम राणा व्याख्याता स्थानीय विद्यालय ने सभी मेहमानों समिति के सदस्यों को धन्यवाद आभार प्रेषित किया। प्रशिक्षण में बोगियों की ढाणी आजोदर से नरेंद्रकुमार जोशी एवं आदरवाड़ा से शारीरिक शिक्षक कैलाशकुमार यादव और स्थानीय विद्यालय की उपस्थिति सहरानीय रही।

# 'ईश्वर का है अनमोल उपहार, बेटियों को न समझो भार'

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को माता कौशल्या धर्मशाला में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग डॉ. भजनाराम विश्नोई, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार बाजिया एवं जिला कार्य म प्रबंधक चरण सिंह के आतिथ्य में संपन्न हुआ।समारोह में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ भजनाराम विश्नोई ने संबोधित करते हुए कहा कि बालिका दिवस का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना, उनके सशक्तीकरण को बढ़ावा देना और लैंगिक असमानता को समाप्त करना है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजकुमार बाजिया ने बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान प्रदान करने के महत्व पर बल देते हुए लिंगानुपात, पीसीपीएनडीटी अधिनियम, कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध पर विस्तृत जानकारी दी।

### प्रतियोगिताएं आयोजित

कार्य' म में जिला कार्य' म समन्वयक रमेश पन्नू के नेतृत्व में बालिका दिवस की थीम पर रंगोली, पोस्टर, मेहंदी एवं नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में कविता ने प्रथम, दरिया ने द्वितीय, खारगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में दीपिका ने प्रथम, सुहाना ने द्वितीय और किरण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में लीला ने प्रथम, जमीला ने द्वितीय, संजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा नृत्य प्रतियोगिता में दिव्या ने प्रथम, शहनाज ने द्वितीय और दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम में अंत में बेटियों के अधिकारों और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक इमरान बैग, जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक शंकर सुथार, नरेंद्र कुमार, ललित कुमार, कृष्णपाल, गणपतलाल, तगाराम आदि उपस्थित थे।

## 'हर बंदी निशुल्क विधिक सहायता पाने का हकदार'

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** उपकारागृह में विधिक चेतना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे विचाराधीन कैदियों को कानूनी जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के आदेशानुसार जिला सेशन न्यायाधीश व जिला सचिव अहसान अहमद के निर्देशों में विचाराधीन कैदियों को उनके कानूनी अधिकार अधिकार के प्रति जागरूकता करते हुए पैनल अधिवक्ता रामनिवास विश्नोई ने मौलिक अधिकार के प्रति जागरूक रहने की बात कही। अधिकार मित्र रेवाराम सैन जुंजाणी ने भी सरकार की तरफ से कानूनी सुविधा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जेल प्रभारी राजूराम चौधरी, प्रहरी ओमप्रकाश, प्रकाश विश्नोई, पारु, केली धापु व सजु आदि मौजूद थे।

# चेन्नई में उतरेगी नई टीम इंडिया

**चेन्नई। भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड को पहले टी20 मुकाबले में सात विकेट से हराने के बाद अब दूसरे मैच की तैयारी में जुटी है। सीरीज का दूसरा मुकाबला चेन्नई में खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय टीम वहां पहुंच भी गई है। खास बात ये है कि चेन्नई में टीम इंडिया लंबे समय बाद टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने के लिए उतरेगी। इस बार तो अर्सा इतना इतना लंबा हो गया है कि करीब-करीब पूरी टीम ही बदल चुकी है। हालांकि एक खिलाड़ी ऐसा है, जो इससे पहले वाले मैच में था और इसी सीरीज के मैच में भी होगा। लेकिन क्या उसे भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका मिलेगा। ये देखना दिलचस्प होगा।**



▶▶ सात साल में हो गया बदलाव

### 2018 में भारत का वेस्टइंडीज से आमना-सामना

टीम इंडिया ने साल 2018 में आखिरी बार यहां पर टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था, तब भारत का मुकाबला वेस्टइंडीज था। तब टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा थे और अब कप्तानी की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव पर थी। ये वो वक्त था, जब सूर्यकुमार यादव को कोई जानता नहीं था, क्योंकि उनका इंटरनेशनल डेब्यू नहीं हुआ था। लेकिन आज की तारीख में सूर्यकुमार यादव विश्व क्रिकेट के एक चमकते हुए सितारे हैं।

### चेन्नई में पहली बार टी20 मुकाबला खेलने उतरेगी इंग्लैंड की टीम

भारत बनाम इंग्लैंड दूसरा टी20 मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम पहली बार चेन्नई में कोई टी20 इंटरनेशनल मैच खेल रही है। हालांकि इंग्लैंड के कई खिलाड़ी आईपीएल में अपनी-अपनी टीमों से यहां खेलते रहे हैं, लेकिन फिर भी ज्यादातर के लिए ये मैदान बिल्कुल नया और अलग होने वाला है। टीम इंडिया करीब सात साल बाद यहां पर टी20 मैच खेलने के लिए उतरने जा रही है। सात साल पहले टीम कुछ और थी और अब बिल्कुल बदल चुकी है। सात साल पहले खेले कई खिलाड़ी तो अब रिटायरमेंट तक का ऐलान क चुके हैं। जो रिटायर नहीं हुए हैं, वे इस टीम में शामिल नहीं किए गए हैं।

### वॉशिंगटन सुंदर अकेले कॉमन खिलाड़ी

साल 2018 की टीम इंडिया और अब की टीम इंडिया में केवल एक ही खिलाड़ी कॉमन है, जिनका नाम है वॉशिंगटन सुंदर। इस बार सुंदर टीम में तो चुने गए हैं, लेकिन वे प्लेइंग इलेवन में खेलेंगे कि नहीं, ये पक्के तौर पर कह पाना मुश्किल है। क्योंकि सीरीज के पहले मुकाबले में वे नहीं खेले थे। टीम इंडिया की कोशिश होगी कि लगातार दो मैच जीतकर सीरीज को अपने नाम करने की ओर एक और कदम बढ़ाया जाए।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : जोकोविच चोटिल



**मेलबर्न।** नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए। जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में सात-छह (पांच) से गंवा दिया था। उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए।

- पहला सेट हारने के बाद सेमीफाइनल से हटे

रणजी ट्रॉफी

# रोहित शर्मा की वापसी दूसरे प्रयास में भी नाकाम



**मुंबई।** रोहित शर्मा की रणजी ट्रॉफी में वापसी कुछ खास नहीं रही और दूसरी पारी में भी वह कमाल नहीं दिखा पाए। भारतीय कप्तान ने उमर नजीर की गेंद पर छक्का लगाया और फिर औकीब नबी तथा युद्धवीर सिंह की गेंदों पर आसानी से दो और शॉट लगाकर अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी की झलक दिखाई। लेकिन आखिरकार 28 रन पर उनकी पारी का अंत हुआ। इस दौरान उन्होंने 35 गेंदें खेली जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे। एक दशक में मुंबई के लिए घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में अपना पहला मैच खेल रहे रोहित का पहला दिन बहुत खराब रहा, जब 37 वर्षीय यह खिलाड़ी जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबले के शुरुआती घंटे में 19 गेंदों पर तीन रन बनाकर आउट हो गए। शुक्रवार को रोहित ने खुद को बेहतर साबित करते हुए 28 रन की शानदार पारी खेली जो पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में 52 रन बनाने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार मैचों में 0, 8, 18, 11, 3, 6, 3 और 9 रन बनाए हैं। अक्टूबर के मध्य में भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर था और राष्ट्रीय टीम के लिए घर पूरी तरह से व्यवस्थित था। लेकिन न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद यह सब बिखर गया जिसने भारतीय सुपरस्टार्स को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए मजबूर कर दिया। शुक्रवार को, वह एक बड़ी पारी की तलाश में थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रोहित की 28 रनों की पारी में शुरुआती दौर में हिट और मिस दोनों शामिल थे जो चौथे ओवर में नजीर द्वारा छोड़े गए एक मुश्किल मौके से शुरू हुआ, जब वह अपने फॉलो थ्रू पर रिटर्न कैच नहीं पकड़ सके। रोहित ने तुरंत स्क्वायर लेग पर छक्का लगाने के लिए पुल शॉट के साथ जवाब दिया।

# दूसरे टी20 मैच को प्लेइंग इलेवन का ऐलान

### ▶▶ टीम इंग्लैंड में बदलाव



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज का दूसरा मैच अब करीब आ रहा है। सीरीज का पहला मैच जो कोलकाता में खेला गया था, उसे टीम इंडिया ने सात विकेट से शानदार तरीके से अपने नाम किया था। अब भारत की कोशिश दूसरा मैच जीतकर सीरीज को जीतने की ओर एक और कदम बढ़ाने की होगी। इस बीच सवाल दूसरे मैच की प्लेइंग इलेवन को लेकर है। अब दूसरे मैच की प्लेइंग इलेवन सामने आ गई है। इसमें एक बदलाव किया गया है। इंग्लैंड की टीम ने मैच से एक दिन पहले ही बड़ा ऐलान कर दिया है।

### दूसरे टी20 मैच इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन

बेन डकेट, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जॉस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, ब्रायडेन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

### टीम के 12वें खिलाड़ी जेमी स्मिथ

- इंग्लैंड की ओर से बाकी कोई भी बदलाव करने की बात अभी तक तो नहीं बताई गई है। इतना जरूर बताया गया है कि जेमी स्मिथ 12 खिलाड़ी होंगे। जो जरूरत पड़ने पर ही मैदान में आएंगे। पहला मैच बुरी तरह से हारने के बाद इस बात की संभावना थी कि टीम में बदलाव होगा और ऐसा ही हुआ है।

### गस एटकिंसन की छुट्टी

- इंग्लैंड की टीम ने सीरीज के दूसरे मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन घोषित कर दी है। जो 25 जनवरी को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होना है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड की ओर से ऐलान किया गया है कि पहले मैच के बाद दूसरे मैच के लिए एक बदलाव किया गया है। बताया गया है कि गस एटकिंसन पहले मैच के बाद दूसरे मैच की प्लेइंग इलेवन में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह ब्रायडन कार्स को मौका दिया गया है।

### जॉस बटलर कर पाए ठीक प्रदर्शन

- कप्तान जॉस बटलर को छोड़कर पहले मैच में इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज कुछ भी खास नहीं कर पाया। वो तो जॉस बटलर ने 44 बॉल पर 68 रनों की पारी खेली, इसलिए टीम 132 रनों का स्कोर खड़ा कर पाई, नहीं तो टीम और भी ज्यादा संकट में होती। इंग्लैंड की टीम अगर अच्छी गेंदबाजी करती तो मैच टक्कर का हो सकता था, लेकिन गेंदबाजी में भी कई सारी कमजोरियां सामने आई और भारत ने महज 12.5 ओवर में ही मैच अपने नाम कर लिया।

श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया

# कुहनेमैन चोट से उबरने के बाद टेस्ट टीम में होंगे शामिल

▶▶ बिग बैश लीग के दौरान दाहिना अंगूठा टूटा



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को अंगूठे की चोट की सर्जरी के ठीक होने के बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए हरी झंडी दे दी गई है। बिग बैश लीग के दौरान पिछले सप्ताह कुहनेमैन का दाहिना अंगूठा टूट गया था, लेकिन गुरुवार को अभ्यास सत्र के दौरान वह नेट्स में अच्छी गेंदबाजी करने में सफल रहे हैं। गुरुवार को एलन बॉर्डर फील्ड में कुहनेमैन को हीट और क्वींसलैंड के गेंदबाजी कोच एंडी बिचेल ने आठ ओवर गेंदबाजी और बल्लेबाजी करते हुए आउट किया। हीट के फिजियो एडम स्मिथ की देखरेख में उन्होंने फील्डिंग करते हुए कुछ कैच पकड़े। गुरुवार को ब्रिस्बेन में सफल अभ्यास सत्र के बाद कुहनेमैन श्रीलंका में होने वाली आगामी दो मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल होने की मंजूरी मिलने को लेकर आशावादी हैं।

**टेस्ट सीरीज :**
29 जनवरी से 2 फरवरी - गॉल
6 फरवरी से 10 फरवरी - गॉल

**ऑस्ट्रेलिया टीम :**
स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, ट्रैविस हेड (उप-कप्तान), जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

पुरुष वनडे टीम

# आईसीसी ने वर्ष 2024 टीम बनाई

▶▶ एक भी भारतीय को जगह नहीं

**दुबई।** भारत का वर्ष 2024 में 50 ओवरों से प्रारूप में कम मैच खेलने का असर शुक्रवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वर्ष की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में देखने को मिला जिसमें किसी भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है। आईसीसी की वर्ष की वनडे टीम में श्रीलंका के चार, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तीन-तीन तथा वेस्टइंडीज का एक खिलाड़ी शामिल है। भारत ने पिछले साल केवल तीन वनडे खेले थे। श्रीलंका में खेले गए इन तीन मैच में से भारतीय टीम को दो मैच में हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच टाइ समाप्त हुआ।

**पुरुष वनडे टीम :**
चैरिथ असलांका (कप्तान) (श्रीलंका), सईम अयूब (पाकिस्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मैंडिस (विकेटकीपर) (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज), अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान)), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान), हारिस रऊफ (पाकिस्तान), एएम गजनफर (अफगानिस्तान)।

# म नो रं ज न

# रोजलिन के दावों के बीच हिना ने शेयर कीं स्टनिंग तस्वीरें





हिना खान इस वक्त ब्रेस्ट कैंसर के तीसरे स्टेज से जूझ रही हैं, पर इसका असर उन्होंने अपने करियर और जिंदगी पर नहीं पड़ने दिया है। उनका जज्बा और हौसला देख फैंस भी मुरीद हैं। हिना एक तरफ अपना कैंसर का ट्रीटमेंट करवा रही हैं, वहीं दूसरी ओर वह अपनी स्टनिंग तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वह वेकेशन पर जा चुकी हैं और इवेंट्स में भी हिस्सा लेती रहती हैं। अब हिना ने कुछ और स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देख फैंस फिदा हैं। मालूम हो कि हिना खान कैंसर के इलाज के बीच जिस तरह से घूम-फिर रही हैं और सारे काम कर रही हैं, उसे लेकर कैंसर सर्वाइवर और एक्ट्रेस रोजलिन खान ने सवाल उठा दिए थे। रोजलिन ने दावा किया था कि हिना खान अपने कैंसर को पब्लिसिटी के लिए इस्तेमाल कर रही हैं। साथ ही उन्होंने एक्ट्रेस की 15 घंटे की सर्जरी पर भी सवाल उठाए थे।

लेकिन ऐसा लगता है कि हिना खान इससे बेपरवाह हैं। उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि उनके बारे में कौन क्या सोचता है। तभी तो 37 वर्षीय एक्ट्रेस ने एक बार फिर अपनी बेहद ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं और सबके होश उड़ा दिए हैं। हिना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पिंक कलर की ड्रेस में तस्वीरें शेयर की हैं। साथ में लिखा है- ग्रो, ग्लो और फ्लो यानी ग्रो करो, आगे बढ़ो, चमकते रहो और बहते रहो।'

हिना की इन तस्वीरों पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं। एकता कपूर, लता सभरवाल और सुनीता राजवर ने भी खूब प्यार लुटाया है। एक फैन ने लिखा है, 'असली फाइटर हो तुम।' एक अन्य फैन ने कमेंट लिखा, 'वॉरियर। एक और कमेंट है- कितनी सुंदर लग रही हो।' लेकिन कुछ यूजर्स ने हिना खान को ट्रोल करना शुरू कर दिया और कहा कि वह सिंपथी ले रही हैं।

वहीं हिना ने हाल ही 'स्क्रीन' से बातचीत में बताया कि कैंसर के कारण उनके हाथ से दो-तीन प्रोजेक्ट्स निकल गए। हिना के मुताबिक, कैंसर दो से तीन महीने में ठीक हो जाता है, पर उन्हें डेढ़ साल लग गया। इस वजह से उनके हाथ से दो प्रोजेक्ट्स निकल गए। पर इस दौरान उन्होंने अपनी सेहत पर ध्यान दिया।

# शाहिद की फिल्म 'देवा' के गानों को मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स



बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म 'देवा' के गानों को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स पर फैंस के प्रति आभार जताया है। शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'देवा' को लेकर चर्चा में हैं। शाहिद कपूर के मराठी रैप सॉन्ग 'मर्जी चा मालिक' और धमाकेदार ट्रैक 'भसड़ मचा' ने दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली है। इन गानों ने उनकी वर्सेटाइल अपील को और मजबूती से साबित किया है। साथ ही, उनकी आने वाली फिल्म 'देवा' के ट्रेलर ने जबरदस्त सराहना बटोरी है। शाहिद ने अपने सोशल मीडिया पर लाइव आकर अपने फैंस का दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने अपने हालिया प्रोजेक्ट्स 'देवा' को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए सभी का आभार जताया। लाइव सेशन के दौरान शाहिद कपूर इमोशन से भरे नजर आए, जब उन्होंने हर तरफ से मिल रहे प्यार और सराहना की बात की। 'देवा' के मेकर्स ने हाल ही में फैंस की भारी डिमांड पर फिल्म का मराठी रैप सॉन्ग 'मर्जी चा मालिक' लॉन्च कर दिया है। जाने-माने मलयालम फिल्म निर्देशक रोशन एंड्रयूज निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर निर्मित फिल्म 'देवा' में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की अहम भूमिका है।

# ऑस्कर में 'अनुजा' की एंट्री




**गुनीत मोंगा और प्रियंका चोपड़ा को मिली कामयाबी**

ऑस्कर्स को लेकर इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के लिए अच्छी खबर आई है। ऑस्कर 2025 की दौड़ में भारत का प्रतिनिधित्व फिल्म 'अनुजा' करेगी। गुनीत मोंगा और प्रियंका चोपड़ा की अगुवाई में बनी फिल्म 'अनुजा' को ऑस्कर 2025 में बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म की कैटेगरी में नामांकन मिला है। 97वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए गुरुवार को ऐलान कर दिया गया। बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म की कैटेगरी में अलग-अलग देशों की 180 फिल्मों के बीच तगड़ा मुकाबला था। इनमें से महज पांच फिल्में ही फाइनल राउंड में जगह बना पाई हैं। ट्रॉफी की रेस में पहुंची इन पांच फिल्मों में भारतीय फिल्म 'अनुजा' के साथ 'एलियन', 'रोबोट', 'द लास्ट रेंजर' और 'अ मैन हू वुड नॉट रीमेन साइलेंट' को शामिल किया गया है। खास बात ये गुनीत मोंगा के लिए ऑस्कर में ये तीसरी बार नॉमिनेशन है। गुनीत मोंगा इससे पहले 'द एलिफेंट व्हिस्परर' से भी जुडी रही हैं, इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को ऑस्कर के प्लेटफॉर्म पर बड़ी पहचान दिलाई थी। अब 'अनुजा' इस प्लेटफॉर्म पर क्या कमाल दिखाएगी। इसके लिए अभी इंतजार करना होगा। प्रियंका चोपड़ा ने भी इंस्टा पर पोस्ट कर फिल्म के ऑस्कर के लिए नॉमिनेट होने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसके लिए थैंक्यू बोलते हुए लिखा है- 'इनक्रेडिबल'। इस पोस्ट पर उन्होंने फिल्म में काम करने वाली एक्ट्रेस सजदा पठान और अनन्या शानबाग की एक्टिंग की भी तारीफ की है। ऑस्कर 2025 को कॉनन ओ ब्रायन होस्ट करेंगे। कॉनन ओ ब्रायन के लिए ऑस्कर के मंच पर ये पहला मौका होगा। 97वें ऑस्कर अवॉर्ड्स का आयोजन दो मार्च को लॉस एंजेल्स के डॉल्बे थिएटर में किया जाएगा। बात करें प्रियंका चोपड़ा की तो एक्ट्रेस इन दिनों मुंबई में हैं। हाल ही में हैदराबाद के फेमस बालाजी मंदिर में भी पहुंची थी। जिसकी तस्वीरें उन्होंने फैंस के साथ इंस्टाग्राम के जरिए शेयर की थी।

# क्या सारा अली खान को डेट कर रहे हैं अर्जुन प्रताप बाजवा?



सारा अली खान की लव लाइफ तब से चर्चा में है, जब से उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत के साथ 'केदारनाथ' में डेब्यू किया था। पिछले साल उनके अभिनेता और मॉडल अर्जुन प्रताप बाजवा के साथ डेटिंग करने की अफवाह उड़ी थी। उन्हें 'केदारनाथ' में उनके साथ देखा गया था। अब, एक साल बाद अर्जुन ने डेटिंग अफवाहों पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'लोगों को जो लिखना है, वे लिखेंगे।'

हाल ही में एक साक्षात्कार में अर्जुन ने चल रहीं अफवाहों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि यह उनका काम है, जबकि वह सिर्फ खुद पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'तो, लोगों को जो भी लिखना है, वे लिखेंगे। यह उनका काम है। वे अपना काम कर रहे हैं। मैं सिर्फ अपने आप पर और मुझे क्या करना है, इस पर ध्यान केंद्रित करता हूं और यह वास्तव में मुझे परेशान नहीं करता है।' इस बीच सारा ने अभी तक डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

प्रताप बाजवा पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य और राजनीतिज्ञ फतेह सिंह बाजवा के बेटे हैं। वह 'सिंह इज ब्लिंग' में सहायक थे और उन्होंने 'बैंड ऑफ महाराजा' फिल्म में काम किया है। अभिनेता और मॉडल होने के अलावा, वह फिटनेस के भी शौकीन हैं। वह एक प्रशिक्षित एमएमए फाइटर हैं।

# जाट की रिलीज डेट का ऐलान




बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जाट' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म के डायरेक्टर गोपीचंद ने अपने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को आज गुड न्यूज़ दी है। डायरेक्टर गोपीचंद ने सोशल मीडिया पर 'जाट' का एक पोस्टर भी शेयर किया है और रिलीज डेट बताई है। 'जाट' सिनेमाघरों में 10 अप्रैल को रिलीज होगी। गोपीचंद ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हर किसी के पसंदीदा एक्शन सुपरस्टार सनी देओल आ रहे हैं। एक्टर एक्शन फिल्म के साथ बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार हैं। 'जाट' 10 अप्रैल को हिंदी, तेलुगू और तमिल में दुनिया भर में रिलीज होने के लिए तैयार है। बड़े उत्सव की गारंटी है।" दिलचस्प बात ये है कि सनी देओल की फिल्म 'जाट' का अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' से क्लैश हो रहा है। इसके अलावा अजीत कुमार की फिल्म 'गुड बैड अग्ली', धनुष की फिल्म 'इडली कढ़ाई', प्रभाष की 'द राजा साब' भी 10 अप्रैल को ही रिलीज हो रही है। इस एक्शन एंटरटेनर 'जाट' में अभिनेता सनी देओल मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में सनी के साथ रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, रेजिना कैसेंड्रा, सैयामी खेर और स्वरूपा घोष जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे। 'पुष्पा 2' के साथ जाट का टीजर 12,500 स्क्रीन पर दिखाया गया था। इसे देख फैंस एक्साइटेड हैं।

अमेरिका | व्हाइट हाउस का दावा

# 500 से ज्यादा घुसपैठिए गिरफ्तार, 373 बंदी हिरासत में

## बॉर्डर पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा, लाखों भारतीय अमेरिका के निशाने पर



### » ट्रंप की नई इमिग्रेशन पॉलिसी

ट्रंप ने नई इमिग्रेशन पॉलिसी बनाई है, जिसके तहत अवैध रूप से अमेरिका में घुसे प्रवासियों को पहचान करके उन्हें उनके देश वापस भेजने का प्रावधान है। क्योंकि इन लोगों को देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया है। इनकी संख्या कई लाख में बताई जा रही है। ट्रंप ने इस बाबत एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करके नई इमिग्रेशन पॉलिसी लागू कर दी है। साथ ही अपने शपथ ग्रहण के पहले ही दिन सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा कर दी थी।

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिका ने अपनी सीमा से विभिन्न देशों के 500 से ज्यादा घुसपैठियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। व्हाइट हाउस की सूचना के अनुसार 538 घुसपैठियों को अमेरिकी सेना ने पकड़ा है। इसके अलावा 373 बंदियों को भी हिरासत में लिया गया है। व्हाइट हाउस के अनुसार इनमें से सैकड़ों लोगों को मिलिट्री एयरक्रॉफ्ट में बैठाकर वापस भेज दिया गया है। ट्रंप प्रशासन लाखों अवैध घुसपैठियों की पहचान कर वापस उनके देश भेजने की तैयारी कर चुका है। इसमें हजारों भारतीय लोग भी शामिल हैं। राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने बॉर्डर पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा कर दी थी। इसके बाद अमेरिकी सेना सीमा पर घुसपैठ को रोकने के लिए ज्यादा सतर्क हो गई है। अब अमेरिका में घुसपैठ करने वालों की खैर नहीं होगी।

# पूर्व सीएम राजे सहित कई नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

### विधायक जीवाराम चौधरी की माता के निधन पर राजे सहित कई नेता व गणमान्य लोग पहुंचे भादुरूणा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे शुक्रवार को भादरूणा पहुंची। वे विधायक जीवाराम चौधरी के माता के निधन पर उनके निवास पर जाकर शोक सभा में शामिल हुई। उन्होंने बिजरोल के खेतेश्वर जन्मस्थली मंदिर के दर्शन किए। कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुबाराम चौधरी, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, रणदीप धनखड़ उपराष्ट्रपति के भाई, पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, पूर्व मंत्री पुखराज पाराशर, ओसिया विधायक भैराराम सियोल, बिलाड़ा विधायक अर्जुनलाल, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी, चंद्रभानसिंह आकिया विधायक चितौड़गढ़, यूनुस खान विधायक डीडवाना, आबू पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, नरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक पुराराम चौधरी, पूर्व विधायक रेवदर जगसीराम कोली, जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, पूर्व जिला प्रमुख वनेसिंह गोहिल, पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्रसिंह बालावत, पूर्व विशेष योग्यजन आयुक्त धनाराम पुरोहित, टीकमसिंह राणावत, पूर्व विधायक रामलाल, सवाराम पटेल, रमिला मेघवाल, सिरोही कलक्टर अल्पा चौधरी, जालोर एसपी ज्ञानचंद यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

युवा एवं खेल विभाग के मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ बोले...

# युवाओं में आत्महत्या रोकने के लिए चलेगा विशेष अभियान, एक भी चिराग नहीं बुझे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में युवाओं की आत्महत्या के बढ़ते मामलों ने समाज और सरकार सभी को डरा दिया है। साल दर साल आत्महत्या के आंकड़े बढ़ रहे हैं। युवाओं में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति को स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और प्रतियोगी परीक्षाओं में अध्ययन कर रहे छात्रों के बीच एक चिंताजनक समस्या बन चुकी है। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में 80 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की है, जिनमें से अधिकांश 17 से 18 वर्ष की आयु के हैं। युवाओं के बढ़ते आत्महत्या के आंकड़ों से प्रदेश सरकार की भी चिंता बढ़ गई है। यही वजह है कि प्रदेश का युवा और खेल विभाग युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए अभियान चलाएगा।

### जयपुर में शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट

युवा एवं खेल विभाग के मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि युवाओं में जिस तरह की घटना सामने आ रही है। उसको लेकर जिम्मेदारी हर वर्ग की है। हम ऐसा माहौल बनाएं कि हमारे युवा भरोसे से और विश्वास से आगे बढ़ पाएं। राठौड़ ने कहा कि हार और जीत तो लगी रहती है। वह क्षण भर की होती है, इससे आगे बढ़ना अत्यंत जरूरी है। खेल और युवा विभाग जयपुर संभाग में एक पायलट प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। इसमें यूनाइटेड नेशंस की मदद ली जा रही है। इसके तहत हम एक सेंटर खोल रहे हैं। जहां युवाओं को मनोवैज्ञानिकों और करियर काउंसर की सहायता मिलेगी।

### अन्य संभागों में भी खोलेंगे

उन्होंने कहा कि पहले पायलट प्रोजेक्ट जयपुर में शुरू कर रहे हैं। बाद में इसे सब जगह लागू करेंगे। प्रयास यह किया जा रहा है कि इसको अलग-अलग संभागों तक लेकर पहुंचे और अलग-अलग शहरों के नौजवान भी इस सेंटर से मदद ले सकें। सरकार का सोच है कि निराशा में एक भी युवा के कदम आत्महत्या की ओर नहीं बढ़ने चाहिए। किसी घर का चिराग नहीं बुझना चाहिए।

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का विपक्ष पर हमला

## रेवड़ी बांटने की राजनीति से जनता परेशान

**जयपुर।** राजस्थान के उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने दिल्ली चुनावों को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों ने जनता को सिर्फ वादों के जाल में फंसाया है। राठौड़ ने अपने वीडियो संदेश के माध्यम से कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में रेवड़ी बांटने के जो वादे किए गए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए। वहीं, दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, दिल्ली में आप सरकार ने भी रेवड़ियां बांटने का काम किया, लेकिन बुनियादी समस्याएं जैसे सफाई, पानी, बिजली और प्रदूषण जस की तस बनी हुई हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी राजनीति से जनता का भला नहीं हो सकता। जनता को ऐसे नेताओं और पार्टियों से सावधान रहना चाहिए, जो सिर्फ चुनाव जीतने के लिए झूठे वादे करते हैं। दिल्ली के आगामी चुनावों के मद्देनजर यह बयान राजनीतिक सरगर्मियों को और तेज कर सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनंत सिंह का कोर्ट में सरेंडर, पहुंचे जेल



**मोकामा।** बिहार के मोकामा में बुधवार की शाम को पंचमहला थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव में हुई गोलीबारी मामले में अभियुक्त पूर्व विधायक अनंत सिंह ने बाढ़ कोर्ट में शुक्रवार को सरेंडर कर दिया। जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है। सोनू-मोनू गैंग और अनंत सिंह समर्थकों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस घटना में तीन केस दर्ज किए गए थे। सोनू सिंह को पुलिस ने शुक्रवार की सुबह ही गिरफ्तार किया था।

### ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर केसः हाईकोर्ट में लगाई याचिका

**कलकत्ता।** सीबीआई को कलकत्ता हाईकोर्ट में आरजी कर अस्पताल रेप-मर्डर मामले के दोषी संजय रॉय के लिए मौत की सजा की मांग करते हुए अपील दायर की। जस्टिस देबांगसु बसाक की खंडपीठ ने कहा कि वह 27 जनवरी को सुनवाई करेगी। साथ ही पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से भी इसी तरह की याचिका के साथ स्वीकार करने की मांग की जाएगी। सियालदह कोर्ट ने 20 जनवरी को रॉय को 9 अगस्त, 2024 को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ऑन-ड्यूटी डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर केस के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### प्रतिबंधित संगठनों के 3 सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के थौबल और इंफाल पश्चिम से अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित संगठनों के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के दो सदस्यों को गुरुवार को थौबल के उनिंगखोंग से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से पिस्तौल, गोला-बारूद, नकदी और अन्य सामान बरामद किया गया। एक और अभियान में, प्रतिबंधित कांगली यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के एक सदस्य को बुधवार को इंफाल पश्चिम के लांगोल टाइप 3 से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक जांच चल रही है।

### नरेश मीणा की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**जयपुर।** समरावता हिंसा मामले में शुक्रवार को नरेश मीणा की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता। राजेश चौधरी ने घटना के दिन का वीडियो दिखाया, जिसमें नरेश मीणा ने लोगों से लाठी-डंडे लेकर समरावता पहुंचने का आह्वान किया था। इससे पहले कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि नरेश मीणा मुख्य आरोपी है। इसके कारण पूरा घटनाक्रम हुआ। सरकारी वकील ने कहा कि आरोपी ने लोगों को आह्वान करके समरावता बुलाया था। चार्जशीट में हमने वीडियो फुटेज भी लगाए हैं। उन्होंने कोर्ट में भी वीडियो प्ले किया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई एक सप्ताह के लिए टाल दी है।

रेलवे क्लेम स्कैम : एक्शन मोड में ईडी

## 900 केस निपटाने वाले तीन वकील गिरफ्तार

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 24 जनवरी को कहा कि एजेंसी ने पटना में रेलवे दावा न्यायाधिकरण द्वारा स्वीकृत मुआवजे के कथित दुरुपयोग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तीन वकीलों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने कहा कि विद्याानंद सिंह और उनके वकीलों की टीम ने लगभग 900 मामलों का निपटारा किया, जहां न्यायाधीश आरके मित्तल द्वारा निष्पादन आदेश जारी किए गए और दावेदारों को लगभग 50 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया गया। टीम में परमानंद सिन्हा और विजय कुमार शामिल थे। ईडी ने कहा कि एजेंसी ने हाल ही में बिहार के पटना और नालंदा और कर्नाटक के मंगलुरु में न्यायाधीश आर के मित्तल और कुछ वकीलों से जुड़े चार ठिकानों पर छापेमारी की। इस घोटाले से संबंधित धन शोधन के अपराध के लिए बुधवार को तीन वकीलों विद्यानंद सिंह, परमानंद सिन्हा और विजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। तीनों को पटना में धन शोधन रोकथाम अधिनियम की विशेष अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उसका मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दर्ज की गई एफआईआर पर आधारित है। एफआईआर में पटना में रेलवे दावा न्यायाधिकरण द्वारा दायर, जांचे गए और तय किए गए मृत्यु दावा मामलों में 'बड़े पैमाने पर' अनियमितताओं और आपराधिकता का आरोप लगाया गया है।

उत्तराखंड सीएम धामी का ऐलान

## कल हो सकती यूसीसी की घोषणा

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में जल्द ही यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता (यूसीसी)) लागू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उनकी सरकार यूसीसी इसी महीने लागू करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने इतना संकेत जरुर दिया कि सरकार गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पर यूसीसी लागू करने की घोषणा कर सकती है। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बनेगा। यूसीसी की गंगा देवभूमि से निकल रही है। समान नागरिक संहिता नियमावली को मंजूरी मिल चुकी है। उत्तराखंड कैबिनेट ने 20 जनवरी को इसकी मंजूरी दी थी।

राजस्थान के बहरोड़ में तेज रफ्तार डंपर का कहर

## बाइक सवार दो लोगों को रौंदा, मौत



**बहरोड़।** कस्बे के हमीदपुर बाइपास पर शुक्रवार को तेज गति से आ रहे डंपर ने सड़क पार कर रही बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना लगते ही बहरोड़ सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को मोर्चरी में रखवाया। बहरोड़ सिटी थाना प्रभारी महेश तिवाड़ी ने बताया कि फोन के जरिए सूचना मिली कि बहरोड़ कस्बे के बाइपास रोड पर सड़क हादसा हुआ है, जिसमें दो लोग घायल हो गए हैं। मौके पर पहुंच कर दोनों लोगों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे में बाइक पूरी तरह से चकनाचूर हो गई है, जबकि डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर और बाइक को जब्त कर लिया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि दोनों बच्चे दोपहर को अपने गांव खोहरी से बहरोड़ आ रहे थे। इसी दौरान बहरोड़ बाइपास पर तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमे नितिन और मोहित की मौके पर ही मौत हो गई है। गांव के दो युवाओं की एक साथ मौत की घटना से गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### स्पीड ब्रेकर की कई बार कर चुके मांग

बहरोड़ कस्बें में भीड़भाड़ को देखते हुए सरकार ने बहरोड़-नारनोल तसिंग मार्ग पर वाहनों का लोड कम करने के लिए बाइपास बनवाया था। स्पीड ब्रेकर को लेकर ग्रामीणों ने कई बार विधायक की जनसुनवाई में ब्रेकर बनवाने की मांग की थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण शुक्रवार को दो युवाओं को अपनी जान गंवानी पड़ी। लोगों का आरोप है कि समय रहते इस मार्ग पर ब्रेकर बन जाता तो यह हादसा नहीं होता।

## बाघ के हमले से महिला की मौत

**वायनाड।** केरल के वायनाड में बाघ के हमले में राधा (47) नाम की महिला की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना शुक्रवार सुबह मनंतवडी गांव में प्रियदर्शिनी एस्टेट में हुई। घटना के वक्त राधा एस्टेट में कॉफी तोड़ रही थी। केरल के वन मंत्री ए के ससींद्रन ने गुरुवार को ही विधानसभा में दावा किया था कि राज्य में मानव-पशु संघर्ष कम हो रहा है और सरकार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। वहीं, घटना के बाद राधा के शव को परिवार ने पोस्टमार्टम के लिए देने से मना कर दिया और हंगामा किया। लोगों ने पुलिस-प्रशासन से बाघ को पकड़ने की मांग की है। राज्य के एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग कल्याण मंत्री ओ आर केलू ने पीड़ित परिवार को 11 लाख रुपए की मदद का ऐलान किया। साथ ही कहा है कि बाघ को मारने या पकड़ने का आदेश जारी किया गया है।

## नीट पास नहीं कर पाया, तो आमेर मावठे में लगाई छलांग

### सिविल डिफेंस की टीम ने युवक को बचाया

**जयपुर।** जयपुर में शुक्रवार दोपहर एक युवक ने सुसाइड का प्रयास किया। युवक ने आमेर मावठा में छलांग लगा थी। सिविल डिंफेस टीम ने तुरंत रेस्क्यू कर युवक को पानी से बाहर निकाल जान बचाई। आमेर थाना पुलिस की पूछताछ में युवक ने नीट क्लियर नहीं होने से अवसाद में होना बताया है। एसएचओ (आमेर) अंतिम शर्मा ने बताया कि आमेर के नाटाटा के रहने वाले युवक (22) ने सुसाइड का प्रयास किया। शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे वह आमेर मावठा पहुंचा। मावठा के पास खड़े होकर कुछ देर इधर-उधर देखने के बाद छलांग लगा दी। पानी की आवाज सुनकर लोग पहुंचे। युवक डूबते दिखाई दिया। लोगों के शोर मचाने पर मावठा के पास तैनात सिविल डिफेंस टीम ने तुरंत एक्शन लिया। मावठे में उतर रेस्क्यू कर तुरंत पानी में डूबते युवक को पकड़ लिया। सिविल डिफेंस टीम ने महज 10 मिनट की मशक्कत कर रस्सी की मदद से युवक को पानी से बाहर निकाला। आमेर थाना पुलिस भी सूचना पर तुंरत आमेर मावठा पहुंची। पुलिस पूछताछ में युवक ने बताया कि वह पिछले काफी समय से नीट एग्जाम की तैयारी कर रहा है। नीट क्लियर नहीं होने के चलते पिछले काफी दिनों से अवसाद में चल रहा था। वह आर्मी में जाना चाहता है, लेकिन उसके परिजन डॉक्टर बनाने के पीछे लगे है।

## वक्फ संशोधन बिलः जेपीसी की बैठक में हंगामा

### ओवैसी-कल्याण सहित 10 सांसद सस्पेंड



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल पर बनी जेपीसी की बैठक में हंगामा हो गया है। इस हंगामे को देखते हुए मार्शल बुलाए गए। असदुद्दीन ओवैसी और कल्याण बनर्जी समेत 10 विपक्षी सांसदों को जेपीसी सदस्यता से एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। विपक्षी सांसदों का आरोप है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। जेपीसी में विपक्षी दलों के सांसदो को निलंबित करने का प्रस्ताव बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे लाए थे। चेयरमैन जगदंबिका पाल ने उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

#### » सस्पेंड सांसदों के नाम

जिन सांसदों को सस्पेंड किया गया, उनमें असदुद्दीन ओवैसी, इमरान मसूद, कल्याण बनर्जी, अरविंद सावंत, नासिर हुसैन, ए राजा, मोहिबुल्लाह नदवी, एमएम अब्दुल्ला, नदीमुल हक, मोहम्मद जावेद का नाम शामिल है। 10 सदस्यों को शुक्रवार भर के लिए सस्पेंड कर दिया था।

#### » विपक्षियों के हंगामे का कारण

वक्फ पर बनी जेपीसी में विपक्षी दलों के सदस्यों द्वारा हंगामे के पीछे का मुख्य कारण समिति के सदस्यों की ये मांग थी कि रिपोर्ट एडॉप्ट की तारीख को 31 जनवरी किया जाए। क्लॉज दर क्लॉज अमेंडमेंट पर चर्चा के लिए पहले 24 और 25 की तारीख तय की गई थी। लेकिन गुरुवार की देर रात वो तिथि चेंज करके 27 कर दी गई थी। विपक्षी सांसदों की ये मांग थी कि बैठक 31 जनवरी कर दिया जाए। समिति के अध्यक्ष विपक्षी दलों के सांसदों की मांग के लिए तैयार नहीं थे।

झारखंड में सरकारी नौकरी घोटाला!

## 2.07 लाख नौकरी खत्म, सोरेन सरकार पर बाबूलाल मरांडी का आरोप

**रांची।** झारखंड सरकार पर सरकारी नौकरी घोटाला का आरोप लगा है. यह आरोप बीजेपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि घोटालों और भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात हेमंत सोरेन सरकार ने बेरोजगारों को नया तोहफा दिया है। मरांडी ने कहा है कि नौकरी का वादा करते-करते इस सरकार ने सरकारी नौकरी के पद ही खत्म कर दिए। यह झारखंड सरकार का नया घोटाला है। सरकारी रिक्त पद घोटाला। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर भी इस संबंध में एक पोस्ट किया है। पोस्ट के अंत में लिखा है हेमंत सोरेन जी, दीमक की तरह झारखंड के युवाओं का भविष्य खोखला मत करिए। पिछले दो सालों में रिक्त पदों की संख्या 4.66 लाख से घटकर 1.59 लाख रह गई है। झारखंड सरकार ने कोई परीक्षा नहीं कराया। कोई भर्ती नहीं हुई। सरकार युवाओं के दो लाख सात हजार नौकरी खा गई।

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की रिपोर्ट

# एशिया के 25 करोड़ बच्चे नहीं जा सके स्कूल




**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल खराब मौसम (हीटवेव, बाढ़, चक्रवातों, अत्यधिक बरिश) के कारण 85 देशों में लगभग 242 मिलियन यानी 24 करोड़ 20 लाख बच्चों की स्कूली शिक्षा बाधित हुई है। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने कहा कि बच्चे मौसम को लेकर अधिक संवेदनशील होते हैं और उनपर इसका प्रभाव भी पड़ता है। कैथरीन रसेल ने कहा कि बड़ों की तुलना में बच्चे मौसम के बदलाव के कारण तेजी से प्रभावित होते हैं। भीषण गर्मी के कारण बच्चे क्लास में ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते हैं। रास्ते में पानी भर गया हो या स्कूल बह गया हो तो वो स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। शिक्षा उन सेवाओं में से एक है जो जलवायु संबंधी खतरों के कारण सबसे अधिक बार बाधित होती है। इतना सबकुछ होते हुए भी नीतिगत चर्चाओं में इस समस्या को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

#### » 171 मिलियन बच्चे हीटवेव से हुए प्रभावित

कई रिपोर्टों से पता चलता है कि हीटवेव, चक्रवातों, बाढ़ और अन्य मौसमी गतिविधियों के कारण कक्षाएं स्थगित करनी पड़ी हैं, छुट्टियां बढ़ानी पड़ी हैं, स्कूल खोलने में देरी हुई है यहां तक कि स्कूल क्षतिग्रस्त या नष्ट भी हुए हैं। कम से कम 171 मिलियन बच्चे हीटवेव से प्रभावित हुए हैं। बांग्लादेश, कंबोडिया, भारत, थाईलैंड और फिलीपींस में तापमान बहुत बढ़ने के कारण अप्रैल में 118 मिलियन बच्चे हीटवेव से प्रभावित हुए हैं। फिलीपींस में गर्मी के दौरान हजारों स्कूल बंद कर दिए गए थे, क्योंकि इन स्कूलों में एसी नहीं थे। पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र में विनाशकारी तूफान यागी के कारण 18 देशों में कक्षाएं रद्द कर दी गईं।

#### » 2050 में कैसा होगा हाल

यूनिसेफ के अनुमान के अनुसार अगर ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन इसी प्रकार जारी रहा, तो 2050 में आज के समय से आठ गुना अधिक बच्चे हीटवेव का सामना करेंगे। तीन गुना से अधिक लोग भीषण बाढ़ और 1.7 गुना अधिक लोग जंगली आग की चपेट में आएंगे। यूनिसेफ ने ऐसी कक्षाओं में निवेश का आह्वान किया है जो जलवायु संबंधी खतरों के प्रति अधिक प्रतिरोधी हों।

#### » दक्षिण एशिया की स्थिति

दक्षिण एशिया जलवायु के कारण सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र था, जहां 128 मिलियन स्कूली बच्चे प्रभावित हुए। भारत में हीटवेव के कारण सबसे अधिक 54 मिलियन बच्चे प्रभावित हुए। जबकि, बांग्लादेश में 35 मिलियन बच्चे हीटवेट से प्रभावित हुए। तापमान में वृद्धि के कारण आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है। विश्व के आधे बच्चे (लगभग एक अरब) ऐसे देशों में रह रहे हैं, जहां जलवायु परिवर्तन का खतरा अधिक है।


स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com